WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

नव प्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

रायपुर, शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025 कृष्ण पक्ष- चर्तुदशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 301 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

दफन शव को बाहर निकालते ही बेकाबू हुए आदिवासी... माहौल खराब होते देख प्रशासन ने किया लाठीचार्ज

बड़ेतेवड़ा सरपंच के घर और प्रार्थना भवन में लगाई आग

- **तीन दिन से सुलगता रहा बड़ेतेवड़ा लायन आर्डर नहीं संभाल पाए अधिकारी**
- **मुख्यालय से जवानों को भेजा गया आमाबेड़ा हालात बेहद तनावपूर्ण**

कांकेर /नवप्रदेश । कांकेर जिले के आमाबेड़ा के गांव के बड़ेतेवड़ा में बीते दो दिनों से धर्मांतरित व्यक्ति के शव दफन को लेकर स्थिति तनावपूर्ण रही है। भारी विरोध के बाद आज प्रशासन ने शव को कब्र से निकाला। वहीं ग्रामीणों में अभी भी आक्रोश है। आक्रोशित भीड़ ने विरोध प्रदर्शन करते हुए चर्च में तोडफ़ोड़ की और आग भी लगा दी। इसके अलावा सरपंच के घर में भी तोड़ फोड़ करते हुए घर में। आग लगा दिया गया। इस दौरान पुलिस से झड़प भी हुई। स्थिति को नियंत्रित करने पुलिस ने देर शाम लाठीचार्ज कर दिया। गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। आग पर काबू पा लिया गया है। वही ग्रामीणों और पुलिस के लाठी चार्ज के दौरान एडी. एसपी को चोट लगने की खबर मिली है। आमाबेड़ा टीआई भी घायल हुए है।

अधिकारी इस मामले को लेकर कुछ भी बोलने से फिलहाल बच रहे है।

अस्पताल में उपचार के दौरान मौतः पूरा मामले की बात करे तो बड़ेतेवड़ा गांव के सरपंच रजमन सलाम के पिता चमराराम सलाम की रविवार को अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सरपंच ने अपने पिता का कफन दफन गांव में ही कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शव दफन को लेकर ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात,...

गुरुवार को फिर आक्रोशित ग्रामीण शव को कब्र से निकालकर दूसरे जगह अंतिम संस्कार करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। बता दें कि आदिवासी समाज दो फाड़ हो चुके हैं। दोनों में धर्मांतरण को लेकर आग जल रही है। एक तरफ मूल आदिवासी हैं जो धर्मांतरित आदिवासी परिवार के व्यक्ति के अंतिम संस्कार का विरोध कर रहे हैं। दूसरी ओर ईसाई परिवार है जो अपने खेत में जिस व्यक्ति का अंतिम संस्कार किया है उसके शव को निकालने नहीं दे रहे हैं। भारी विरोध के बीच प्रशासन ने शव को कब्र से निकालकर बाहर भेजा। अब भी हजारों ग्रामीण लाठी डंडे से लैस होकर गांव में डटे ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

आखिर जिम्मेदारों ने पहले एक्शन क्यों नहीं लिया..

बता दें कि आमाबेड़ा के बड़ेतेवड़ा में दो समुदाय के बीच घटित घटना जो उग्र रूप में तब्दील हुई उग्र बवाल होने के पहले प्रशासन ने लायन आर्डर को समय पर रहते सुलझा लिया होता तो आज बड़ेतेवड़ा में जो हालात हुआ है वह बिल्कुल नहीं होता । जो प्रक्रिया आज हुई वही प्रक्रिया दो दिन पहले एक्शन लिए जाते तो उग्र बवाल लाठी डंडे नहीं चले होते। अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर कांकेर जिले के प्रशासनिक अधिकारी समय रहते इस स्थिति से निपट लिए होते तो आज भी माहौल सामान्य होता लेकिन प्रशासन की लापरवाही कहे कि बीते तीन दिन तक आमाबेड़ा के बड़ेतेवड़ा सुलगता रहा प्रशासन आंखे मूंद तमाशाबिन बनी रही..!

आज बेबाक

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वी राज चव्हाण ने भारतीय सेना के पराक्रम पर सवालिया निशान लगाकर सेल्फ गोल कर लिया है। नाम तो उनका वीर राजा पृथ्वीराज चौहान पर रखा गया है लेकिन वह खुद को मोहम्मद गोरी साबित कर रहे हैं। उनका कहना है कि आपरेशन सिंदूर में पहले दिन भारत की हार हुई थी। भारतीय सेना के शौर्य पर प्रश्न चिन्ह लगाकर उन्होंने कोई नया काम नहीं किया है। विपक्ष के कई नेता पहले भी ऐसे बयान देकर पाकिस्तान की पैरोकारी कर चुके हैं। सच है कि ऐसे दोस्त हों तो दुश्मनों की क्या जरूरत है ?

हंगामे के बीच विकसित भारत जी-राम-जी बिल लोकसभा से पास

विपक्ष ने कागज फाड़े; शिवराज बोले- चुनावी फायदे के लिए जोड़ा था गांधी का नाम

नई दिल्ली/वार्ता। विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल यानी विकसित भारत जी-राम-जी पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने लोकसभा में जवाब दिया। इस दौरान विपक्ष बिल के विरोध में जमकर नारेबाजी की। विपक्षी सांसद वेल में पहुंच गए और कागज फेंके। हंगामे के बीच बिल ध्वनिमत से पास हो गया। शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मनरेगा का नाम पहले पहले महात्मा गांधी के नाम पर नहीं रखा गया। वो तो पहले नरेगा थी। बाद में जब 2009 के चुनाव आए तब चुनाव और वोट के कारण महात्मा गांधी याद आए। बापू याद आए। तब उसमें जोड़ा गया महात्मा गांधी। इससे पहले विपक्ष ने इस बिल के विरोध में संसद परिसर में मार्च निकाला। इसमें विपक्ष के 50 से ज्यादा सांसदों ने हिस्सा लिया और विकसित भारत जी-राम-जी बिल वापस लेने के नारे लगाए। बुधवार को लोकसभा में विकसित भारत जी-राम-जी बिल पर 14 घंटे चर्चा हुई। कार्यवाही देर रात 1:35 बजे ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

कई योजनाओं का नाम नेहरू परिवार पर रखा

कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा, कितनी योजनाओ का नाम नेहरू परिवार पर रखा गया। राजीव जी के नाम पर 55 राज्य सरकार की योजनाओं के नाम रखे गए। 74 सड़कों के नाम राजीव पर, 15 नेशनल पार्क नेहरू जी के नाम पर रखे गए। नाम रखने की सनक कांग्रेस की है। बता दें कि कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने 16 दिसंबर को कहा कि हम इस बिल का विरोध करते हैं।

जी राम जी बिल को स्टैंडिंग कमेटी को भेजें

कांग्रेस के सांसद केजी वेणुगोपाल ने स्पीकर से कहा कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक को किसी स्थायी समिति या संयुक्त संसदीय समिति को भेजा जाए। हालांकि, अध्यक्ष ने यह कहते हुए अनुरोध अस्वीकार कर दिया कि इस विधेयक ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

इस बिल की 3 खासियतें

- रोजगार की गारंटी 100 से बढ़ाकर 125 दिन होगी।
- पहले खर्चा केंद्र उठाता था। अब राज्यों को भी 10 से 40 फीसदी तक पैसा देना होगा।
- बोवाई/कटाई (60 दिन) के समय रोजगार नहीं, ताकि मजदूर उपलब्ध रहें।

प्रतिभूति बाजार संहिता विधेयक 2025 पेश

लोकसभा में गुरुवार को प्रतिभूति बाजार संहिता विधेयक 2025 पेश किया गया और इसे स्थायी समिति में भेजने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से आग्रह किया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सदन के समक्ष प्रतिभूति बाजार संहिता विधेयक 2025 को पेश करने के लिए रखा जिसका विपक्षी दलों ने विरोध किया।

पीएम मोदी को ओमान का सर्वोच्च सम्मान

'भारत ने नीतियों के साथ-साथ आर्थिक डीएनए भी बदला है' : पीएम मोदी

मस्कट(वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ओमान दौरे का आज दूसरा दिन है। आज पीएम मोदी की मौजूदगी में भारत-ओमान के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। इसे लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस समझौते से 21वीं सदी में भारत-ओमान की साझेदारी में नया विश्वास और उत्साह का संचार होगा।

भारत-ओमान बिजनेस फोरम को पीएम मोदी ने किया संबोधितः पीएम मोदी ने भारत-ओमान बिजनेस फोरम के कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा, भारत-ओमान साझेदारी को ये सम्मेलन नई दिशा, नई गति देगा और दोनों देशों के संबंध नई बुलंदियों पर पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, सभ्यता के आरंभ से ही हमारे पूर्वज एक दूसरे के साथ समुद्र के जरिए व्यापार करते रहे हैं। मांडवी और मस्कट के बीच अरब सागर एक मजबूत पुल बना। इस पुल ने हमारे रिश्तों ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

ओमान से स्वदेश रवाना हुए प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओमान से भारत के लिए रवाना हो गए। हवाई अड्डे पर ओमान के रक्षा मामलों के उप प्रधानमंत्री, सैय्यद शिहाब बिन तारिक अल सईद उन्हें विदा करने पहुंचे। दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को परिलक्षित करती गर्मजोशी स्पष्ट दिखी। दोनों नेताओं ने हाथ मिलाया और एक-दूसरे को गले लगाया। इस दौरान ओमान के उप प्रधानमंत्री को पारंपरिक भारतीय अभिवादन नमस्ते करते हुए भी देखा गया, जबकि पीएम मोदी ने हाथ हिलाकर विदा ली।

नितिन नबीन ने उपराष्ट्रपति से की शिष्टाचार भेंट

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का दायित्व संभालने के बाद नितिन नबीन लगातार वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन ले रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को उन्होंने उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात उपराष्ट्रपति के आवास पर हुई, जहां दोनों नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण बातचीत हुई।

राष्ट्रपति और पीएम ने मूर्तिकार राम सुतार के निधन पर जताया दुख

नई दिल्ली (आईएएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को डिजाइन करने वाले मशहूर मूर्तिकार राम सुतार के निधन पर दुख प्रकट किया। विश्व प्रसिद्ध मूर्तिकार राम सुतार का निधन सौ साल की उम्र में हो गया। उन्होंने नोएडा स्थित अपने आवास पर बुधवार की रात अंतिम सांस ली। उनके निधन से देशभर में शोक की लहर है।

झारखंड के नए चीफ जस्टिस होंगे सोनक

रांची /नवप्रदेश। जस्टिस एमएस सोनक झारखंड हाईकोर्ट के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। इस पद पर उनकी नियुक्ति झारखंड हाईकोर्ट के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस तरलोक सिंह चौहान की 8 जनवरी 2026 को सेवानिवृत्ति के बाद होगी। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की बैठक में लिया गया।

कांग्रेस ने बुलाई कार्यसमिति की बैठक

नयी दिल्ली (वार्ता) कांग्रेस आलाकमान ने 27 दिसंबर को यहां कार्यसमिति की बैठक बुलायी है जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा अन्य सदस्य शामिल होंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार मोदी सरकार की ओर से संसद में मनरेगा के स्थान पर विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन वीबी -जी राम-जी विधेयक 2025 लाये जाने और अधिनियम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाये जाने के मुद्दे पर कार्यसमिति में विस्तृत चर्चा की जायेगी।

रिटायरमेंट से पहले जजों का ताबड़तोड़ फैसले सुनाना दुर्भाग्यपूर्ण : सुप्रीम कोर्ट

- **ऐसा लगता है कि जज लास्ट ओवर में छक्के मार रहे हैं**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को न्यायपालिका में भ्रष्ट आचरण को लेकर अप्रत्यक्ष रूप से अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने भ्रष्टाचार का जिक्र किए बिना कहा कि रिटायरमेंट से ठीक पहले जजों का बाहरी कारणों से प्रभावित होकर ताबड़तोड़ फैसला सुनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा- कुछ जजों में रिटायरमेंट से चंद दिनों पहले बहुत ज्यादा आदेश पारित करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। वे आदेश ऐसे सुनाते हैं, जैसे मैच के अंतिम ओवर में छक्के मार रहे हों। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी मध्य प्रदेश के एक प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज की याचिका पर सुनवाई के दौरान की।

जज की दलील- न्यायिक करियर हमेशा बेदाग रहा

याचिकाकर्ता जज का रिटायरमेंट 30 नवंबर को होना था। उन्हें 19 नवंबर को दो न्यायिक आदेशों के आधार पर निलंबित किया गया। उनकी ओर से पेश सीनियर एडवोकेट विपिन सांघी ने कहा कि जज का करियर बेदाग रहा है। सांघी ने दावा किया कि सालाना रिपोर्टों में जज को लगातार हाई रेटिंग मिली है।

जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, 3 ढेर

सुकमा /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षा बल के जवानों ने 3 नक्सलियों को ढेर कर दिया है. डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) के जवान आज सुबह गोलापल्ली क्षेत्र में सर्चिंग करने पहुंचे थे। इसी दौरान सिंगनमरागु इलाके में नक्सलियों से मुठभेड़ शुरू हो गई. डीआरजी के जवान माओवादियों की मांद में घुसकर उनका खात्मा कर रहे हैं। इलाके में दोनों ओर से रुक-रुक कर फायरिंग जारी है। जानकारी के अनुसार, सुरक्षा बल के जवान नक्सल विरोधी अभियान के तहत जंगल में सर्चिंग के लिए निकले थे. इस दौरान वहां माओवादियों के साथ उनकी मुठभेड़ हुई. इस मुठभेड़ में अब तक 3 नक्सली मारे गए हैं. मारे गए नक्सलियों में किस्टाराम एरिया कमेटी से जुड़े तीन माओवादी शामिल हैं। पूरे ऑपरेशन की मॉनिटरिंग सुकमा एसपी किरण चव्हाण स्वयं कर रहे हैं।

चैतन्य की याचिका पर सुनवाई टली, सुको बोला- टुकड़ों में नहीं हो सकती सुनवाई

रायपुर/नवप्रदेश। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की कथित शराब घोटाले में गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी। कोर्ट ने कहा कि मामले की सुनवाई टुकड़ों में नहीं की जा सकती। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा कि वह अगले साल जनवरी के पहले सप्ताह में मामले की सुनवाई करेगी।

चैतन्य बघेल को प्रवर्तन निदेशालय ने 18 जुलाई 2025 को कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को सही ठहराने वाले छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के 17 अक्टूबर के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इसके अलावा उन्होंने धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 50 समेत कानून के कुछ प्रावधानों की संवैधानिक ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

कपिल सिब्बल का आरोप: जांच एजेंसियों की मनमानी गिरफ्तारी

सुनवाई के दौरान चैतन्य बघेल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कोर्ट में कहा कि जांच एजेंसियां मनमाने ढंग से गिरफ्तारी कर रही हैं और जांच लगातार जारी रखती हैं। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति को रिहा किए जाने के बाद दूसरा वारंट जारी कर दिया जाता है और अब ओपन-एंडेड वारंट का चलन हो गया है। उन्होंने मांग की कि किसी भी तरह के दंडात्मक कदम न उठाए जाएं।

गरमा-गरम

गुरु घांसीदास जयंती... लालपुर में महाविद्यालय की घोषणा सहित विकास कार्यों की सौगात, सरकार प्रत्येक पात्र किसान से धान खरीदी के लिए पूर्णत: संकल्पित

बाबा के बताए मार्ग पर चलकर ही बनेगा विकसित छत्तीसगढ़: सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। बाबा गुरु घासीदास द्वारा बताए गए सत्य, समानता और मानवता के मार्ग पर चलकर ही छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार महापुरुषों के आदर्शों और सपनों के अनुरूप समतामूलक, न्यायपूर्ण और समृद्ध छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज मुंगेली जिले के लालपुर में आयोजित गुरु घासीदास जयंती एवं तीन दिवसीय मेला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर लालपुर में नवीन महाविद्यालय की स्थापना, मेला एवं कार्यक्रम आयोजन हेतु दी जाने वाली राशि को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 15 लाख रुपये ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

हिंसा से मुक्त और समृद्ध बस्तर हमारा संकल्प : साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि बस्तर को हिंसा से मुक्त कर शांति, विकास और विश्वास के मार्ग पर आगे बढ़ाना राज्य सरकार का दृढ़ संकल्प है। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि जिला सुकमा के गोंदीगुड़ा क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा की गई सटीक, साहसिक और सफल कार्रवाई ने माओवादी नेटवर्क को करारा झटका दिया है। यह कार्रवाई इस बात का स्पष्ट संकेत है कि बस्तर में हिंसा के दिन अब समाप्ति ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस जनता का विश्वास खो चुकी है: साय

भिलाई/नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गुरुवार को समाज सुधारक और सतनाम पंथ के संस्थापक गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर भिलाई पहुंचे। इस दौरान सेक्टर-6 स्थित सतनाम भवन में उन्होंने गुरु घासीदास को समाज में दिए उनके योगदान के लिए याद किया। इस अवसर पर सतनाम समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सतनाम धाम के निर्माण के लिए 50 लाख रुपए और इसके संचालन के लिए प्रतिवर्ष 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने सभी को गुरु घासीदास जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भिलाई के इस कार्यक्रम में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य की बात है। प्रदेश में भाजपा कार्यालय के घेराव को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कांग्रेस भारत की जनता का विश्वास खो चुकी है। जो पार्टी कभी देश और प्रदेश में एकछत्र राज करती थी, आज सिमट कर रह गई है।

औषधीय एवं सुगंधित पौधों के कृषिकरण में छत्तीसगढ़ का उत्कृष्ट प्रर्शन

■ तीन जिलों को मिलेनियर फार्मर ऑफ इंडिया-2025 अवॉर्ड

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के मार्गदर्शन में औषधीय एवं सुगंधित पौधों के कृषिकरण के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए छत्तीसगढ़ के तीन जिले धमतरी, मुंगेली एवं गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही को मिलेनियर फार्मर ऑफ इंडिया-2025 अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवाचार आधारित कृषि विकास पर मिली इस अवार्ड के लिए तीनों जिले के साथ प्रदेश के विभिन्न कृषि क्षेत्र के विकास में योगदान देने वालों को बधाई दी है द्य

भारतीय कृषि का 'ऑस्कर' अवार्ड: कृषि जागरण संस्था एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संयुक्त तत्वाधान में 7 से 9 दिसंबर 2025 तक नई दिल्ली स्थित आईएआरआई, पूसा मैदान में इस प्रतिष्ठित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवॉर्ड को भारतीय कृषि का 'ऑस्कर' भी कहा जाता है।

वन मंत्री केदार कश्यप ने इस अवार्ड के लिए तीनों जिलों को दी बधाई: वन मंत्री केदार कश्यप ने तीनों जिलों को बधाई देते हुए कहा कि औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती से आदिवासी अंचलों में रोजगार और आय के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। यह उपलब्धि राज्य के किसानों और महिला समूहों के लिए प्रेरणास्रोत है।

औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती से जुड़ी गतिविधियों का प्रदर्शन

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा स्टॉल के माध्यम से राज्य में औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती से जुड़ी गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ के पारंपरिक वैद्यों ने जड़ी-बूटियों के माध्यम से देश-विदेश से आए लोगों को पारंपरिक उपचार पद्धतियों की जानकारी और परामर्श प्रदान किया। बोर्ड का स्टॉल कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा।

औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने नवाचार आधारित कृषि विकास से मिली इस उपलब्धि पर बधाई दी है

छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने इस सफ्लता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बोर्ड द्वारा संचालित योजनाएं किसानों और महिला स्व-सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बना रही हैं। भविष्य में भी औषधीय एवं सुगंधित पौधों के कृषिकरण को और विस्तार दिया जाएगा।

कृषि क्षेत्र में निजी निवेशकों के माध्यम से आजीविका विकास में प्रशासनिक उत्कृष्टता के लिए मिला सम्मान: बोर्ड के सहयोग से धमतरी, मुंगेली एवं गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिलों में लेमनग्रास, खस सहित अन्य औषधीय एवं सुगंधित पौधों का कृषिकरण स्थानीय प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है। इससे स्थानीय महिला स्व-सहायता समूहों एवं किसानों की आजीविका को मजबूती मिली है। इन सफ्ल प्रयासों के लिए तीनों जिलों को ÷कृषि क्षेत्र में निजी निवेशकों के माध्यम से आजीविका विकास में प्रशासनिक उत्कृष्टता÷ के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया।

भारत सरकार के गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के करकमलों से अवॉर्ड प्रदान किया

समापन सत्र में 9 दिसंबर 2025 को भारत सरकार के गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के करकमलों से यह अवॉर्ड प्रदान किया गया। मुंगेली जिले की ओर से वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार तथा धमतरी एवं गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले की ओर से जिला कलेक्टरों के प्रतिनिधियों ने यह सम्मान ग्रहण किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. विजय कुमार सारस्वत सदस्य, नीति आयोग, और डॉ. एमएल जाट महानिदेशक, ICAR ने किया। उनके साथ सम्मानित अतिथि डॉ. राजबीर सिंह डीडीजी कृषि विस्तार, द्धष्टक्र और डॉ. एसके मल्होत्रा कुलपति, रूा, करनाल उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र में कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिनमें जेएसीएस राव सीईओ, छत्तीसगढ़ राज्य औषधीय पादप बोर्ड डॉ. ओमवीर सिंह सलाहकार, भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड और NDDB; कमल सोमानी, एमडी, सोमानी सीड्स, डॉ. सीके टिंबाडिया कुलपति, GNFOAU डॉ. ए.के. यादव सलाहकार, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय; बीजू अल्बिन कृषि विज्ञानी, दुबई के शासक का निजी कार्यालय; पूर्व एमसी डोमिनिक संस्थापक और प्रधान संपादक, कृषि जागरण; शाइनी डोमिनिक प्रबंध निदेशक, कृषि जागरण और ममता जैन, संपादक और सीईओ कृषि जागरण और एग्रीकल्चर वर्ल्ड शामिल थे। यह आयोजन देश-विदेश के कृषि विशेषज्ञों, नीति-निर्माताओं, किसानों और उद्योग प्रतिनिधियों का बड़ा मंच बना, जिसने नवाचार आधारित कृषि विकास को नई दिशा दी।

डिप्टी सीएम ने डंप-साइट का किया निरीक्षण

कचरा निपटान एवं प्रोसेसिंग का किया अवलोकन, 31 मार्च तक काम पूरा करने एजेंसी को सख्त निर्देश

■ तेजी से काम पूरा करने मशीनरी और मानव संसाधन बढ़ाने कहा, लाइव फीड के माध्यम से खुद भी करेंगे मॉनिटरिंग

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने आज सवेरे रायपुर में सरोना डंप-साइट का निरीक्षण किया। उन्होंने डंप-साइट में कचरा निपटान एवं प्रोसेसिंग के कार्यों को देखा। साव ने बायो-रिमिडिएशन कार्य की गति पर असंतोष जाहिर करते हुए एजेंसी को 31 मार्च 2026 तक काम पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने तेजी से काम पूरा करने मशीनरी और मानव संसाधन बढ़ाने को कहा। उन्होंने एजेंसी को फ्टकार लगाते हुए कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही और ढिलाई पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। साव के निरीक्षण के दौरान नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस., महापौर मीनल चौबे, निगम आयुक्त विश्वदीप और सूडा के सीईओ शशांक पाण्डेय भी मौजूद थे।

उप मुख्यमंत्री साव ने सरोना डंप-साइट में बायो-रिमिडिएशन कार्य की निगरानी के लिए साप्ताहिक कार्ययोजना तैयार करने तथा प्रगति की रिपोर्ट उप मुख्यमंत्री कार्यालय, महापौर, राज्य शासन एवं सूडा (राज्य शहरी विकास अभिकरण) के सीईओ (सूडा) को नियमित रूप से भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने लाइव फीड के जरिए खुद भी कार्यों की मॉनीटरिंग की बात कही। साव ने रायपुर नगर निगम के अधिकारियों को प्रतिदिन साइट पर भौतिक प्रगति की समीक्षा करने तथा शासन स्तर पर लाइव फीड और ड्रोन के माध्यम से निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

सरोना डंप-साइट का बायो-रिमिडिएशन स्वच्छ भारत मिशन के तहत देश भर में लेगेसी वेस्ट डंप-साइट्स के रिमिडिएशन और उन्हें स्वच्छ, रहने योग्य शहरी स्थानों में बदलने के लिए एक व्यापक राष्ट्रव्यापी प्रयास का हिस्सा है। रायपुर नगर निगम के इस कार्य से शहर स्वच्छ और सुंदर बनने के साथ ही यह प्रदेशभर के जनप्रतिनिधियों तथा अन्य नगरीय निकायों को भी प्रोत्साहित करेगा। अन्य निकाय भी इससे प्रेरित होकर अपशिष्ट के व्यवस्थित तथा वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए ठोस कदम उठाएंगे।

हरित क्षेत्र के रूप में विकसित होगा सरोना डंप-साइट

सरोना डंप-साइट के वैज्ञानिक और चरणबद्ध रिमिडिएशन के बाद इसे रायपुरवासियों के लिए हरित क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। साव ने साइट के निरीक्षण के बाद कहा कि इसे कचरे के ढेर से पूरी तरह मुक्त कर एक मॉडल रेमिडिएटेड साइट के रूप में विकसित किया जाएगा। इसका सौंदर्यीकरण कर शहर के लिए एक आदर्श उदाहरण बनाया जाएगा। स्वच्छता अभियान को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ यह राजधानी रायपुर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

वर्षों से जमे अपशिष्ट का किया जा रहा वैज्ञानिक प्रसंस्करण

28 एकड़ में फैला सरोना डंप-साइट लंबे समय से पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का कारण रहा है। पिछले 20 वर्षों से शहर का कचरा यहां जमा होता रहा है। वर्षों तक अपशिष्ट का ढेर जमा होने से भूजल प्रदूषण, दुर्गंध, मच्छरों का प्रजनन और आसपास के निवासियों के लिए अस्वस्थ वातावरण जैसी गंभीर चुनौतियाँ सामने आ रही थी। इससे बचने डंप-साइट पर जमा अपशिष्ट का वैज्ञानिक प्रसंस्करण करना अत्यंत आवश्यक था। रायपुर नगर निगम ने सरोना डंप-साइट पर जमे साढ़े चार लाख टन अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रसंस्करण के लिए कार्ययोजना तैयार की है। यहां से अब तक चार लाख 30 हजार लाख टन अपशिष्ट का बायो-रिमिडिएशन कर जमीन को फ्रि से उपयोग के लायक बनाया गया है।

मुख्यमंत्री साय से मास्टर एथलीट फेडरेशन ऑफइंडिया के प्रतिभागियों ने की सौजन्य भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विगत दिवस छत्तीसगढ़ विधानसभा के कार्यालय कक्ष में मास्टर एथलीट फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रतिभागियों के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। मास्टर एथलीट फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा 5 से 9 नवम्बर तक चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन किया।

इस प्रतियोगिता में प्रदेश के भिलाई, बिलासपुर, महासमुंद और बस्तर से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया और विभिन्न स्पर्धाओं में जीत हासिल की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने सभी खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और लगन से छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है। उन्होंने भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित थे।

साहू समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की मुख्यमंत्री साय से सौजन्य मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विगत दिवस छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन में साहू समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने साहू समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई और शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक ईश्वर साहू, विधायक इंद्र कुमार साहू सहित साहू समाज के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू,उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश साहू, गिरजा साहू, नारद साहू, नन्द लाल साहू चंद्रभूषण साहू सहित साहू समाज के नवनिर्वाचित राज्य स्तरीय तथा जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

डुंडेरा व भंडारपुर की बेटियों का छ.ग. पुलिस सेवा में चयन

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। डोंगरगढ़ जनपद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत डुंडेरा व ग्राम पंचायत भंडारपुर की दो बेटियों का छ.ग. पुलिस सेवा में नियुक्ति की गई है। मिली जानकारी अनुसार ग्राम डुंडेरा की कु. कुसुम चौधरी पिता किरीतराम चौधरी माता सुनीता बाई व ग्राम भंडारपुर की कु. माधुरी निषाद पिता दीपलाल निषाद माता उर्मिला बाई का चयन छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में हुआ है। उनका चयन जिला दुर्ग, रायपुर में जनरल वर्ग के अन्तर्गत हुआ है। चयन की जानकारी मिलते ही गाँव एवं आसपास के क्षेत्र में खुशी व हर्ष का माहौल है। वर्तमान में कु. कुसुम चौधरी व माधुरी निषाद नगर सैनिक के पद पर अनुसूचित जनजाति कन्या आश्रम चिल्हाटी (मानपुर मोहला-अम्बागढ़ चौकी) में अपनी सेवाएँ दे रही थी। कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने पुलिस विभाग में स्थान प्राप्त किया। कुसुम व माधुरी ग्राम की प्रथम महिला है जिनका चयन पुलिस विभाग में हुआ है। लगातार परिश्रम कर यह उपलब्धि हासिल की है, जो क्षेत्र की अन्य युवतियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।

जूनियर राष्ट्रीय जूजीत्सू प्रतियोगिता में धर्मनगरी के सात खिलाड़ियों का चयन

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। हल्द्वानी नैनीताल उत्तराखंड में सब जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय जूजीत्सू प्रतियोगिता का आयोजन 19 दिसंबर से 23 दिसंबर तक इंदिरा गांधी इंटरनेशनल इंडोर स्टेडियम में किया जाना है जिसमें वसुंधरा मार्शल आर्ट अकैडमी डोंगरगढ़ से सात खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ प्रदेश टीम में हुआ है जिसमें 40 किलोग्राम से कम वजन समूह में राणा विक्रम सिंह 44 किलोग्राम से कम में सुयश साहू 57 किलोग्राम से कम में वेदांश मोहने बालिका वर्ग में 40 किलो से कम में योग्या जघेल 44 किलोग्राम से कम में हेमाश्री जघेल 57 किलोग्राम से कम में वैष्णवी सोनवानी 65 किलोग्राम से अधिक में काव्या साहू टीम के प्रमुख कोच राणा अजय सिंह ने जानकारी दी कि उक्त प्रतियोगिता में 28 राज्यों की टीम भाग लेगी जिसमें भारतीय दल का चयन भी किया जाएगा चयनित खिलाड़ी कजाकिस्तान में एशियाई प्रतियोगिता में भाग लेंगे सभी खिलाड़ियों को जिला संघ के अध्यक्ष श्री विवेक मोनू भंडारी सचिव तरूण वरकडे श्री बाबूराव नगर पालिका अध्यक्ष श्री रमन डोंगरे उपाध्यक्ष श्री उमा महेश वर्मा मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना क्रीड़ा अधिकारी श्री राजकुमार नंदेश्वर आदि ने शुभकामनाएं दी।

31 दिसंबर तक सभी कार्यक्रमों में प्रगति लावे, डॉक्टर नेतराम नवरतन

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। सीएमएचओ डॉक्टर नेतराम नवरतन के दिशा निर्देश एवं डीपीएम संदीप ताम्रकार की उपस्थिति में विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुचिता श्रीवास्तव एवं बीपीएम मुक्ता के द्वारा स्थानीय शिवाजी के परिसर में किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के सभी अपेक्षित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए सीएमएचओ डॉक्टर नवरतन ने कहा की सभी कार्यक्रमों में 31 दिसंबर तक प्रगति लावे, आधार बेस अटेंडेंस की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी आगामी जनवरी माह में अपनी उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित करें, उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष कार्यक्रमों में जैसे 21 दिसंबर पल्स पोलियो, फाइलेरिया की दवा, 25 दिसंबर सुशासन दिवस, 22 दिसंबर टाइप 1 मधुमेह,जिसमें 14 साल तक के बच्चे जिन्हें मधुमेह है,उनको अभिभावक सहित जिला पंचायत भवन राजनंदगांव में कलेक्टर सर द्वारा मुलाकात कर सलाह दी जावेगी, जिसे लाइन लिस्टिंग करके ऐसे बच्चों को भेजने के लिए निर्देश दिया गया, 17 सितंबर को मेडिकल कॉलेज में विशाल कैंप के दौरान उच्च जोखिम मरीजों को फॉलोअप में ले जाने से संबंधित विषयों पर जानकारी दी गई ।

मंत्री नेताम ने किया वीर नारायण सिंह की प्रतिमा स्थल का भूमिपूजन

■ जनजातीय समाज के विकास के लिए सरकार तत्पर

■ किसानों को एकीकृत खेती के लिए प्रोत्साहित करें

रायपुर/नवप्रदेश। जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य पर आज 18 दिसम्बर को तहसील कार्यालय के समीप महासमुंद में शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा स्थापित किए जाने हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। आदिवासी समाज के परंपरागत पूजा पाठ से भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम आदिम जाति विकास एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने की। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला महासमुंद, 52 गढ़ गोंड समाज महासमुंद एवं आदिवासी समाज महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्रहास चंद्राकर, राज्य बीज विकास निगम के अध्यक्ष, रूप सिंह मंडावी, अनुसूचित जनजाति आयोग उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में भीखम सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत, दिशा रामस्वरूप दीवान अध्यक्ष जनपद पंचायत, आर.एन. ध्रुव प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, कमलेश ध्रुव अध्यक्ष केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागढ़, आर एन ध्रुव, ऐतराम साहू , देवीचंद राठी उपाध्यक्ष , थानसिंह दीवान, एस पी ध्रुव, राधेश्याम त्रिलोकी, इश्वरी भोई उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि आज गुरु घासी दास जयंती आज पूरे देश में मनाया जा रहा है और ऐसे विशेष अवसर में जनजातीय गौरव दिवस मना रहे हैं। यह गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि ये देश के लिए अमृत काल का समय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंशानुरूप यहां जनजातीय गौरव के लिए अनेक कार्य किया जा रहा है। नया रायपुर में 50 करोड़ रुपए की लागत से आदिवासी समाज के योगदान को अमिट बनाने भव्य म्यूजियम बनाया गया है। जिसे देश भर के लोग देखने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में 80 हजार करोड़ की लागत से जनजातीय उत्थान और विकास के लिए बजट दिया गया है। राज्य में धरती आबा और पी एम जनमन योजना संचालित किया जा रहा है।जिसमें आदिवासी गांवो में सड़क, बिजली, पानी और नौकरी की समुचित व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने में कृषि विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। किसानों को एकीकृत कृषि आधारित खेती करने प्रोत्साहित करें। गाय पालन भी करें। युवाओं को दिल्ली में निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है। प्रयास स्कूल के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने कहा। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह केवल आदिवासी समाज ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध सबसे पहले संगठित संघर्ष कर देशभक्ति, साहस और त्याग का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

विस सत्र : 35 घंटे 33 मिनट तक चली कार्यवाही, फरवरी के अंत में बजट : डॉ. रमन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बजट 2026-27 की संभावित तारीख घोषित कर दी है। फरवरी के आखिरी सप्ताह में बजट पेश किया जाएगा। शीतकालीन सत्र का समापन हो गया वहीं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सत्र के समापन पर जानकारी देते हुए बताया कि सत्र में कुल 5 बैठकें आयोजित की गईं। सत्र के पहले दिन कार्यवाही पुराने विधानसभा भवन में हुई, जबकि दूसरे कार्यदिवस से नई विधानसभा में कार्यवाही शुरू की गई।

शीतकालीन सत्र में अनुपूरक बजट पेश, विजन-2047 पर हुई चर्चा

एक ही सत्र का 2 अलग-अलग भवनों में आयोजन होना छत्तीसगढ़ विधानसभा के इतिहास में पहली बार हुआ, जिसे अध्यक्ष ने यादगार और ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। डॉ. रमन सिंह ने बताया कि सदन में ÷विजन 2047' को लेकर सदन में सार्थक और व्यापक चर्चा हुई, जिसमें राज्य के भविष्य के रोडमैप पर मंथन किया गया। शीतकालीन सत्र होने के बावजूद कई अहम मुद्दों पर उपयोगी बहस हुई और अनुपूरक बजट सहित महत्वपूर्ण विधायी कार्य पूरे किए गए।

संसदीय परंपराओं के जानकारों ने किया अमर्यादित आचरण : डॉ. रमन

प्रश्नकाल की कार्यवाही बाधित होने पर स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने विपक्षी सदस्यों के अनुचित व्यवहार की निंदा करते हुए कहा कि लोकहित से जुड़े विषयों पर सदन की कार्यवाही को बाधित करना निंदनीय है। स्पीकर ने कहा कि विपक्षी सदस्य सदन की कार्यवाही और संसदीय परंपराओं के जानकार हैं, इसके बावजूद उनका यह आचरण अमर्यादित है। उन्होंने कहा कि आगे ऐसा व्यवहार न दोहराया जाए, यह अब विपक्षी सदस्यों के विवेक पर छोड़ते हैं।

विधानसभा में ये हुआ

- वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भी सदन में चर्चा हुई।
- सत्र की 5 बैठकों में कुल 35 घंटे 33 मिनट तक कार्यवाही चली।
- तारांकित 333 और अतारांकित 295 समेत कुल 628 प्रश्न प्राप्त हुए
- जिनमें 11 पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गए।
- 232 ध्यानाकर्षण सूचनाएं मिलीं, जिनमें से 70 स्वीकार की गईं और 20 को शून्यकाल में परिवर्तित किया गया।
- 101 स्थगन सूचनाएं और 196 याचिकाएं सदन में प्रस्तुत की गईं, 36 याचिकाएं स्वीकार की गईं।

सत्र के आखिरी दिन नेशनल हेराल्ड पर हंगामा

शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन की कार्यवाही की शुरुआत नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर हंगामेदार रही। सदन शुरू होते ही कांग्रेस विधायकों ने सत्यमेव जयते लिखी तख्तियां लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। स्पीकर ने तख्तियों के साथ सदन में बैठने की अनुमति नहीं दी, जिसके बाद विपक्ष लगातार नारेबाजी करता रहा। हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही दो बार 10-10 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी।

जगत की नियुक्ति में खटपट

जिला अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष बनाने के फैसले पर 24 घंटे में रोल बैक

- कई तरह की अफवाहों का बाजार गरम

संजय पांडेय

रायपुर/नवप्रदेश। दो रोज पहले भारतीय जनता पार्टी शहर जिला अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष पद पर सावित्री जगत की हुई नियुक्ति विवादों के घेरे में आ गई है। पार्टी ने नियुक्ति के 24 घंटे के भीतर ही फैसला पलट दिया है और इसे त्रुटिवश हुई नियुक्ति करार देते हुए तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। इसके बाद से ही लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे है। भारतीय जनता पार्टी जैसी अनुशासित कही जाने वाली पार्टी में इस तरह नियुक्ति त्रुटिवश तो हो नहीं सकती फिर भी इसके पीछे की वजह को लोग कई तरह की अटकलों से जोड़कर देख रहे है। गौरतलब है कि सावित्री जगत विधानसभा चुनाव 2023 के पूर्व भारतीय जनता पार्टी की एक सक्रिय कार्यकर्ता थी। उड़िया समाज से आने वाली नेता रायपुर उत्तर सीट से पार्टी टिकट की इच्छा रखती थी। इसके लिए उन्होने पार्टी मंच पर आवेदन देकर चुनाव लड़ने का प्रयास भी किया लेकिन अंदरुनी सर्वे के आधार पर पार्टी ने टिकट उड़िया समाज से आने वाले एक और नेता पुरंदर मिश्रा को दे दिया जिन्होने तमाम आशंकाओं को झुठलाते हुए शानदार जीत भी दर्ज की।

बगावत कर चुनाव लड़ी थी

दूसरी ओर टिकट नहीं मिलने पर श्रीमती सावित्री जगत बागी हो गई और निर्दलीय होकर चुनाव मैदान में उतरी। वे काफी बड़े अंतर से चुनाव हारी। पार्टी ने उन्हें नाम वापस लेने कई बार समझाया मगर वे लड़ने अड़ी रही। बाद में पार्टी की सरकार आने और चुनाव में मिली पराजय के बाद भूल का एहसास होने पर उन्होने भाजपा के बड़े नेताओं से सम्पर्क किया और गलती पर खेद जताया। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा के खिलाफ चुनाव लड़ने की वजह से उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था।

मामला अनुशासन समिति के पास

गलती पर खेद जताने के बाद भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं के समक्ष सावित्री जगत ने पार्टी से अपना निष्कासन रद्द कराने आवेदन भेजा। बताया जाता है कि यह आवेदन पिछले दो सालों से पेन्डिग है और अनुशासन समिति के समक्ष विचाराधीन है। यानि कि अभी तक सावित्री जगत की भारतीय जनता पार्टी में विधिवत वापसी नहीं हुई है। इस बीच प्रक्रिया पूरी हुए बगैर ही उन्हें जिला अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष बना दिया गया। बाद में जब इस बात का खुलासा हुआ तो तत्काल चौबीस घंटे के अंदर फैसला बदल दिया गया। प्रदेश महामंत्री नवीन मारकंडेय ने नियुक्ति रद करने का पत्र जारी कर दिया।

ऐसी हरकत महिला का अपमान-कांग्रेस

दूसरी और कांग्रेस पार्टी ने इस मामले को लपकते हुए पूरे प्रकरण को अनुसूचित जाति महिला के अपमान से जोड़ दिया है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि किसी को इस तरह की नियुक्ति देने के बाद तुरन्त हटाना एक अनुसूचित जाति वर्ग से आने वाली महिला का अपमान है।

कांग्रेस पार्टी में पद बेचा जाता है-मंत्री जायसवाल

इस पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भी पलटवार किया है। उन्होने कहा कि कांग्रेस पार्टी में पद बेचा जाता है। भारतीय जनता पार्टी में योग्यता के आधार पर नियुक्ति दी जाती है। सावित्री जगत की नियुक्ति टाईप में त्रुटि की वजह से प्रकाशित हो गई थी।

साहित्य सृजनशीलता और संवेदना विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित

- नव छत्तीसगढ़ साहित्य संस्कृत संस्थान का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ साहित्य सांस्कृतिक संस्थान रायपुर के तत्वावधान में वृंदावन हॉल में साहित्य सृजनशीलता और संवेदना विषयों पर एक महत्वपूर्ण तथा सारगर्भित गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि शशांक शर्मा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी रायपुर और कार्यक्रम अध्यक्ष चिंतक,लेखक,कवि,स्तंभकार संजीव कुमार ठाकुर थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ माधव दुर्गेश अवस्थी, जगदलपुर बस्तर से पधारी हिंदी अंग्रेजी छत्तीसगढ़ी की लेखिका तथा कवित्री जान्हवी, युवा ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त लेखिका तथा अतिरिक्त संचालक कोष लेखा छत्तीसगढ़ श्रद्धा थवाईत और वरिष्ठ कवित्री श्रीमती शशि सुरेंद्र दुबे थीं। कार्यक्रम दो सत्रों में संचालित किया गया प्रथम सत्र विचार गोष्ठी तथा दूसरा सत्य काव्य पाठ का रखा गया था। सरस्वती वंदना सुषमा पटेल द्वारा की गई, कार्यक्रम का सफल संचालन शशांक खरे और भारती यादव ने किया। कार्यक्रम का संयोजन सुमन शर्मा वाजपेई ने किया। मां सरस्वती के पूजन के पश्चात मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने कहा की संवेदना साहित्य का महत्वपूर्ण अंग है एवं साहित्य की संवेदना विभिन्न काल परिस्थितियों में विभिन्न स्वरूपों में दिखाई देती है किंतु यह तय है कि संवेदना के बिना साहित्य अधूरा है। इस अवसर पर बोलते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष कवि, चिंतक, लेखक संजीव कुमार ठाकुर ने कहा की साहित्य समेकित संवेदना तथा करुणा का संवेदनशील प्रभाव है, साहित्य मूलतः मनुष्य के भीतर धड़कती चेतना की भाषा है। वह केवल मनोरंजन नहीं करता, वह मनुष्य को मनुष्य बनाता है। उन्होंने आगे उल्लेख करते हुए कहा कि हिंदी साहित्य में प्रेमचंद के बिना यह चर्चा अधूरी रह जाएगी- प्रेमचंद ने किसानों, मजदूरों, स्त्रियों और दलितों की पीड़ा को साहित्य में प्रतिष्ठा दी।

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत 31 दिसंबर को रायपुर में

विशाल हिंदू सम्मेलन को संबोधित करेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का 31 दिसंबर को रायपुर आगमन प्रस्तावित है। वे अभनपुर

स्थित सोनपैरी गांव में आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करेंगे। यह सम्मेलन 31 दिसंबर को दोपहर 2.00 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजन समिति के अनुसार, इस सम्मेलन में राष्ट्रीय संत असंग देव जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय चेतना से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में संत, समाजसेवी और आम नागरिकों के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और आयोजन स्थल पर सुरक्षा, यातायात और बैठने की समुचित व्यवस्थाएं की जा रही हैं। सम्मेलन के सुचारु संचालन के लिए हिन्दू सम्मेलन समिति की टीम तैनात रहेगी। आयोजन समिति की ओर से सभी सनातनी और हिंदू भाई-बहनों से आग्रह किया गया है कि वे इस सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों। साथ ही, किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए कार्यक्रम स्थल पर समय से पूर्व पहुंचने का अनुरोध किया गया है।

गुरू घासीदास बाबा ने समग्र समाज को समरसता का संदेश दिया : अजय जम्वाल

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा' छत्तीसगढ़ के महान संत, समाज सुधारक और सतनामी पंथ के प्रवर्तक थे। उन्होंने जातिगत भेदभाव, छुआछूत व ऊंचनींच जैसी कुप्रथाओं के बदले समानता का संदेश दिया। उन्होंने 'मनखे-मनखे एक समान' का मंत्र देते हुए सत्य, अहिंसा व समरसता पर आधारित सतनाम पंथ की स्थापना की। बाबा गुरु घासीदास ने समग्र समाज को समरसता का संदेश दिया।

गुरु घासीदास बाबा ने समाज को एक नई दिशा दी : किरण देव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी के विचार आज भी समानता और मानवता के संदेश देते हैं, और छत्तीसगढ़ में उनकी जयंती (18 दिसंबर) बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास बाबा ने छत्तीसगढ़ के समाज को एक नई दिशा दी और समाज के उद्धार के लिए अपना जीवन समर्पित किया। गुरु घासीदास बाबा छत्तीसगढ़ के एक महान संत और समाज सुधारक के रूप में पूज्यनीय हैं। इस दौरान भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेंडी, प्रदेश मंत्री अमित साहू, कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज, रायपुर शहर जिला प्रभारी राजेन्द्र शर्मा, पूर्व विधायक पूनम चंद्राकर, दीपेश अरोरा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में उत्कृष्ट प्रदर्शन का सम्मान, न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने सराही लोक अदालत की उपलब्धियां

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रभावी संचालन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर आयोजित द्वितीय राज्य स्तरीय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री रमेश सिन्हा ने राष्ट्रीय लोक अदालत में बेहतर कार्य करने वाले जिलों एवं परिवार न्यायालयों को सम्मानित किया। यह सम्मेलन 18 दिसंबर को छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सभागार में आयोजित हुआ। सम्मेलन का उद्देश्य राज्य में राष्ट्रीय लोक अदालत प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाना तथा इसके माध्यम से हुए प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करना था। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ के सहयोग से किया गया। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालतें संविधान के अनुच्छेद 39-क के तहत आम नागरिकों को सुलभ और त्वरित न्याय प्रदान करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने बताया कि विगत नौ वर्षों में राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से 2 करोड़ 27 लाख से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया है, जिससे छत्तीसगढ़ राज्य राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष पाँच राज्यों में शामिल रहा है।

पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड में गुरुवार को नवनिर्मित पुलिस चौकी का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्रीमती सरिता दुबे ने परिवार सहित हवन किया।

देर रात्रि फार्म हाउस में पार्टी कर हुल्लड़ बाजी करने वाले 22 लोगों पर की गई कार्यवाही

रायपुर/नवप्रदेश। दिनांक 17-18.12.25 की दरम्यानी रात्रि सूचना प्राप्त हुई कि थाना विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम पिरदा स्थित जे डी फार्म हाउस में देर रात्रि कुछ व्यक्ति हुल्लड़ बाजी कर रहे है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना विधानसभा पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर देखने पर पाया गया कि कुछ लड़के एवं लड़कियां पार्टी करते हुये हुल्लड़ बाजी कर रहे थे, जिन्हें पुलिस टीम द्वारा समझाईश देने एवं शांत कराने का प्रयास करने पर भी पुलिस की मौजूदगी में हुल्लड़ करने लगे जिससे अशांति व्यपाप्त का माहौल हो गया था। जिस पर 15 लड़के एवं 07 लड़कियों सहित कुल 22 लोगों के विरूद्ध थाना विधानसभा में प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत् कार्यवाही किया गया।

4 दिवसीय नेशनल एक्सपो आज से

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की औद्योगिक राजधानी रायपुर एक बार फिर उद्योग जगत के सबसे बहुप्रतीक्षित आयोजन की मेजबानी करने जा रही है – 15वाँ नेशनल एक्सपो (स्टील एवं पावर) तथा रायपुर इलेक्ट्रिक एक्सपो, जो 19 से 22 दिसंबर 2025 तक श्रीराम बिज़नेस पार्क, विधानसभा रोड, रायपुर में आयोजित होगा। यह भव्य आयोजन उद्योगों में उभरती तकनीकों, ऑटोमेशन और नवाचारों को नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत करेगा।

यह एक्सपो Indore Infoline Pvt. Ltd. द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसने पिछले 14 वर्षों में इसआयोजन को मध्य भारत का सबसे प्रभावशाली औद्योगिक मंच बनाया है। नेशनल एक्सपो, रायपुर ने स्टील, पावर, सीमेंट, माइनिंग, हेवी इंडस्ट्रीज़ औरअन्य संबद्ध क्षेत्रों के लिए प्लांट एवं उपकरणों की एक प्रमुख औद्योगिक प्रदर्शनी के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है। पिछले 14 संस्करणों में इस एक्सपो ने 4,000+ प्रदर्शकों और 80,000+ ट्रेड विज़िटर्स की मेजबानी की है। इस वर्ष का एक्सपो इंडस्ट्री 4.0, उन्नत विनिर्माण, सेवाओं और ऑटोमेशन जैसे विविध विषयों को समेटे हुए है। प्रतिभागियों को नॉलेज सेशंस, लाइव डेमो, हैंड्स ऑन अनुभव और व्यापक नेटवर्किंग अवसर प्राप्त होंगे। यह आयोजन देशभर के विज़िटर्स, डीलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स और स्टॉकिस्ट्स के लिए उत्कृष्ट व्यापारिक संभावनाएँ प्रदान करेगा। यह एक्सपो उरला इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन, रायपुर द्वारा समर्थितहै। राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन में देशभर से लगभग 10,000 विज़िटर्स के आने की संभावना है। यह एक्सपो रायपुर और छत्तीसगढ़ की स्थानीय उद्योगों को नवीनतम तकनीकों और समाधानों से अवगत कराएगा। इस वर्ष विशेष फोकस इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन और सोलर एनर्जी पर रहेगा।

दिव्यांग महिला को ट्राइसाइकिल एवं 11 दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र का वितरण

रायपुर/नवप्रदेश। रजत जयंती के अवसर पर समाज कल्याण विभाग रायपुर द्वारा आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में मेगा हेल्थ कैंप-2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक सरोकारों को सशक्त करते हुए दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु महत्वपूर्ण पहल की किया गया।

कार्यक्रम में विधायक रायपुर नगर पश्चिम श्री राजेश मूणत द्वारा दिव्यांग महिला श्रीमती हसीना को उनके आवागमन की सुविधा के लिए ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। ट्राइसाइकिल प्राप्त कर श्रीमती हसीना ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए समाज कल्याण विभाग एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

मेगा हेल्थ कैंप के प्रथम दिवस दिव्यांगजनों को 11 श्रवण यंत्र एवं 01 ट्राइसाइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री मूणत ने अपने उद्बोधन में कहा कि शासन द्वारा दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे आयोजनों से दिव्यांगजन समाज की मुख्यधारा से जुड़ते हैं।

कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग का अमला, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। मेगा हेल्थ कैंप के दौरान स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श एवं शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

शिविर का लाभ उठाएं-महापौर मीनल चौबे

उद्घाटन अवसर पर महापौर मीनल चौबे ने शहर की जनता से निःशुल्क पांच दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होने कहा कि यहां उपचार के लिए आने वाले मरीजों का बेहतर ख्याल रखा जा रहा है। निःशुल्क भोजन की व्यवस्था भी की गई है। सारे स्पेशलिस्ट डाक्टर एक जगह पर अपनी सेवाएं दे रहे है। चेकअप से लेकर ब्लड टेस्ट सहित सभी सुविधाएं एकदम मुफ्त है।

सुविचार

ये मत सोचो कि कौन, कब, कैसे बदल गया? यह देखो कि वह आपको क्या सीखा कर गया? - अज्ञात

जी राम जी को लेकर संसद में हंगामा

संसद के शीतकालीन सत्र में सरकार ने नए ग्रामीण रोजगार कानून विधेयक को पेश किया तो इसे लेकर विपक्ष ने हंगामा खड़ा कर दिया। गौरतलब है कि ग्रामीण रोजगार योजना पहले मनरेगा के नाम से चल रही थी जिसे बदलकर केन्द्र सरकार ने विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण का नाम दिया है। इस वी बी जी राम जी के नाम पर ही विपक्ष को एतराज है। उनका आरोप है कि यह योजना पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम पर थी उसे हटाकर सरकार ने नया नाम दिया है इससे स्पष्ट है कि एनडीए सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम को हटाना चाहती है जो उनका अपमान है। लोकसभा में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने इस नए नाम का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि उन्हें समझ में नहीं आता कि आखिर सरकार ने इस योजना का नाम क्यों बदला है। किसी भी योजना का नाम बदलने से अनावश्यक रूप से सरकारी खजाने पर बोझ पड़ता है। इसके जवाब में केन्द्री कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्पष्ट किया है कि इस योजना का नाम पहले भी कई बार बदला जा चुका है। पहले यह योजना जवाहर रोजगार योजना के नाम से चलती थी। फिर इसे राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना का नाम दिया गया था फिर यूपीए सरकार के कार्यकाल में ही इसे लगातार नरेगा के नाम से चलाया जाता रहा लेकिन 2009 में जब लोकसभा चुनाव निकट आ गये तब यूपीए सरकार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की याद आई और उन्होंने इस योजना में महात्मा गांधी का नाम जोड़कर इसे नरेगा से मनरेगा कर दिया था। इसलिए जब इस योजना को अब नए रूप में लागू किया जा रहा है तो इसे नया नाम देने पर किसी को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। लेकिन विपक्ष इसे लेकर व्यर्थ का बवाल खड़ा कर रहा है। उन्होंने नए ग्रामीण रोजगार कानून की खूबियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की परिकल्पना को ही साकार करने वाला कानून है और सरकार ग्रामीण विकास ढांचे को मजबूत बनाने के लिए संकल्पित है। इसीलिए इसे विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण का नाम दिया गया है। अब इस योजना के तहत सभी ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों का रोजगार प्रदान करने की वैधानिक गारंटी दी जाएगी जो पहले सिर्फ 100 दिनों की थी। इसके साथ ही अब एक सप्ताह में ही मजदूरी का भुगतान कर दिया जाएगा जो पहले एक पखवाड़े के बाद होता था और कभी कभी तो महीनों भुगतान नहीं किया जाता था लेकिन अब नये कानून के तहत एक सप्ताह बाद ही मजदूरी का भुगतान हो जाएगा और यह राशि सीधे मजदूरों के खाते में डाल दी जाएगी। जिससे अब बिचौलिये उसमें डंडी नहीं मार पाएंगे। नए कानून के मुताबिक अब इस योजना के तहत क्या काम करना है यह केन्द्र सरकार ही तय करेगी। उल्लेखनीय है कि पहले मनरेगा के तहत गड्ढा खोदने का पाटने का काम करके ही मनरेगा की राशि हड़प ली जाती थी कागजों पर फर्जी दिखाये जाते थे। बंगाल में तो मनरेगा के तहत केन्द्र सरकार द्वारा आबंटित हजारों करोड़ की राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती थी। नतीजतन पिछले कुछ सालों से केन्द्र सरकार ने बंगाल को मनरेगा के तहत राशि का आबंटन करना ही बंद कर दिया है। इसे लेकर ममता बनर्जी सिर्फ हो हल्ला मचाती है लेकिन आज तक उन्होंने पूर्व में आबंटित राशि के खर्च का ब्यौरा केन्द्र सरकार को नहीं दिया है। इसी तरह कुछ अन्य राज्यों में भी मनरेगा के नाम पर फर्जीवाड़ा करके हजारों करोड़ रूपये की बंदरबाट की शिकायतें सामने आती रही है। इस घपलेबाजी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए ही इस नई ग्रामीण रोजगार योजना में कई प्रावधान किये गये हैं ताकि ग्रामीण मजदूरों को इसका लाभ मिलना सुनिश्चित हों। स्मरणीय है कि इस योजना में की जा रही धांधली को लेकर ही तात्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने एक बार कहा था कि केन्द्र से ग्रामीणों के लिए चलने वाला एक रूपया हितग्राहियों के हाथों तक पहुंचते-पहुंचते दस पैसे के रूप में तब्दील हो जाता है। अर्थात् एक रूपये में से 90 पैसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता हैं। अब सरकार ने इसी भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए नया कानून बनाया है और इसमें हर तरह की गड़बड़ी को रोकने के प्रावधान किये गये हैं। किन्तु विपक्ष इन पर चर्चा करने की जगह इस योजना का नाम बदले जाने पर ही अपनी आपत्ति जता रहा है और इस नए कानून का विरोध कर रहा है जबकि उसे इस कानून को और प्रभावी बनाने के लिए बहस में भाग लेना चाहिए और सार्थक सुझाव देना चाहिए था बहरहाल विपक्ष के भारी विरोध के बावजूद लोकसभा में यह विधेयक पारित हो गया।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ हर घड़ी कोई निराकरण नहीं देता। हर पाँच मिनट के बाद आपके पास इतना प्रश्न है उसका जवाब कोई नहीं देता। दुनिया में आप अपना प्रश्न करिए और अपना जवाब भी ढूंढिए और उस जबाब को दुनिया को भी दीजिए।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1924 - जर्मन सीरियल किलर फ्रिट्ज हार्मैन को हत्या की एक श्रृंखला के लिए मौत की सजा सुनाई गई। 1927 - भारत के 3 क्रान्तिकारियों पण्डित राम प्रसाद 'बिस्मिल', अशफाक उल्ला खाँ व ठाकुर रोशन सिंह को ब्रिटिश सरकार ने फाँसी पर लटका कर मार दिया। 1927 - उत्तर प्रदेश ऑटोमोबाइल संघ की स्थापना हुयी। 1961 - गोवा स्वतन्त्र हुआ। 1983 - ब्राजील के शहर रियो दी जेनेरियो से फुटबॉल के फीफा विश्व कप की चोरी हो गई। 1984 - चीन एवं ब्रिटेन के मध्य 1997 तक हांगकांग चीन के वापस करने संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर। 1984 - भोपाल गैस शताव्दी में 2500 लोगों की मौत। 1154 - किंग हेनरी द्वितीय इंग्लैंड के सम्राट बने। 1842 - अमेरिका ने हवाई को प्रांत के रूप में मान्यता दी। 1999 - 443 वर्षों तक पुर्तग़ाली उपनिवेश में रहने के बाद मकाऊ का चीन को हस्तांतरण। 2000 - आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को हराकर लगातार 13वां टेस्ट मैच जीता। 2007 - टाइम पत्रिका ने रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन को पर्सन आफ़द ईयर के ख़िताब से नवाजा।

अशोक कुमार साहू

केशव सिंह प्रकरण 1964 में उत्तरप्रदेश विधानसभा ने अपने विशेषाधिकारों और विधायी गरिमा की रक्षा के लिए जो निर्णय लिया था उसने यह सिद्द किया कि विधायिका स्वतंत्र एवं सर्वोच्च है।उन्होने लिखा कि यह पत्र मुख्यमंत्री को गुमराह कर तैयार करवाया गया प्रतीत होता है।इसका सार्वजनिक एवं संस्थागत विरोध आवश्यक है। कांग्रेस से जुड़े श्री सिंह ने आगे लिखा है कि यह प्रस्ताव विधायिका को सटीक सूचना और साक्ष्य से वंचित कर देगा और समितियों को लगभग अप्रभावी बना देगा।ऐसे प्रस्ताव से भ्रष्ट अधिकारियों के मनोबल में वृद्दि होगी और सदन की गरिमा को ठेस पहुंचेगी।उन्होने अध्यक्ष से विधायिका की स्वतंत्रता विशेषाधिकार और सवैधानिक मर्यादा की रक्षा हेतु आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध करते हुए कहा कि मैं वर्तमान में सदन का सदस्य नही हूं,परन्तु छह वर्षो तक इस पवित्र विधान मंडल में अपनी भूमिका निभाता रहा हूं। विधानसभा के पूर्व वरिष्ठ सदस्य अनूप संडा ने भी संसदीय कार्य विभाग के इस पत्र पर कड़ा विरोध व्यक्त करते हुए कहा कि सवैधानिक प्रावधानों के विपरीत है और विधायिका की स्वतंत्रता और सर्वोच्चता पर आघात है।

उत्तरप्रदेश : विधानमंडल की गरिमा बनाम नौकरशाही

उत्तरप्रदेश में विधान मंडल(विधानसभा एवं विधान परिषद) की समितियों की बैठकों में अपर मुख्य सचिव ,प्रमुख सचिव एवं सचिव के भौतिक रूप से उपस्थित रहने की बजाय वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ने एवं बैठक में विभाग की ओर से विशेष सचिव स्तर के अधिकारी के मौजूद रहने के राज्य के संसदीय कार्य विभाग द्वारा पिछले महीने जारी परिपत्र पर विधान मंडल के मौजूदा एवं पूर्व सदस्यों ने राजनीतिक प्रतिबद्दताओं को दरकिनार कर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और इसे विधान मंडल की गरिमा के खिलाफ मानते हुए विधान मंडल के अध्यक्ष एवं सभापति से इसे संज्ञान में लेने हुए समितियों के अधिकार में हस्तक्षेप मानते हुए कार्यवाही का अनुरोध किया है।

इस विवाद की शुरूआत उत्तरप्रदेश के संसदीय कार्य विभाग के प्रमुख सचिव जे.पी.सिंह के पिछले महीने 17 नवम्बर को जारी पत्र से हुई है।इस पत्र को लेकर राजनीतिक हल्कों में आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा है।इस पत्र के अनुसार..माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा विधान भवन के निर्धारित कक्षों में आयोजित होने वाली माननीय विधान मंडल की माननीय समितियों की बैठकों में विभाग की ओर से विशेष सचिव स्तर के एक अधिकारी द्वारा माननीय समिति के समक्ष भौतिक रूप से उपस्थित रहकर समन्वय का कार्य सम्पादित करने तथा विभागीय अपर मुख्य सचिव,प्रमुख सचिव, सचिव तथा अन्य अधिकारीगण द्वारा आनलाइन पद्धति से अपर मुख्य सचिव,प्रमुख सचिव ,सचिव के कक्ष से बैठकों में साक्ष्य हेतु माननीय समिति के समक्ष वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहने पर सैद्धान्तिक अनुमोदन प्रदान किया गया है..।विधानमंडल के दोनो सदनों को लिखे इस पत्र में कहा गया हैं कि..उक्त के दृष्टिगत रखते हुए आपसे यह अनुरोध करने की अपेक्षा की गई है कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा उपर्युक्तानुसार अनुमोदन का संज्ञान लेते हुए यथोचित आवश्यक कार्यवाही पर कृपापूर्वक विचार करना चाहे..।

सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी से जुड़े लगातार चौथी बार चुनाव जीतने वाले विधान परिषद के वरिष्ठ सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह ने इस पत्र पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।सदन की नियम प्रक्रिया की अच्छी खासी जानकारी रखने वाले श्री सिंह ने सभापति विधान परिषद को इस बारे में पत्र लिखकर इसे सदन के विशेषाधिकारों एवं सभापति के विशेषाधिकारों की अवमानना बताया है।उन्होने पत्र में कहा कि विधानमंडलों के गठन के बाद से ही यह स्थापित संसदीय परम्परा रही है कि संविधान के तहत विधान मंडल के द्वारा गठित समितियों में विभागाध्यक्ष,प्रमुख सचिव एवं अपर मुख्य सचिव विभिन्न प्रकरणों में साक्ष्य के लिए बुलाए जाते है।

श्री सिंह ने सभापति को लिखे पत्र में कहा कि नौकरशाही के मन में विधायिका के प्रति अनादर का भाव जोर पकड़ लिया है,विधायी संस्थाओं के प्रति उनके मन में आदर एवं सम्मान का भाव अब नही रहा,इसलिए हाल के वर्षों में विभागाध्यक्ष समितियों की बैठक में आने से बचते रहे है।अब वह समिति की बैठकों में ना आने के लिए समितियों को पंगु बनाने के उद्देश्य से उपरोक्त पत्र संसदीय विभाग से जारी करवाया है।उन्होने सभापति से विधायिका की गरिमा और शक्तियों तथा स्थापित संसदीय परम्पराओं को यथावत बनाए रखने के लिए बिन्दुवार सुझाव देते उस पर विचार का अनुरोध किया है।उन्होने कहा कि उत्तरप्रदेश विधान परिषद की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली संविधान के अनुच्छेद 208(1) के अन्तर्गत बनाई गई है तथा एक जुलाई 1956 से लागू है।उक्त कार्य संचालन नियमावली के नियम 75 से नियम दो तक परिषद की समितियों के गठन एवं बैठकों/साक्ष्य के सम्बन्ध में नियमों को प्रावधानित किया गया है।कार्य संचालन नियमावली 1956 के नियम91(1) में प्रावधानित है कि किसी साक्षी को प्रमुख सचिव के हस्ताक्षर किए हुए आज्ञा पत्र द्वारा बुलाया जाता है।साक्षी ऐसे प्रपत्रों को प्रस्तुत करेंगा जिसकी समिति को आवश्यकता होगी।

सभापति को लिखे पत्र में श्री सिंह ने आगे कहा कि नियमावली के अन्तर्गत ही सभापति द्वारा सदन की समितियों का गठन प्रत्येक वर्ष किया जाता है।गठन के उपरान्त समिति समक्ष विचाराधीन विषयकों के संदर्भ में आवश्यकतानुसार शासन एवं प्रशासन के उच्चाधिकारियों एवं प्रमुख सचिव को साक्ष्य हेतु आमंत्रित किया जाता है एवं जनहित के प्रकरणों में विचार विमर्श के उपरान्त उनका निराकरण करवाया जाता है।प्रमुख सचिव संसदीय कार्य विभाग द्वारा प्रमुख सचिव विधान परिषद को कार्यपालिका के प्रमुख से अनुमोदन से भेजा गया पत्र आपत्तिजनक निन्दनीय और सभापति के विशेषाधिकार का हनन है।उन्होने लिखा है कि विधान मंडल की समितियां सदन का ही लघु स्वरूप होती है इसलिए समितियों को लघु सदन कहा जाता है। उन्होने लिखा है कि संविधान में शक्तियां का विभाजन का मूल सिद्धान्त लागू होता है,राज्य स्तर पर भी विधायिका और कार्यपालिका अपनी अपनी स्वतंत्र भूमिकाओं में कार्य करते है,इसलिए कार्यपालिका विधायिका को निर्देश देने की शक्ति नही रखती है।प्रमुख सचिव का पत्र समितियों की शक्तियों में हस्तक्षेप करना एवं विशेषाधिकार का हनन तथा सदन समितियों पर नियंत्रण करने का अनाधिकृत प्रयास है।उन्होने सभापति से इस पत्र पर कठोरतापूर्वक निर्णय का अनुरोध किया है।

विधान परिषद के पूर्व सदस्य दीपक सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर प्रमुख सचिव संसदीय कार्य द्वारा कार्य संचालन नियमावली में संशोधन हेतु भेजे गए पत्र को लेकर विरोध जताते हुए उनसे संविधान के अनुच्छेद 208,194 118 एवं उत्तर प्रदेश की विधायी गरिमा के संरक्षण का अनुरोध किया है।उन्होने लिखा है कि यह केवल एक प्रशासनिक प्रस्ताव नही है बल्कि विधायिका की स्वतंत्रता और सर्वोच्चता पर प्रत्यक्ष आघात है।उन्होने लिखा कि संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार राज्यों की विधानसभाएं अपनी स्वायत्त नियमावली का निर्धारण करती है सरकार द्वारा भेजा गया यह प्रस्ताव इन संवैधानिक प्रावधानों की मूल भावना को कमजोर करता हैं और विधानसभा की स्वायत्तता को कार्यपालिका के अधीन कर देने जैसा है।उन्होने अध्यक्ष का ध्यान आकृष्ट करते हुए लिखा कि उत्तरप्रदेश की विधायी परम्परा विश्व संसदीय इतिहास में सम्मानित स्थान रखती है।

गिरिराज सिंह

साथ ही, डोमेस्टिक मार्केट में भी रॉ कॉटन की आपूर्ति होगी, जिससे हैंडलूम, पावरलूम, डिजाइनर सेगमेंट, और फैब्रिक आधारित स्टार्टअप तक सभी को हाई क्वालिटी फाइबर उचित मूल्य पर उपलब्ध हो पाएगा। यह निर्णय भारत को एक स्थिर और प्रतिस्पर्धी मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वस्त्र योजना ने टेक्सटाइल सेक्टर को नई ऊर्जा दी है जिसने इस क्षेत्र में अभूतपूर्व उत्साह और निवेश के अनुकूल वातावरण तैयार किया है। उद्योग की मांग को देखते हुए आवेदन पोर्टल को 31 दिसंबर 2025 तक पुनः खोला गया है जिसमें अब तक 27 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं। इससे नई फैक्ट्रियाँ, नई टेक्नोलॉजी, और हज़ारों नए रोजगार सृजित किए जाएंगे और 2030 तक टेक्सटाइल सेक्टर के 12 बिलियन डॉलर एक्सपोर्ट लक्ष्य को हासिल करने में बड़ी मदद मिलेगी।

भारत के टेक्सटाइल की नई ग्लोबल पोज़िशनिंग

जब हम भारत के टेक्सटाइल सेक्टर की बात करते हैं, तो हम केवल फैक्ट्री, मशीनों और फैशन की नहीं, बल्कि उन करोड़ों भारतीयों की बात करते हैं, जिनकी ज़िंदगी कॉटन के खेतों, हैंडलूम, पावरलूम और सिलाई मशीनों से जुड़ी है।

पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जिस व्यापक सोच, दृढ़ संकल्प और निर्णायक नीतिगत सुधार को इस क्षेत्र ने देखा है, उससे आज टेक्सटाइल सेक्टर एक नए आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। आज जब हम टेक्सटाइल सेक्टर में लागू हालिया सुधारों के प्रभाव की बात करते हैं, तो यह केवल बदलाव नहीं, बल्कि किसानों, उद्यमियों, महिलाओं, बुनकरों, तकनीशियनों और युवाओं की नई संभावनाओं की कहानी है जिसका उद्देश्य भारत को वैश्विक टेक्सटाइल शक्ति बनाना है। यह लेख सिर्फ़ योजनाओं की सूची नहीं, बल्कि उस परिवर्तन की झलक है जिसे हम सब ने मिलकर आकार दिया है।

किसान-केंद्रित बदलाव : कॉटन की रिकॉर्ड प्रोक्योरमेंट और MSP में ऐतिहासिक वृद्धि

टेक्सटाइल क्षेत्र की जड़ें खेत में हैं और किसान इस यात्रा की पहली कड़ी हैं। इसलिए हमारी प्राथमिकता हमेशा यह रही कि कॉटन किसान को बाजार के उतार-चढ़ाव, दामों की अनिश्चितता और बिचौलियों की दबाव-प्रणाली से मुक्त किया जाए। यही कारण है कि 2004 से 2014 के बीच जहाँ सरकारी एजेंसियों द्वारा कुल 173 लाख कॉटन बेल्स की खरीद हुई, वहीं 2014 से 2024 के बीच यह बढ़कर 473 लाख कॉटन बेल्स पर पहुँची। यह लगभग 173% की वृद्धि है, जो दर्शाती है कि सरकार ने किसान को सिर्फ़ मौसमी प्राथमिकता नहीं दी, बल्कि उसे स्थायी सुरक्षा दी।

इसी तरह MSP में सुधार भी किसानों को स्थिरता देने वाला बड़ा कदम रहा है। 2013-14 में कॉटन का MSP 3,700 रुपये प्रति क्विंटल था, जबकि 2025-26 में इसे बढ़ाकर 7,710 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। यह 108% की वृद्धि है, जो किसान की आय, सुरक्षा और आत्मविश्वास को मजबूत करती है। जब हम कहते हैं कि किसान हमेशा सुरक्षित है, तो यह सिर्फ़ बात भर नहीं, बल्कि इन वास्तविक आँकड़ों पर आधारित सच्चाई है कि सरकार पहले से अधिक मात्रा में कॉटन खरीद रही है और किसानों के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित कर रही है।

मिशन फॉर कॉटन प्रोडक्टिविटी: क्वालिटी, प्रोडक्टिविटी और न्यू ऐज फाइबर

सिर्फ़ ज़्यादा प्रोडक्शन ही काफ़ी नहीं, बेहतर क्वालिटी भी उतनी ही ज़रूरी है। इसी सोच के साथ ?2,500 करोड़ का मिशन फॉर कॉटन प्रोडक्टिविटी शुरू किया गया, जिसका लक्ष्य केवल प्रोडक्शन बढ़ाना नहीं, बल्कि कॉटन की गुणवत्ता को विश्व-स्तर तक पहुँचाना है। इस मिशन के तहत बेहतर बीज, वैज्ञानिक खेती, फार्म मैनेजमेंट और गुणवत्ता नियंत्रण की प्रक्रियाएँ मजबूत की जा रही हैं। इसके साथ ही किसान को न्यू-एज फाइबर की तरफ प्रेरित करने का प्रयास भी किया जा रहा है ताकि भारत ग्लोबल वैल्यू-चेन में हाई क्वालिटी कॉटन और मिक्स्ड फाइबर के प्रमुख सप्लायर के रूप में उभरे। जब हम भविष्य की बात करते हैं, तो पुनः स्पष्ट करना आवश्यक है कि टेक्सटाइल की अगली वृद्धि ट्रेडिशनल फाइबर पर ही आधारित नहीं होगी। इसी दिशा में सरकार ने फ्लैक्स, रैमी, सिसल और मिल्कवीड जैसे न्यू ऐज फाइबर को प्राथमिकता में रखा है। यह फाइबर किसानों के लिए कम लागत के साथ अधिक आय देने वाले अनुकूल विकल्प हैं और इनसे पूरी वैल्यू-चेन में नई प्रोसेसिंग, नए उद्योग और बड़े पैमाने पर नए रोज़गार पैदा होंगे। मिल्कवीड जैसे पौधे अब न्यू-एज टेक्सटाइल फाइबर के रूप में उभर रहे हैं और निकट भविष्य में ये किसानों के लिए अतिरिक्त आय का निश्चित ही महत्वपूर्ण स्रोत बनेंगे।

कॉटन पर इम्पोर्ट ड्यूटी में राहत से उद्योग को स्थिरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा

कॉटन पर इम्पोर्ट ड्यूटी हटाने का फैसला उद्योग के लिए तुरंत राहत देने वाला कदम साबित हुआ है। पहले यह राहत 30 सितंबर तक ही दी गई थी, लेकिन इसके सकारात्मक परिणामों को देखते हुए इसे 31 दिसंबर तक बढ़ाया गया है। इस कदम से मिल्स को इंटरनेशनल कम्पेटिटिव दामों पर कॉटन मिलने लगा, जिसकी वजह से यार्न और फैब्रिक की प्रोडक्शन कॉस्ट कम हुई जो सीधे तौर पर हमारे टेक्सटाइल एक्सपोर्ट्स को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूत बनाने वाली साबित होगी। MSMEs के लिए यह कदम विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इम्पोर्ट ड्यूटी में राहत मिलने से अब उन्हें स्थिरता, बेहतर प्लानिंग और कॉस्ट मैनेजमेंट का अवसर मिलेगा।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मृत्यु शैय्या पर

मृत्यु शैय्या पर हूँ आज पड़ी, कब दोगे मुझे दर्शन भगवन, झंझटों में दुनिया के उलझी, पूजा न कभी तुझको भगवन। सबके अपराध क्षमा करते, मैं भी हूँ तेरी कृति भगवन, इस भवसागर से पार करो, अब माँग रही मुक्ति भगवन। इस अंत समय की वेला में, हो जाऊँ लीन तुझमें भगवन, कर दो अपराध क्षमा मेरे, शरणागत हुई तेरी भगवन। आवागमन से मुझे छुड़ा दो, न भटकूँ चौरासी में भगवन, हाथ उठा खड़ी करूँ समर्पण, अब तो सर हाथ धरो भगवन। - **नीरू नीलोफ़र नीलू**

मौसम बूढ़ा

मौसम बूढ़ा, सूरज सठियाना, धीरे-धीरे बीत गवा पुराना। दिनन क गठरी स्मृति भरि आई, कुछ हँसी बची, कुछ टीस समाई। जो छूट गवा, सो पाठ बनावा, जो संग रहा, सो राह दिखावा। नवा बरस अइहै हलकी चाल, बीज धरि जइ है मन क खेताल। न दोष धरब, न रोइब आज, सीख समेटि रचब नव साज। कालचक्र कहै– रुकै न कोय, जो भीतर बदले, वही नवा होय।

– **चिन्मय शुक्ल**

हर कोई माँ का लाल सखी कुछ फिरते क्य

हर कोई माँ का लाल सखी कुछ फिरते क्यूँ बेहाल सखी माँ ने मांगी मन्नत ही सदा फिर हुआ ये कैसा हाल सखी. कैसा यह तेरा सवाल सखी करती विधना ये बवाल सखी किस्मत सबकी न्यारी-न्यारी कुछ कर जाते हैं कमाल सखी। – **जे डी कुदाल** ÷

बादल मुझसे मिलने आए....

बादल मुझसे मिलने आए.... कोहरा बन धरती पर छाए.... लहरा कर जब आते बादल लगता ऐसे माँ का आँचल बादल से जब झरते मोती सर को मेरे ओस भिगोती मुझ पर ममता बरसाने आए बादल महतारी बन आए बादल मुझसे मिलने आए.....– **अलका अग्रवाल**

कहना है कब क्या किसे, इसका

कहना है कब क्या किसे, इसका नहीं शऊर। करता है किस बात पर,फिर भी मुआ गुरूर द्य लगता है पगला गया, अजब गजब हैं बोल, जबसे उसके हाथ से, सिंहासन है दूर।। – **रमेश शर्मा वशिष्ठ**

धूप-छाँव जीवन की साथी। संग तेरे

धूप-छाँव जीवन की साथी। संग तेरे मुझको है भाती।। ये शब्दों की दुनिया प्यारी। जीवन जीना मुझे सिखाती।। सफर बहुत ही न्यारा है ये। दर्द में भी हंसी आ जाती।। ईश्वर से मिला अमूल्य उपहार। लेखन में ही ÷ग़ज़ल'' रम जाती ।। – **डॉ.सविता वर्मा 'ग़ज़ल'**

अबड दिन होगे नोनी के बाबू मड़ई मेला

अबड दिन होगे नोनी के बाबू मड़ई मेला चला जाबो कोसीर गांव म मेला भरे हे घुम घुमा के आबो बछर दिन म मेला होवत हे आनी बानी झुलवा झूलबोन कान म बाली ,पैर के बिछवा बांह भर चूड़ी पहनबो बनज सिनेमा म बैठ के मोर छैया भुइयां 3 देखबो ...चला कोसीर मेला ल जाबो संगी ज़हुरिया संग होही जाहि भेंट हली भली हो जाबो बछर दिन म मेला भराए हे बिसाहू होटल म मिठाई खाबों चला कोसीर मेला ल घुम आबो।

– **लक्ष्मीनारायण लहरे**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आपके सभी कार्य आशा के विपरीत रहने वाले है। स्वास्थ्य भी अचानक बिगड़ने से कार्य करने में असहजता होगी सेहत की अनदेखी करके कार्यो में लगे रहेंगे। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति करने में असहजता अनुभव करेंगे।

वृषः आज के दिन आप यात्रा की योजना बनाएंगे परन्तु अंत समय में निर्णय की स्थिति के कारण स्थगित करनी पड़ सकती है। नौकरी व्यवसाय में परिश्रम के बाद स्थित पूर्णतः आपके नियंत्रण में रहेगी।

मिथुनः आज के दिन परिस्थितियों में थोड़ा सुधार रहेगा। नौकरी व्यवसाय सम्बंधित कार्यो के प्रति अधिक गंभीर रहेंगे। सामाजिक क्षेत्र पर भी आज महिलाओं की छवि गर्म मिजाज वाली बनेगी।

कर्कः आज के दिन आपकी सोची योजनाएं असफल होने की संभावना है कार्यो में पहले सफलता मिलती नजर आएगी लेकिन अंत समय में कोई व्यवधान आएगा।

सिंहः आज के दिन आपकी राशि से चतुर्थ चंद्र सम्बन्धो अथवा आर्थिक मामलो में अवश्य हानि कराएगा। प्रत्येक कार्यो को करने से पहके भली भांति जांच परख लें।

कन्याः आज के दिन आप अधिक व्यस्त रहेंगे व्यवसाय एवं घर के कार्य एक साथ आने से थोड़ी परेशानी रहेगी फिर भी तालमेल बैठा लेंगे। मध्यान के समय आकस्मिक धन प्राप्ति होगी।

तुलाः आज के दिन आप आत्मनिर्भर होकर कोई भी कार्य नहीं कर पाएंगे अधिकांश कार्यो में किसी की सहायता की आवश्यकता पड़ेगी परन्तु कार्यो में मार्गदर्शन के बाद भी सफलता आज संदिग्ध ही रहेगी।

वृश्चिकः आपका आज का दिन मिला जुला रहेगा। मन के विचार पल में बदलने से निर्णय लेने में परेशानी होगी अथवा निर्णय जल्दबाजी में लेने से गलत सिद्ध होंगे।

धनुः आपके लिये आज का दिन कष्ट वाला रहेगा। घरेलु कलह के कारण दिनचर्या अस्त-व्यस्त रहेगी। असंयमित खान पान के कारण सेहत खराब हो सकती है।

मकरः सामाजिक दृष्टिकोण से आज का दिन मान-सम्मान दिलाने वाला रहेगा लेकिन अहम् की भावना भी अधिक रहेगी। पुराने निवेश से भी लाभ की संभावना है।

कुंभः आज के दिन आपके अंदर परोपकार की भावना रहेगी। लेकिन सामजिक व्यवहारों के प्रति नीरसता दिखायेगे आस पास की घटनाओं को जानते हुए भी अनदेखा करेंगे। आध्यात्म में निष्ठा होने पर भी रूचि कम ही रहेगी।

मीनः आज के दिन आप धार्मिक गतिविधियों में अधिक सक्रियता दिखाएंगे तंत्र मंत्र एवं गुड़ विषयो के नए अनुभव मिलेंगे।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) कौन-सी फिल्म अंतरिक्ष में शूट की जाने वाली पहली फीचर फिल्म है?

2) आर्कटिक परिषद किस घोषणा के माध्यम से बनाई गई थी?

3) विलिंगडन आइलैंड, भारत के किस शहर में स्थित है?

4) अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस हर साल कब मनाया जाता है?

5) हाल ही में मध्य प्रदेश में एक स्मारक से सम्मानित रानी दुर्गावती किस वंश से संबंधित थीं?

उत्तरमाला- (1) द चैलेंज (2) ओटावा घोषणा (3) कोच्चि (4) 26 जनवरी (5) गोंड वंश

शब्द सागर

विधायक देवेंद्र के उपवास से भाजपा खेमे में खलबली : रिटेंशन स्कीम, लीज नवीनीकरण, निजीकरण सहित अन्य मुद्दों पर आंदोलन को समर्थन न देने की अपील जारी

भिलाईवासी बोले - केंद्र में भाजपा की सरकार, फिर भाजपा सांसद क्यों कर रहे खानापूर्ति, करें ठोस पहल, निकालें समाधान

भिलाई/नवप्रदेश। विधायक देवेंद्र यादव ने सेल-बीएसपी प्रबंधन के जन विरोधी निर्णय के खिलाफ आंदोलन का आगाज कर दिया है। 20 दिसंबर व 21 दिसंबर को सिविक सेंटर में दो दिवसीय उपवास करने का ऐलान किया है। रिटेंशन स्कीम आवास का नया नियम वापस लेने, कार्मिकों को मिनिमम वेज, टाउनशिप मार्केट के लीज नवीनीकरण, सेक्टर 9 हॉस्पिटल के निजीकरण, हाउस फॉर ऑल स्कीम के मुद्दे पर विधायक देवेंद्र यादव के गांधीवादी आंदोलन के फैसले से भाजपा की नींद उड़ गई है। भाजपा नेता अब भिलाईवासियों के हित में किये जाने वाले आंदोलन को समर्थन न देने का ऐलान करने लगे हैं। दूसरी ओर भिलाई के बाशिंदो का बड़ा तबका कह रहा है कि केंद्र में भाजपा की सरकार है। ऐसे में भाजपा के सांसद विजय बघेल और पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय चुप्पी क्यों साधे हैं। इन मामलों में कोई भी कारगर पहल करने की बजाय खानापूर्ति क्यों की जा रही है।

इन मुद्दों पर विधायक देवेंद्र यादव ने सभी यूनियनों और व्यापारियों से समर्थन मांगा है। सभी मजदूर यूनियनों को विधायक ने पत्र लिखकर कहा है कि बीएसपी प्रबंधन की जनविरोधी नीतियों के खिलाफसभी को एकजुट होना पड़ेगा। उन्होंने भिलाई सहित बीएसपी से जुड़े लोगों को एकजुट होकर आंदोलन को समर्थन देने की अपील की है। देवेंद्र की अपील से बीएसपी से ज्यादा भाजपा में हड़कंप है।

विधायक ने इंटक, सीटू, एटक, एक्टू, स्टील, ठेका श्रमिक यूनियन, भिलाई अनाधिशासी कर्मचारी संघ, ओए ऑफिसर्स एसोसिएशन, एम्पलाइज एसोसियेशन समेत सभी यूनियन और संगठनों से विधायक ने समर्थन मांगा है। विधायक ने कहा कि सेल-बीएसपी प्रबंधन यहां के बजट में कटौती कर कार्मिकों, ठेका श्रमिकों, सेवानिवृत्त और पूर्व कार्मिकों को दी जाने वाली शिक्षा, चिकित्सा और आवास जैसे अनिवार्य सुविधाओं में कटौती कर रही है।

लीज और रिटेंशन स्कीम के तहत आबंटित आवासों के किराए की दर में मनमानी बढ़ोतरी की गई है। लीजधारियों को नोटिस जारी कर आवास खाली करने दबाव बनाया जा रहा है। संयंत्र में वर्षों से कार्यरत श्रमिकों की छंटनी की जा रही है। श्रमिकों के हक का मिनिमम वेज नहीं दिया जा रहा है। संयंत्र को निजीकरण की ओर धकेला जा रहा है।

समर्थन न देने की अपील जारी

भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ कामर्स भिलाई के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने शहर के व्यापारियों, सामाजिक, शैक्षणिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों से अपील की है कि ऐसे किसी भी आयोजन या आंदोलन में अपनी भागीदारी न दें, जो सांसद विजय बघेल और पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय के प्रयासों को नुकसान पहुंचा रहे हों। ज्ञानचंद ने कहा कि दोनों जनप्रतिनिधियों द्वारा किये जा रहे कार्य उन्हें विश्वास में लेकर किये जा रहे हैं।

ऐसी स्थिति में चैंबर ऑफकॉमर्स का संगठन विजय बघेल और प्रेम प्रकाश पांडेय के नेतृत्व में एकजुट है। जारी बयान में कहा गया है कि समस्या के समाधान के लिये केंद्रीय इस्पात मंत्रालय, केंद्रीय वित्त मंत्रालय व केंद्रीय अंकेक्षक विभाग को विश्वास में लेकर हल निकाला जा रहा है। सांसद विजय बघेल के प्रयासों से यह संभव हो पा रहा है। सांसद बघेल ने दुकान व आवास, सामाजिक संस्थाओं की भूमि के नवीनीकरण में नई दिल्ली में इस्पात मंत्री के साथ चैंबर पदाधिकारियों की बैठक करवाई है। पॉलिसी में बदलाव की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से किसी अन्य राजनीतिक दल या व्यक्ति के बहकावे में ना आने की अपील की गई है।

सांसद बघेल ठोस पहल नहीं कर रहे, टाउनशिप के लोग उतरेंगे सड़क पर : आरपी शर्मा

केंद्र सरकार से नीतियां बदलवाएं सांसद

आचार्य नरेंद्र देव स्मृति जन अधिकार अभियान समिति व लोकनायक जय प्रकाश नारायण स्मारक संस्थान के संयोजक आरपी शर्मा ने बीएसपी के हालिया फैसलों के मद्देनजर सांसद विजय बघेल पर शिथिलता बरतने का आरोप लगाया है। शर्मा ने बयान जारी कर कहा है कि बीएसपी प्रबंधन मनमाने ढंग से सेवानिवृत्त और सेवारत कर्मियों को परेशान कर रहा है। सांसद विजय बघेल केंद्र सरकार के प्रतिनिधि है। उन्हें सीधे केंद्र सरकार से बात करनी चाहिए।

रिटेंशनधारियों के लिए बढ़ाए गए किराए और तृतीय पक्ष अवंटियों की किराए में की गई मनमानी वृद्धि बीएसपी प्रबंधन का एकतरफा और दमनपूर्ण निर्णय है। सांसद को सख्ती से कदम उठाना चाहिए। केंद्र सरकार से बात कर आम लोगों को राहत दिलाना चाहिए। लेकिन, सांसद विजय बघेल सिर्फ बीएसपी प्रबंधन से चर्चा कर खानापूर्ति कर रहे हैं।

शर्मा ने कहा कि बीएसपी प्रबंधन ने नए दिशा निर्देश और किराए में बेतहाशा वृद्धि से बीएसपी के नियमित कर्मियों, ठेका श्रमिकों, लीजधारियों, रिटेंशनधारियों, थर्ड पार्टी आवंटियों, दुकानदारों, टाउनशिप के निवासियों और श्रमिक बस्ती में निवासरत लोगों के बीच गंभीर चिंता और भय का वातावरण है। सांसद बघेल सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं। बीएसपी मैनेजमेंट की बजाय सांसद को केंद्र सरकार और इस्पात मंत्रालय से चर्चा करना चाहिये।

शर्मा ने कहा कि बीएसपी प्रबंधन मनमाने ढंग से बीएसपी के स्कूल, अस्पताल और मैत्री बाग जैसी परिसंपत्तियों को बेचने पर उतारू है। सांसद बघेल जनभावनाओं को समझते हुए बीएसपी के केंद्र सरकार और इस्पात मंत्रालय से निर्णायक चर्चा करें। सांसद बघेल अगर दिल्ली स्तर पर पहल नहीं करेंगे तो इस्पात नगरी के निवासी एकजुट होकर अपने जनप्रतिनिधि के विरुद्ध भी सड़क पर उतरने से परहेज नहीं करेंगे। बीएसपी के रवैय्ये से कार्मिको व ठेका श्रमिकों सहित व्यापारियो ने हताशा और निराशा है।

न्यूज गैलरी

1 करोड़ 9 लाख की लागत से बनेगा बीटी रोड का भूमिपूजन

कुम्हारी। नगर पालिका कुम्हारी के वार्ड 11 में 1 करोड़ 9 लाख की लागत से बनने वाली बीटी रोड का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल की पत्नी रजनी बघेल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता नपा अध्यक्ष मीना वर्मा ने की। इस कार्यक्रम में तुलसी ध्रुव, पार्षद रितिका मिथिलेश यादव, लोकेश साहू, अश्वनी देशलहरे, डिकेश पटेल, अनुराग गुप्ता, उमेश्वरी साहू, हरिदास वैष्णव, लता साहू, ममता साहू, हेमलता निषाद, निर्मला कुर्रे, योगेश साहू, मिथिलेश यादव, राजू निषाद, पीएन दुबे, रामाधार शर्मा, अवधेश शुक्ला, पंकज वर्मा, वीरू सिंह, रागिनी निषाद, भावना बंजारे एवं फिंगेश्वर साहू आदि उपस्थित थे।

तहसीलदार ने किया जामुल स्कूल का औचक निरीक्षण

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता ने गत दिवस जामुल स्थित शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला (संकुल ढौर) का आकस्मिक निरीक्षण किया। स्कूल के शौचालय में व्याप्त गंदगी को देखकर तहसीलदार ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। स्कूल प्रबंधन को तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने निर्देश दिए। उन्होंने अध्यापन व्यवस्था और मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की। तहसीलदार ने स्वयं कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं से बीतचीत की और उनसे प्रश्न पूछकर शिक्षा के स्तर को परखा। उन्होंने बच्चों के शैक्षणिक स्तर के साथ-साथ उनके शारीरिक और बौद्धिक विकास पर विशेष जोर देते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

विपक्ष को कुचलने भाजपा और मोदी कर रहे ईडी, सीबीआई समेत सरकारी तंत्रों का दुरुपयोग : भूपेश बघेल

■ संगठन को मजबूत बनाएं : भूपेश बघेल

दुर्ग/नवप्रदेश। नेशनल हेराल्ड मामले में कोर्ट द्वारा ईडी को फटकार लगाने के बाद दुर्ग में कांग्रेस ने आज बीजेपी कार्यालय का घेराव करने का ऐलान किया था। कांग्रेसी तय समय पर भाजपा कार्यालय का घेराव करने निकले। प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को रोकने तीन स्तरों पर बेरिकेडिंग की थी। कांग्रेसियों ने दो बेरिकेडिंग को तोड़कर आगे बढ़े लेकिन पुलिस की सख्ती के कारण भाजपा कार्यालय तक नहीं पहुंच सके। दुर्ग में सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जमकर गरजे।

भूपेश ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा सरकार ने विपक्ष को दबाने और कुचलने के लिए ईडी, सीबीआई सहित सभी सरकारी तंत्रों का दुरुपयोग करने का कुचक्र रचा है। कोर्ट के निर्णय ने साबित कर दिया कि मोदी और अमित शाह की भाजपा सरकार विपक्ष को फर्जी शिकायत और फर्जी मामलों में फंसाकर डराना चाहती है।

पिछले 7 वर्षों से भाजपा ने यही किया है। उन्हें मालूम है कि कांग्रेस डरने वालों में से नहीं है। जो कांग्रेसी आजादी के पहले अंग्रेजों से नहीं डरे, वो आजादी के बाद इन वोट चोरों से क्यों डरेंगे। कोर्ट ने भाजपा को आईना दिखाया है। भविष्य में सभी कांग्रेसी सड़क पर जाकर पूरे देश में षड्यंत्रकारी भाजपा को बेनकाब करेंगे।

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी को फंसाने का प्रयास कई बार देश के गृहमंत्री अमित शाह और मोदी सरकार ने किया है, लेकिन कोर्ट के साथ देश की जनता के सामने इस सत्ता की भूखी षड्यंत्रकारी भाजपा सरकार का असली चरित्र उजागर हो गया है। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि बिना ठोस आधार के चलाई गई यह कार्यवाही दुर्भावना से प्रेरित थी, जिसे अदालत ने सिरे से खारिज कर दिया। संविधान और कानून सत्ता से ऊपर हैं। सत्य को चाहे जितना परेशान किया जाए, अंततः सत्य ही विजयी होता है।

सभा को दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर, दुर्ग शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने भी संबोधित किया। सभा के बाद कांग्रेसी रैली के रूप में राजीव भवन दुर्ग से भाजपा कार्यालय की ओर बढ़े। भाजपा और पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए कांग्रेसियों ने 2 बेरीकेड्स को तोड़ दिया। कांग्रेसी तीसरे और अंतिम बेरीकेट तक पहुंच गए। पुलिस की कड़ी घेरेबंदी के कारण कांग्रेसी तीसरे बेरिकेड्स तक नहीं पहुंच सके।

घेराव के दौरान भिलाई शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, पूर्व साडाध्यक्ष लक्ष्मण चंद्राकर, पूर्व सभापति राजेश यादव, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, अब्दुल गनी, भास्कर कुंडले, दीपक साहू, अय्यूब खान, अलताफ अहमद, राजकुमार पाली, अजय मिश्रा, राजकुमार साहू, राय सिंह ढिकोला, नासिर खोखर, सुशील भारद्वाज, आनंद ताम्रकार, आशीष वर्मा, मनीष बंछोर, अशोक साहू, शमशीर कुरैशी, करीम खान, कमलेश साहू, दिनेश साहू, जयश्री वर्मा, लोचन यादव, संतोष बाफना, रज्जाक खान, प्रेमलता साहू, संजू धनकर, हेमा साहू, सोनू साहू, पोषण साहू, सौरभ ताम्रकार, रोहित ताम्रकार, श्रद्धा सोनी, शकुन ढीमर, माहेश्वरी ठाकुर, मनीष सोनी सहित सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित रहे।

धान खरीदी में गोलमाल - दो समिति प्रभारी सस्पेंड

■ रिकॉर्ड और स्टाक के आंकड़े अलग-अलग

दुर्ग/नवप्रदेश। धान खरीदी प्रक्रिया में भौतिक सत्यापन के दौरान गंभीर खामियां पाए जाने पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। जिले में सेवा सहकारी समिति मर्यादित खिलोराकला में अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण और पंचनामा रिपोर्ट के अनुसार, रिकॉर्ड से कुल 112.80 क्विंटल (282 बोरा) धान अधिक पाया गया। इसमें 72.40 क्विंटल मोटा धान और 40.40 क्विंटल सरना धान शामिल है। इसी प्रकार सेवा सहकारी समिति मर्यादित कन्हारपुरी के भौतिक सत्यापन में भी भारी विसंगति मिली। कुल 181 बोरा अतिरिक्त धान पाया गया और स्टॉक में मोटा धान (+437 बोरा) और सरना धान (-258 बोरा) के आंकड़ों में भारी अंतर देखा गया। इन दोनों केंद्रों पर धान की स्टेकिंग अव्यवस्थित पाई गई, जो शासन की धान खरीदी नीति का स्पष्ट उल्लंघन है। इस घोर लापरवाही और छत्तीसगढ़ सेवा नियम के नियम के अंतर्गत 'दुराचरण' की श्रेणी में आने वाले आचरण के कारण सक्षम प्राधिकारियों ने खिलोराकला के समिति प्रभारी देवदत्त पटेल और कन्हारपुरी के समिति प्रभारी सेवाराम पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान दोनों कर्मचारियों को नियमानुसार निर्वाह भत्ता देय होगा।

लिव इन पार्टनर ने की थी प्रेमिका की हत्या

■ बोरे में बंद लाश के मामले का पुलिस ने किया खुलासा

भिलाई/नवप्रदेश। 13 दिसंबर को बोरे में बंद महिला की लाश मिलने के बाद पुलिस ने हत्या के इस मामले का खुलासा कर दिया है। महिला का नाम आरती निर्मलकर उर्फ भारती है। महिला की हत्या उसके लिव इन पार्टनर तुलाराम बंजारे ने की थी। पुलिस ने बताया कि 5 दिसंबर को शाम दोनों ने शराब पार्टी की। इसके बाद खाना खाया। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

आरोपी ने गुस्से में आकर आरती का गला दबा दिया। जमीन पर गिरने के बाद आरती दोबारा नहीं उठ पाई। आरती की मौत होने के बाद आरोपी तुलाराम ने आरती के कपड़े उतारकर चूल्हे में जला दिया। आरती के शव को घुटने से मोड़कर प्लास्टिक की रस्सी से बांध कर बोरी में डाला।

आरती की हत्या के बाद आरोपी तुलाराम ने अपने भाई गोवर्धन प्रसाद बंजारे और दोस्त ऑटो चालक शक्ति भौयर दी। दोनों ने लाश को ठिकाने लगाने में आरोपी की मदद की। आरती की लाश को पैक कर शक्ति की ऑटो में डालकर शहर में घूमते रहे। चंद्रा-मौर्या अंडर ब्रिज के पास लोगों की आवाजाही होने के कारण कई घंटो तक वे ऑटो में ही बैठे रहे। सन्नाटा होने के बाद तड़के 3 बजे लाश को नाली में रखकर भाग गए।

पुलिस ने बताया कि महिला शराब-तंबाकू की आदी थी। इससे पहले भी वो दो पति को छोड़ चुकी थी पहले पति का नाम सुरेश और दूसरे का नाम लखन है।

1 जनवरी से संभाग के सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से होगा कामकाज : संभागायुक्त

दुर्ग/नवप्रदेश। संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने कहा कि संभाग के सभी कार्यालयों में 1 जनवरी से कार्य संपादन ई-ऑफिस के माध्यम से होगा। उन्होंने आज संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक में अधीनस्थ कार्यालयों में ई-ऑफिस सिस्टम के संबंध में विभागवार जानकारी ली। आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संभाग आयुक्त ने अधिकारियों को शासन की मार्गदर्शी निर्देशों से अवगत कराते हुए कहा कि प्रदेश में शासकीय कार्यों को अधिक प्रभावी, सरलीकृत उत्तरदायी और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से मंत्रालय, विभागाध्यक्ष और जिले स्तर पर ई-ऑफिस सिस्टम प्रारंभ की गई है।

मंत्रालय के सभी विभागों और राज्य के विभिन्न कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से नस्ती और डाक का संपादन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि शासन द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार 1 जनवरी से समस्त विभागाध्यक्ष, संभागायुक्त और कलेक्टर कार्यालय में संपूर्ण कार्यालयीन नस्ती और डाक का संपादन ई-ऑफिस के माध्यम से ही किया जाएगा। विभाग प्रमुख के अनुमोदन के बिना कोई भी फिजिकल फाईल संचालित नहीं की जाएगी।

ऐसे प्रकरण जिस पर शासन स्तर पर सहमति या अनुमोदन की आवश्यकता हो उसे अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा ई-ऑफिस के फाईल के माध्यम से शासन को प्रेषित किया जाएगा। अधिकारियों द्वारा शासकीय प्रवास के दौरान मुख्यालय से अन्यत्र भी ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य संपादित किया जाएगा। सार्वजनिक अवकाश अवधि में शासकीय सेवक ई-ऑफिस के माध्यम से आवश्यकतानुसार कार्य संपादित कर सकते है। यथा संभव दस्तावेज को डिजिटली जनरेट किया जाएगा। प्रिंट देने के बाद स्कैन कर फाईल अपलोड कार्य को हतोत्साहित करने के निर्देश दिये।

संभाग आयुक्त राठौर ने कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान रबी फसलों के लिए पर्याप्त खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला अस्पताल कवर्धा में बंद ऑक्सीजन संयंत्र को चालू कराने आवश्यक पहल करने सीजीएमसी के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने संभाग के जिलों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत समूह जल प्रदाय योजना की समीक्षा करते हुए योजनांतर्गत निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

संभाग आयुक्त ने कहा कि अधिकारिक फील्ड विजिट के दौरान धान उपार्जन केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्था की जानकारी ले। किसी प्रकार की समस्या होने पर संभागीय कार्यालय को अवगत कराने कहा। मरम्मत योग्य सड़कों के बारे में भी जानकारी मांगी। बैठक में उपायुक्त (राजस्व) पदुमलाल यादव, उपायुक्त (विकास) संतोष ठाकुर सहित समस्त विभाग के संभाग स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय सेमिनार में भूतपूर्व छात्र अपने पेशे के अनुभवों, नवाचारों और ज्ञान को करेंगे साझा

कामधेनु विश्वविद्यालय के एलुमनाई मीट में देश-विदेश से जुटेंगे 5 सौ से ज्यादा भूतपूर्व छात्र

दुर्ग/नवप्रदेश। दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा दुर्ग के भूतपूर्व छात्र 40 साल बाद एक-दूसरे से मिलेंगे। स्टूडेंट लाइफ की यादें ताजा करेंगे। सबसे अहम बात ये है कि ये भूतपूर्व छात्र अपने विश्वविद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति के लिए विचार और अनुभव भी साझा करेंगे। आगामी 20 और 21 दिसंबर को रोमन पार्क पुलगांव में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित भूतपूर्व छात्रों के एलुमनाई मीट-2025 में रंगारंग कार्यक्रम भी होंगे। सेमिनार भी होगा और वर्तमान छात्रों को करियर गाइडलाइन देने के लिये टिप्स भी दिये जाएंगे।

विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मंजू रॉय व प्रोफेसर डॉ. एचके रात्रे ने गुरुवार को मीडिया से चर्चा के दौरान

एलुमनाई मीट की विस्तार से जानकारी दी। उन्होने बताया कि रिकनेक्ट एण्ड रिफ्लेक्ट तथा स्ट्रेंथनिंग द प्रोफेशनल अलाईन्स अमंग एलुमनाई' विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया है। इसमें वेटरनरी, डेयरी व फिशरी संकाय के करीब पांच सौ भूतपूर्व छात्र जुटेंगे। मीट में शामिल होने इन भूतपूर्व छात्रों में से 8 छात्र ऐसे हैं जो विदेश से आ रहे हैं। 70 भूतपूर्व छात्र देश के 12 राज्यों से और करीब 300 से अधिक भूतपूर्व छात्र छत्तीसगढ़ राज्य से एलुमनाई मीट का हिस्सा बनेंगे।

ये भूतपूर्व छात्र न केवल वेटरनरी बल्कि डिफेंस, मेडिकल, साइंटिस्ट, प्रोफेसर व प्रशासनिक क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे हैं। देश व विदेश में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले भूतपूर्व छात्रों की उपलब्धियां एलुमनाई मीट के दौरान वर्तमान छात्रों को कैरियर की दिशा में आगे बढने में मार्गदर्शन देने का काम करेगी। एलुमनाई मीट की शुरुआत 20 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे होगी। इस अवसर पर कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी, मछली पालन, पशुधन विकास मंत्री रामविचार नेताम, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, वेटरनरी कॉउंसिल ऑफ इंडिया नई दिल्ली के प्रेसीडेंट डॉ. उमेशचंद्र शर्मा, आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, विधायक रिकेश सेन, विधायक ललित चंद्राकर, डीयूवीएएसयू मथुरा के कुलपति डॉ. अभिजीत मित्रा, आईजीकेवी रायपुर कुलपति डॉ. गिरीश सिंह चंदेल, कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसएसपी विजय अग्रवाल, स्टेट वेटरनरी सर्विस एडीशनल डायरेक्टर डॉ. केके ध्रुव, हेड क्वार्टर सेंट्रल कमांड ब्रिगेडियर अमित रस्तोगी अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। एलुमनाई मीट कामधेनु विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर आर बी सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया है। डॉ. मंजू रॉय ने बताया कि एलुमनाई मीट का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय सेमिनार के माध्यम से भूतपूर्व छात्रों के पेशेवर अनुभवों, नवाचारों और ज्ञान का साझा करना, बैचमेट्स, सीनियर्स, जूनियर्स और शिक्षकों को एक मंच पर लाकर स्थायी रिश्ता बनाना और स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी स्तर के भूतपूर्व छात्रों द्वारा संस्थान के अनुसंधान कार्यों और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा करना है। विश्वविद्यालय के लिए यह गौरव का विषय है कि इस संस्थान से निकले छात्र आज देश-दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। कार्यक्रम में न केवल देश के कोने-कोने से बल्कि कनाडा, कैलिफोर्निया, दुबई और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में अपनी सेवाएं दे रहे।

विधायक रिकेश ने कार्यालय में कंबल बैंक का किया शुभारंभ, डेढ़ हजार कंबल बांटे

भिलाई नगर/नवप्रदेश। गुरू घासीदास जयंती पर वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में गरीबों, बेघरों, वृद्धों, दीन-दुखियों को ठंड से बचाने कंबल बैंक की शुरुआत हो गई है। विधायक सेन ने बताया कि शांति नगर जीरो रोड स्थित विधायक कार्यालय में कंबल बैंक का आज शुभारंभ व वितरण प्रारंभ किया है। इस बैंक के माध्यम से जरूरतमंद दीन-दुखियों और बेघर लोगों को भीषण ठंड से बचाया जा सके। वास्तव में ऐसे लोगों तक कंबल पहुंचाने के लिये ही बैंक शुरू किया गया। कार्यालय में ऐसे जरूरतमंद पहुंच कर कंबल प्राप्त कर सकेंगे।

गुरु घासीदासजी का मुख्य संदेश मनखे-मनखे एक समान है, जिसका अर्थ है सभी मनुष्य बराबर हैं और उनमें कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। वैशाली नगर विधानसभा में जरूरतमंद लोगों के लिये कंबल बैंक बड़ा सहारा बनेगा। कंबल उन्हें हाइपोथर्मिया और शीतदंश जैसी गंभीर बीमारियों से बचाएगा। उन्होंने कहा कि पहली खेप में बैंक के लिए उन्होंने 5 हजार कंबलों की व्यवस्था की थी। उद्घाटन के बाद लगभग डेढ़ हजार कंबल का वितरण आज शाम तक किया जा चुका है।

: निधन : सीतादेवी हरमुख

दुर्ग/नवप्रदेश। ग्राम थनौद निवासी सीतादेवी हरमुख का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम थनौद के मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. भरतलाल हरमुख की पत्नी, शिक्षक शेषनारायण हरमुख, रिसाली निगम कर्मचारी चंद्रपाल हरमुख की माता और अमिता हरमुख, लीना हरमुख की सास थी।

पैसेंजर ट्रेन का कैटल गार्ड क्षतिग्रस्त

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले में पैसेंजर ट्रेन का कैटल रन ओवर होने के कारण यात्रा रद्द करनी पड़ी। 17 दिसंबर को दोपहर 1:30 बजे दुर्ग से पैसेंजर ट्रेन अंतागढ़ की ओर जा रही थी। इस बीच लाटाबोरड पार होने के बाद बालोद पहुंचने के पहले एक गाय ट्रेन के आगे आ गई। पैसेंजर ट्रेन के इंजन के सामने लगा कैटल गार्ड क्षतिग्रस्त हो गया।

इसी हालत में ट्रेन बालोद के आगे बढ़ती रही। भैंसबोड़ के पास एक अन्य गाय ट्रेन से टकरा गई। लगातार हुए दो हादसे से कैटल गार्ड काफी क्षतिग्रस्त हो गया। इससे ट्रेन के पटरी से उतरने का खतरा होने के कारण पैसेंजर ट्रेन के चालक ने उच्च अधिकारियों को सूचित कर दल्ली राजहरा में ट्रेन रोक दी। अधिकारियों ने आगे की यात्रा रद्द करने का फैसला किया।

यात्रियों को दल्ली राजहरा में उतरकर अन्य साधनों से अपने गंतव्य तक जाना पड़ा। यही ट्रेन आगे अंतागढ़ पहुंचकर वापस अंतागढ़ से दुर्ग, रायपुर के लिये रवाना होती है।

इस ट्रेन को भी रद्द किया गया। रेलवे के अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि अपने जानवरों को पटरी के आसपास बिल्कुल ना छोड़ें। इससे मवेशियों की जान जाती है। यात्रियों की जान को भी काफी खतरा रहता है। ट्रेन के पटरी से उतरने पर बड़ा हादसा हो सकता था। इस असुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने खेद व्यक्त किया है। अन्य ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर चलती रही।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन ने सौंपे अनुकंपा नियुक्ति पत्र

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष निवास जी.ई.रोड राजनांदगांव में आज आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव नगर निगम के दिवंगत कर्मचारियों के 6 आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपा। उन्होंने 1 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व 2 आंगनबाड़ी सहायिका को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि आज निगम में कार्यरत 6 दिवंगत कर्मचारियो के परिवार से अनुकंपा नियुक्ति दी जा रही है। अनुकंपा नियुक्ति बहुत आवश्यक है, क्योकि परिवार के मुखिया का आकस्मिक निधन होने पर परिवार के ऊपर हर प्रकार का संकट आ जाता है। अनुकंपा नियुक्ति मिलने से राहत मिलती है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। इनके द्वारा शासन की योजनाओं को घर-घर पहुंचाया जाता है। आंगनबाडी केन्द्र में नवजात शिशु व गर्भवती महिलाओं को पोषक आहार देने के साथ-साथ बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा दी जाती है, इसमें भी इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व मण्डी उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य राजेश जैन रानू, शैकी बग्गा, राजा माखीजा, आलोक श्रोती, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, पार्षद संदीप बघेल, पार्षद प्रतिनिधि पंकज कुरंजेकर उपस्थित रहे।

महापौर यादव ने कहा कि आज नगर निगम के 6 आश्रितों राजा श्रीवास, जितेन्द्र कुलदीप, अतीश मोंगरे, संजय सोनवानी, दुर्गेश साहू व अजय सिंह राजपूत को उनके दिवंगत पिता के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति दी जा रही है। बसंतपुर के आंगनबाड़ी में देवकुमारी साहू को कार्यकर्ता और मोहारा व पेन्ड्री के आंगनबाड़ी में सहायिका के लिये नियुक्ति पत्र दिया गया। अप्रैल 2025 से अब तक 23 आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति दी गई है।

न्यूज गैलरी

भाजयुमो के नव नियुक्त प्रदेश मंत्री मोनू सिंह का स्वागत

राजनांदगांव। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री मोनू बहादुर सिंह ने नियुक्ति के बाद आज शीतला मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद वे मानव मंदिर चौक पहुंचे, जहां युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के बाद मोनू बहादुर सिंह विधानसभा निवास पहुंचे। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया और नियुक्ति के लिए आभार व्यक्त किया।

आरोपी मेराज को भेजा जेल

बालोद। छेडखानी और जातिगत टिप्पणी के मामले में थाना राजहरा में दर्ज रिपोर्ट के आधार पर आरोपी मोहम्मद मेराज निवासी राजहरा को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी मेराज पिता स्व. अब्दुल रहीम उम्र 29 वर्ष, वार्ड क. 15 शहीद अस्पताल के पास राजहरा को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

राज्य स्तरीय विकलांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन 21 को

राजनांदगांव। अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत रायपुर, मारवाड़ी युवा मंच रायपुर सेंट्रल, कान्यकुब्ज सभा व शिक्षा मंडल तथा सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 16 वां राज्य स्तरीय विकलांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन का निशुल्क आयोजन 21 दिसंबर को आशीर्वाद भवन, बैरन बाजार रायपुर में उद्घाटन सुबह 11 बजे होगा। विकलांग चेतना परिषद के प्रांत अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल व महामंत्री संतोष तिवारी ने जानकारी दी। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि रहेंगी। विशिष्ट अतिथि रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, अग्रवाल सभा अध्यक्ष विजय अग्रवाल और डॉ. विनोद पांडेय (धमतरी) उपस्थित रहेंगे।

कांग्रेसियों ने किया भाजपा कार्यालय का घेराव

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम द्वारा नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर जिला भाजपा कार्यालय कवर्धा का घेराव कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। घेराव कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने किया। हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी, युवा, महिलाएं भारी जोश, ऊर्जा और एकजुटता के साथ प्रदर्शन में शामिल हुए। भाजपा की तानाशाही व बदले की राजनीति के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में न्यायालय का फैसला भाजपा द्वारा रचे गए झूठे षड्यंत्र की करारी हार है। यह साबित करता है कि सत्य को कितनी भी साजिशों से दबाया जाए, अंततः जीत सच की ही होती है। पूर्व विधायक ममता चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज दबाने के लिए लगातार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क से लेकर सदन तक लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब देंगे। पूर्व मंडी अध्यक्ष लालजी ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ झूठे मामलों के जरिए भाजपा देश में डर का माहौल बनाना चाहती है। पूर्व जिला अध्यक्ष महेश चंद्रवंशी ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में फैसला भाजपा की नकारात्मक राजनीति का अंत है। नीलकंठ चंद्रवंशी ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज एफआईआर को न्यायालय द्वारा रद्द किया जाना केवल कांग्रेस की नहीं, बल्कि पूरे देश की जीत है। पूर्व राजीव युवा मितान क्लब के जिला समन्वयक मनीष शर्मा ने कहा कि भाजपा ने इस मामले के जरिए जनता का ध्यान महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और जनविरोधी नीतियों से हटाने की कोशिश की। कार्यक्रम में वीरेंद्र जांगड़े, जगमोहन साहू, अशोक ठाकुर, मणिकांत त्रिपाठी गोपाल चंद्रवंशी चौकी लाल साहू पीतांबर वर्मा सतीश सिंह मोहम्मद कलीम खान विजय पांडे विकास केसरी आकाश केसरी हितेश चंद्रवंशी तुकाराम चंद्रवंशी महेंद्र कमकर भोला चंद्रवंशी विनोद चंद्रवंशी रोहित चंद्रवंशी दुपता गढ़वाल हीरामणि ग्वाला नेतराम जंघेल चोवा राम साहू शरद बंगाली नीलकंठ साहू मोहम्मद अजहर खान डॉ राजेंद्र चंद्रवंशी धीरज सिंह ठाकुर तुकेश्वर साहू कृष्णा साहू सत्येंद्र वर्मा पंचू कोसरिया विवेक जायसवाल हेमंत ठाकुर सहित सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

सवा लाख की व्हिस्की के साथ स्कार्पियो वाहन व हाथ भट्ठी से बनी कच्ची महुआ शराब जब्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश और प्र. सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशन में लगातार चलाए जा रहे अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान के तहत एमपी में निर्मित शराब के साथ स्कॉर्पियो वाहन को जब्त किया गया है। अनिल सिंह आबकारी उप निरीक्षक, राजकुमार कुर्रे आबकारी उप निरीक्षक, स्टाफ ओमप्रकाश सिन्हा, आर्यन ठाकुर, भोजराज बंजारे आबकारी आरक्षक व अनिल सिन्हा के दल ने घटना स्थल आबकारी जाँच चौकी बोरतलाब में आरोपी सतीश बनोठे पिता प्रहलाद बनोठे उम्र 33 वर्ष, निवासी मोहाटोला, थाना साल्हेकसा जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) और सरोज बनोठे पिता चंदेलाल बनोठे उम्र 34 वर्ष निवासी बोथली थाना बहिला जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश) द्वारा सफेद रंग की महिंद्रा स्कॉर्पियो वाहन में 20 पेटी में भरकर रखे 1000 पाव को जब्त किया। शराब पर केवल मध्य प्रदेश राज्य में विक्रय हेतु वैध का लेबल लगा था। आरोपियों को गिरफ्तार कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गई।

इसी प्रकार तुलेश्वरी देवांगन आबकारी उप निरीक्षक वृत्त राजनांदगांव ग्रामीण स्टाफ मिलाप मण्डावी आबकारी मुख्य आरक्षक, किशोरी कुमरे, दीपक सिन्हा के दल ने घटना स्थल ग्राम चिखलाकसा में आरोपी रूपलाल निषाद पिता धन सिंग निषाद ग्राम चिखलाकसा के कब्जे से 4 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब जप्त किया। आरोपी को गिरफ्तार कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गई। अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल ढाबों और मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। सहायक आयुक्त आबकारी द्वारा सभी वृत्त प्रभारियों को होटल ढाबों की नियमित जाँच और अवैध मदिरा विक्रय के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।

मनखे-मनखे एक समान गूंजा अशोका पब्लिक स्कूल में

कवर्धा/नवप्रदेश। शहर के प्रतिष्ठित अशोका पब्लिक विद्यालय में मनखे मनखे एक समान की गूंज आज सुनाई दी। गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर श्रद्धा, संस्कृति और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह आयोजन केवल एक जयंती समारोह नहीं, बल्कि विचारों की क्रांति और मानवीय मूल्यों का जीवंत उत्सव बन गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय संचालक पवन देवांगन, संचालिका सारिका देवांगन और प्राचार्य एसएल नापित व लोकनाथ देवांगन के द्वारा दीप प्रज्वलन व गुरु घासीदास बाबा के तैलचित्र पर माल्यार्पण से हुई। बच्चों द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य, सांस्कृतिक गीत, नाटक, सामूहिक भजन व विचार मंचन ने बाबा के संदेशों को जीवंत कर दिया। मंच से हर प्रस्तुति समानता, सत्य, अहिंसा और मानव गरिमा का संदेश दे रही थी। कक्षा 5 वीं के हरसहज कौर, आराध्या योगी, लीजा बर्मन, नित्या चंद्रवंशी, अन्वेषा चंद्रवंशी, केजल खरसन, नोविता श्रीवास, पद्मिनी साहू द्वारा प्रस्तुत प्रेरक नाट्य-प्रस्तुति में सामाजिक कुरीतियों पर करारा प्रहार करते हुए गुरु घासीदास बाबा के विचारों को वर्तमान समय से जोड़ा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पवन देवांगन ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा केवल एक संत नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय के अग्रदूत थे, जिनका दर्शन आज भी समाज को सही दिशा देने में सक्षम है।

प्रीतपाल और नरेश के पदभार ग्रहण करने पर किसानों में उत्साह

बालोद/नवप्रदेश। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के अध्यक्ष पद पर प्रीतपाल बेलचंदन व उपाध्यक्ष पद पर नरेश यदु के पदभार ग्रहण करने पर किसानों व भाजपा नेताओं ने उत्साह के साथ स्वागत किया। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कार्यालय पहुंचे किसानों ने बाजे गाजे और पटाखे के साथ नवनियुक्त अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का जबरदस्त स्वागत किया। नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ने हजारों कार्यकर्ताओं के समक्ष पदभार ग्रहण किया।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू, जागेश्वर साहू, मंत्री यज्ञदत्त शर्मा, प्रदेश मंत्री भाजपा जितेंद्र वर्मा सहित सत्ता पक्ष और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

नवनियुक्त उपाध्यक्ष नरेश यदु को मिले दायित्व के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, संगठन महामंत्री पवन साय, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप सहित संगठन के तमाम नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। किसानों के बीच रहकर किसानों को मजबूत बनाने के लिए कार्य करने का भरोसा दिलाया। सबका साथ सबका विकास की भावना से काम करने की बात कही। नवनियुक्त अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने अपने उद्बोधन में किसानों के अच्छे दिन आने की बात कहते हुए कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में अपने बेहतर कार्यों के लिए ठाकुर प्यारे अवार्ड से सम्मानित किया जाना आप सबकी कार्यक्षमता का परिणाम है। कांग्रेस ने सहकारिता का बुरा हाल किया था। उसे हम सब मिलकर फिर से छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि भारत के नक्शे में दुर्ग सहकारिता को आदर्श के रूप में सशक्त बनाएंगे।

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता योगिता वर्मा पति सुनील वर्मा उम्र 37 वर्ष, निवासी-क्वाटर नं.-18/ए. रिसाली सेक्टर, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूँ जो कि निम्न लिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ कि :- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। मेरे पुत्र पार्थ वर्मा (FARTH VERMA) पिता सुनील कुमार वर्मा (SUNIL KUMAR VERMA) का जन्म दिनांक 18/11/2014 को स्थान-भिलाईनगर, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में हुआ है। यह कि मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र संबंधित जन्म/मृत्यु पंजीयन कार्यालय भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाईनगर जिला दुर्ग से जारी किया गया है जिसका पंजीयन कमांक-4236 दिनांक/12/2014 है। यह कि मेरे पुत्र के उक्त जन्न प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम पार्थ वर्मा (PARTH VERMA) पिता सुनील वर्मा (SUNIL VERMA) दर्ज हो गया है जिसमें मेरे पति का संलिप्त नाम दर्ज। जबकि मेरे पुत्र का सहीं एवं वास्तविक नाम पार्थ वर्मा (PARTH VERMA) पिता सुनील कुमार वर्मा (SUNIL KUMAR VERMA) है। जो कि मेरे पुत्र के कक्षा नर्सरी के अंकसूची में दर्ज है। यह कि मैं अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षणिक दस्तावेजों एवं समस्त आवश्यक दस्तावेजों में अपने पुत्र का सहीं एवं वास्तविक नाम पार्थ वर्मा (PARTH VERMA) पिता सुनील कुमार वर्मा (SUNIL KUMAR VERMA) दर्ज कराना चाहती हूं। यह कि, पार्थ वर्मा (PARTH VERMA) पिता सुनील कुमार वर्मा (SUNIL KUMAR VERMA) एवं पार्थ वर्मा (PARTH VERMA) पिता सुनील वर्मा (SUNIL VERMA) ये दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे पुत्र का ही नाम है। अत: यह, शपथपत्र अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षणिक दस्तावेजों एवं समस्त आवश्यक दस्तावेजों में अपने पुत्र का सहीं एवं वास्तविक नाम पार्थ वर्मा (PARTH VERMA) पिता सुनील कुमार वर्मा (SUNIL KUMAR VERMA)) दर्ज करने तथा छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन करताने हेतु श्रीमान सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है ।

शपथकर्ता
योगिता वर्मा पति सुनील वर्मा
निवासी-क्वाटर नं. 18/ए रिसाली सेक्टर, भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नेशनल हेराल्ड प्रकरण : अदालत की टिप्पणी से भाजपा की राजनीति बेनकाब : ऋषि शास्त्री

■ नेशनल हेराल्ड मामले में हुई सत्य की जीत, एजेंसियों का दुरुपयोग बंद करे भाजपा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नेशनल हेराल्ड प्रकरण में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्यवाही पर अदालत द्वारा की गई हालिया टिप्पणी को कांग्रेस ने सत्य की विजय बताया है।

पूर्व पार्षद व वरिष्ठ कांग्रेस नेता ऋषि शास्त्री ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि न्यायालय के रुख ने यह साबित कर दिया है कि राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित कोई भी कार्यवाही न्याय के सामने अधिक समय तक टिक नहीं सकती।

ऋषि शास्त्री ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि लंबे समय से कांग्रेस नेतृत्व की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से केंद्रीय जांच एजेंसियों का खुलेआम दुरुपयोग किया जा रहा था। न्यायालय के निर्णय ने स्पष्ट कर दिया है कि सत्ता के बल पर सच्चाई को दबाया नहीं जा सकता।

भाजपा को जनहित के मुद्दों पर ध्यान देने की सलाह

कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि भाजपा सरकार को अब केंद्रीय एजेंसियों को 'राजनीतिक हथियार' की तरह इस्तेमाल करना बंद कर देना चाहिए। उन्होंने नसीहत दी कि सरकार का ध्यान जनता के वास्तविक मुद्दों जैसे महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं पर होना चाहिए, जिनसे ध्यान भटकाने के लिए इस तरह के हथकंडे अपनाए जाते हैं। ऋषि शास्त्री ने दृढ़ विश्वास व्यक्त किया कि कांग्रेस पार्टी देश के न्याय, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपना संघर्ष निरंतर जारी रखेगी।

प्रथम पेज का शेष

सीएमबड़ेतेवड़ा सरपंच के घर...

जमकर विरोध किया। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे जिसके बाद दोनों पक्षों में सहमति बनाने का प्रयास किया लेकिन देर शाम तक कोई निर्णय नहीं हो पाया और ग्रामीण अपने घर लौट गए थे।

गुस्साई भीड़ को काबू करने लाठी चार्ज......

गुरुवार को बड़ेतेवड़ा में कब्र से शव निकालने के दौरान बड़ी संख्या में आदिवासी समाज हाथों में डंडा गुलेल, तीर कमान, रॉ ड सहित हथियार लेकर बेकाबू हो रहे थे। कब्र से शव निकलने की जानकारी लगते ही आदिवासी समाज उग्र प्रदर्शन करते हुए आमाबेड़ा तक पहुंच गए। जहां गुस्साई भीड़ ने आमाबेड़ा के कई प्रार्थना भवन में तोडफ़ेड़ शुरू कर दिया । जिसके बाद धर्मांतरित परिवार को निशाना बनाना शुरू कर दिया। जिसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने लाठी चार्ज किया जिसमें कई ग्रामीण पुलिसकर्मियों के घायल होने की जानकारी मिली है।

चप्पे चप्पे पर पुलिस ...

हुए हैं। भारी संख्या में पुलिस बल ने मोर्चा संभाला है।

हंगामे के बीच विकसित...

तक चली। इसमें 98 सांसदों ने हिस्सा लिया। विपक्ष ने मांग की कि प्रस्तावित कानून को स्टैंडिंग कमेटी के पास भेजा जाए। यह 20 साल पुराने मनरेगा एक्ट की जगह लेगा।

जी राम जी बिल को ...

पर 14 घंटे से अधिक समय तक बहस हो चुकी है। इस बीच, विपक्ष के नारेबाजी शुरू करने पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बहस जारी रखने की मांग की।

'भारत ने नीतियों के साथ-साथ ...

को मजबूत किया और संस्कृति और अर्थव्यवस्था को ताकत दी। आज हम कह सकते हैं कि समुद्र की लहरें बदलती हैं, मौसम बदलते हैं, लेकिन भारत और ओमान की दोस्ती हर मौसम में मजबूत होती है।

चैतन्य की याचिका पर सुनवाई ...

वैधता को भी चुनौती दी है।

हाईकोर्ट में जमानत पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षितः वहीं ईडी की ओर से पेश अधिवक्ता जोहेब हुसैन ने कोर्ट को बताया कि चैतन्य बघेल की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हो चुकी है और फैसला सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने कहा कि जब आरोपी न्यायिक हिरासत में है, तो दंडात्मक कार्रवाई का सवाल ही नहीं उठता और वह एक अन्य मामले में अग्रिम जमानत की मांग कर रहा है। पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि मामले की समग्र सुनवाई आवश्यक है और इसे चरणबद्ध तरीके से नहीं सुना जा सकता।

बाबा के बताए मार्ग पर ...

करने, कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश द्वार निर्माण के लिए 25 लाख रुपये तथा मुंगेली सतनाम भवन के जीर्णोद्धार हेतु 25 लाख रुपये की स्वीकृति की घोषणा की।

हिंसा से मुक्त और समृद्ध ...

की ओर हैं और बस्तर तेज़ी से विकास तथा मुख्यधारा की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202512100700080 /अ-21/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण बीएस ठाकुर (भंवर सिंह ठाकुर) पिता सुखरू राम, श्रीमती माना बाई पति बीएस ठाकुर निवासी सुभाष नगर वार्ड नं. 42 कसारीडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग प.ह.नं. 19 स्थित भूमि खसरा नंबर 1285/3 रकबा 0.010 हे./1125 वर्गफीट भूमि जो कि भूमिस्वामी हक में आवेदकगण के नाम पर दर्ज है, में से भूमि खसरा नंबर 1285/3 रकबा 0.010 हे./1125 वर्गफीट भूमि को गैर आदिवासी देवराम डोंगरे पिता स्व. मनीराम डोंगरे निवासी शंकर नगर वार्ड नं.-12 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के पास रूपये 16,59,375/- में बेचने का सौदा कर लिया गया है। जिसके संबंध में क्रेता के साथ ईकरारनामा निष्पादित कर बयाना के तौर पर नगद 1,00,000/-रूपये प्राप्त कर ली है एवं शेष राशि को पंजीयन के समय दिया जाना है। आवेदक जो अनुसूचित जनजाति की है, को रकम की आवश्यकता होने से विधिवत विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.01.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.12.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट 202512100400205/अ-2/ वर्ष 2025-26 | पक्षकार का नाम बृजेश | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका बृजेश आ./पति स्व. जगन्नाथ निवासी आपापुरा दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कसारीडीह प.ह.न. 40 तह. व जिला दुर्ग	471/7	0.1100 हें वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट 202512100400206/अ-2/ वर्ष 2025-26 | पक्षकार का नाम खेमलाल | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका खेमलाल आ./पति स्व. जगन्नाथ निवासी आपापुरा दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कसारीडीह प.ह.न. 40 तह. व जिला दुर्ग	471/8	0.1090 हें वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202526430103900060

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी बाललकृष्ण पिता/पति देवीचंद भंडारी पता आमापारा दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1296/28(0.0070) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती आरती बग्गा पिता/पति स्व. बालकृष्ण भंडारी पता एलआईजी 14 मुकुट नगर तितुरडीह, श्रीमती चंद्ररेखा भंडारी पिता/पति स्व. बालकृष्ण भंडारी पता एलआईजी 14 मुकुट नगर तितुरडीह, सुमित भंडारी पिता/पति स्व. बालकृष्ण भंडारी पता एलआईजी 14 मुकुट नगर तितुरडीह, श्रीमती सुरभिदुआ पिता/पति स्व. बालकृष्ण भंडारी पता एलआईजी 14 मुकुट नगर तितुरडीह के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05.01.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.12.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट 202512100400207/अ-2/ वर्ष 2025-26 | पक्षकार का नाम चिंताराम | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका चिंताराम आ./पति स्व. जगन्नाथ निवासी आपापुरा दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कसारीडीह प.ह.न. 40 तह. व जिला दुर्ग	471/2	0.1100 हें वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट 202512100400204/अ-2/ वर्ष 2025-26 | पक्षकार का नाम डिलेश्वर | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका डिलेश्वर आ./पति स्व. जगन्नाथ निवासी आपापुरा दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कसारीडीह प.ह.न. 40 तह. व जिला दुर्ग	471/6	0.1100 हें वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

नाम-परिवर्तन

आवेदक मोहम्मद अताउल्लाह (MOHAMMAD ATAULLAH) पित्ता मोहम्मद सिद्धिक, आयु 35 वर्ष निवासी आजाद चौक भिलाई-3 तह. भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं। कि मेरे पुत्र मोहम्मद असद अली (MOHAMMAD ASAD ALI) पिता मोहम्मद अताउल्लाह (MOHAMMAD ATAULLAH) की जन्मतिथि 02/08/2016 है। कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड मेरे पुत्र का नाम मोहम्मद असद अली (MOHAMMAD ASAD ALI) पिता का नाम मोहम्मद अताउल्लाह (MOHAMMAD ATAULLAH) एवं माता का नाम रूखसाना खातून (RUKHSANA KHATUN) दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। कि मेरा पुत्र कक्षा चौथी स्वामी आत्मा नंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल भिलाई-03 जिला दुर्ग में अध्ययनरत् है, मेरे पुत्र के स्कूल दाखिला एवं पूर्व के अंकसूची में मेरे पुत्र का नाम मो. असद अली (MD. ASHAD ALI) पिता का नाम मो. अताउल्लाह (MD. ATAULLAH) एवं माता का नाम रूखसाना खातून (RUKHSANA KHATOON) दर्ज है। जिसके संबंध में दिनांक 05/12/2025 को श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोदय भिलाई-3 जिला दुर्ग छ.ग. के समक्ष एक शपथपत्र भी निष्पादित करवा चुका हूं तथा छ.ग. गजट प्रकाशन में भी नाम सुधार हेतु प्रकाशन करवाना चाहता हूं। भविष्य में मेरे पुत्र का नाम मोहम्मद असद अली (MOHAMMAD ASAD ALI) पिता का नाम मोहम्मद अताउल्लाह (MOHAMMAD ATAULLAH) एवं माता का नाम रूखसाना खातून (RUKHSANA KHATUN) के नाम से जाना, पहचाना, लिखा, पढ़ा, समझा, संबोधित किया जाउंगा कि मेरे द्वारा अपने पुत्र के स्कूल दाखिला एवं समस्त अंकसूची में मेरे का सही नाम मोहम्मद असद अली (MOHAMMAD ASAD ALI) पिता का सही नाम मोहम्मद अताउल्लाह (MOHAMMAD ATAULLAH) एवं माता का सही नाम रूखसाना खातून (RUKHSANA KHATUN) शासकीय गजट में प्रकाशन करवाना चाहता हूं। अत: माननीय महोदय से प्रार्थना है कि आवेदक का नया नाम/सरनेम शासकीय गजट में प्रकाशन किये जाने की दया हो।

शपथकर्ता
मोहम्मद अताउल्लाह

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202511101000224 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ज्योति नागपाल पति स्व. प्रीतमदास निवासी सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 स्थित भूमि खसरा नं. 8581 रकबा 0.010 हे. आवेदक के पति के नाम पर दर्ज है भूमिस्वामी की मृत्यु हो जाने से भूमिस्वामी का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारीसानो का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 22.12.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)**

व्यापारियों को मानसिक मजबूती का मंत्र देंगी आध्यात्मिक वक्ता ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी

■ छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का बड़ा आयोजन

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी रायपुर के व्यापारियों के लिए एक विशेष आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 'अनिश्चितता के दौर में मानसिक मजबूती और सफलता का मार्ग' विषय पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक वक्ता ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगी। दिनांक और समयः 22 दिसंबर 2025, शाम 6:00 बजे से, स्थानः इंडोर स्टेडियम, बुढ़ापारा, रायपुर इस गरिमामय कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स और ब्रह्माकुमारी संस्थान के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर उन्हें गरिमामय उपस्थिति के लिए आमंत्रित किया है।

गुरु घासीदास जयंती धूमधाम से मनाई गई

■ शिवरतन शर्मा और पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने शोभा यात्रा का किया स्वागत

भाटापारा नवप्रदेश। गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर प्रगतिशील सतनामी समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ताओ के साथ किया स्वागत ।

शोभायात्रा में जैतखाम और बाबा का छाया चित्र रथ पर सजाया गया था जिसमें शिवरतन शर्मा ने फूल नारियल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। शिवरतन शर्मा - अश्वनी शर्मा ने समाज प्रमुखों युवाओं बड़े बुजुर्गों, माता बहनों सभी से मुलाकात कर गुरु घासीदास जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि गुरु घासीदास के विचार आज सबसे अधिक प्रासंगिक हैं। उनके गुरु मंत्र ÷ मनखे मनखे एक समान ÷ समाज में हर मनुष्य की समानता का संदेश देता है। बाबा गुरु घासीदास ने समाज को खुशहाल बनाने का मार्ग हमें दिखलाया है। बाबा किसी एक समाज नही अपितु सर्वजनों के सुख की कामना करते थे। उन्होंने सामाजिक बुराईयों से दूर रहकर कैसे समाज और परिवार मे खुशहाली लाई जा सकती है इसका ज्ञान हमें दिया है। आज आवश्यकता है कि बाबा के बताए रास्ते पर आगे बढ़े ताकि हमारे परिवार व् समाज मे सुख,समृद्धि और शान्ति बनी रहे।

अश्वनी शर्मा ने कहा की समाज में व्याप्त असमानता और भेदभाव के विरुद्ध ÷मनखे-मनखे एक समान÷ का अमर संदेश देने वाले सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरू घासीदास जी सदैव पूज्यनीय हैं.. मानव कल्याण, समानता और सामाजिक न्याय की दिशा में बाबा गुरू घासीदास जी के विचार सामाजिक समरसता की ज्योति बनकर सदैव हमें मार्गदर्शन देते रहेंगे।

कोटवारों को 2 माह से पारश्रमिक मानदेय नहीं मिला

भाटापारा/ नवप्रदेश। भाटापारा तहसील में कार्यरत कोटवारों को पिछले दो माह का पारश्रमिक मानदेय राशि नहीं मिलने से उन्हें उनके घरेलू खर्च को लेकर आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।कोटवार संघ अध्यक्ष कलीराम देवदास ने कहा कि समस्त कोटवारों को उनका भुगतान नहीं मिलता तो वे लोग धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। प्रेस को जारी बयान में कोटवार संघ अध्यक्ष कलीराम देवदास ने बताया कि कोटवारों को तहसीलदार द्वारा तहसील हाजिरी के नाम से आए दिन कारण बताओ नोटिस जारी कर मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है हम कोटवार गण गिरदावरी में पटवारी के साथ एवं सरवेयर के साथ सर्वे करने वाले ग्राम सहायक रोजगार सहायक और ग्राम सचिव के साथ किसानों को लेकर एवं खेतों में जाते हैं एवं खेतों में किसान एवं सरवेयर के साथ रहते हैं एवं ग्राम सेवक को भी जानकारी है,इसके अलावा पंचायत स्तर पर ग्रामीण किसानों का कई कार्य है जिसमें किसानों का रिकॉर्ड में त्रुटि सुधार रकबा सुधार के कार्य के लिए जाते हैं साथ-साथ शासन के योजनाओं की जानकारी का प्रचार प्रसार करने के साथ साथ समय पर तहसील हाजिरी थाना हाजिरी देते हैं फिर भी हम कोटवारों को जब से यहां नए तहसीलदार कार्य भार ग्रहण किया है तब से परेशान कर रखा है अतिक्रमण हटवाने हम कोटवारों का उपयोग करते है हमें झाड़ू पोछा कचरा साफकरना एवं स्वयं का निजी कार्य में भी हमें उपयोग किया जाता है स्थानीय स्तर पर भृत्य की कमी है जिसके कारण हमसे हर तरह कार्य लेने के बावजूद हमारे मानदेय के लिए उनके समक्ष कई बार निवेदन किया गया उसके बाद भी उनकी सुनवाई नहीं हुई।संघ अध्यक्ष कलीराम देवदास ने कहा कि अगर शीघ्र कोटवारों का मानदेय नहीं मिला तो धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे ।

रामकुमार यादव विधायक के मुख्य आतिथ्य में परिचय सम्मेलन संपन्न

डोंगरगांव नवप्रदेश/ छत्तीसगढ़ झरिया यादव समाज संयुक्त जिला-राजनादगांव, खैरागढ़- छुईखदान-गंडई,मोहला -मानपुर- चौकी का एक दिवसीय सामाजिक एवं युवक- युवती परिचय सम्मेलन, सामाजिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह रामकुमार यादव विधायक चंद्रपुर के मुख्य आतिथ्य एवं जगनीक यादव प्रदेश अध्यक्ष के अध्यक्षता में तथा विशिष्ट अतिथि नवाज खान पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, भगत सिंह यादव उपाध्यक्ष झेरिया यादव समाज,राजू यादव अध्यक्ष राजनीति प्रकोष्ठ, सेवक राम यादव प्रदेश संगठन सचिव, आशा संतोष यादव अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, देवकी परमेंद्र यादव जनपद सदस्य अंबागढ़ चौकी,मदनलाल यादव सरपंच कनेरी, भारत यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, माहेश्वरी रंजीत यादव सरपंच के उपस्थिति में डोंगरगढ़ में संपन्न हुआ।

नगर के सांहड़ा देव की पूजा अर्चना से जिला अध्यक्ष ज्योतिष राम यादव के अगुवाई में यादव नृत्य के साथ कलश शोभा यात्रा निकाली गई जो नगर भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल पहुंचे,कलशों को मंच पर स्थापित कर ईष्ट देव भगवान श्री कृष्ण के पूजा अर्चना से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।मंचस्थ सभी अतिथियों का अबीर, गुलाल की टीका फूलों की माला पहनाकर बैच लगाकर प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष ज्योतिष राम यादव ने स्वागत भाषण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया इसमें अंबागढ़ चौकी तहसील मुख्यालय हेतु यादव समुदाय भवन निर्माण बाबत 25 लख रुपए का अनुदान का मांग रखा गया। डोंगरगढ़ सामुदायिक भवन के लिए शौचालय तथा बाउंड्रीवाल का मांग किया गया। भगत सिंह यादव उपाध्यक्ष ने कहा कि समाज को प्रगति पथ पर आगे बढ़ने हेतु शिक्षा के साथ स्वरोजगार अपनाने पर जोर दिए हैं अपनी सुधार दुनिया की सबसे बड़ी नेमत है। नशापान से दूर रहना चाहिए, नशा व्यक्ति को खोखला करता है।नवाज खान ने कहा÷हम सभी पिछड़े वर्ग से आते हैं अपनी दशा सुधारने किसानों को उन्नत और गहन कृषि पद्धति अपने होंगे,नगदी फसल पर ध्यान केंद्रित हो, किसानों को उनके उत्पादन का उचित मूल्य मिलना चाहिए। उत्पादन बेचने में परेशानी नहीं होनी चाहिए किसानों का सम्मान होना चाहिए, कार्यशैली ही व्यक्ति की मुकम्मल पहचान है। जगनीक यादव प्रदेश अध्यक्ष ने कहा-÷संघे शक्ति कलैयुगे÷ कलयुग में संगठित होकर रहना ही शक्ति है। हम सब संगठित होकर अपने राजनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं ।

बच्चों को पढ़ने लिखने के लिए विशेष ध्यान देना होगा ।प्रदेश स्तर पर रायपुर में छात्रावास का निर्माण कराया गया है जहां हमारे बच्चे रहकर अपने उच्च अध्ययन को पूरा कर सकते हैं आर्थिक रूप से कमजोर तबके के बच्चों को पढ़ने के लिए हमारे संगठन के द्वारा आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाता है ।अपने क्षेत्र या जिला के पदाधिकारी द्वारा या सीधा प्रदेश अध्यक्ष से संपर्क किया जा सकता है।

अतिरिक्त धान बना संकट धान बचा तो कर्मचारी फँसे

नया बारदाना फेल

■ धान खरीदी शुरुआत के साथ ही हुई थी बारदाना वजन की शिकायत, आज समिति की आफत बढ़ी

धमधा/नवप्रदेश। धान खरीदी के दौरान बारदाना के निर्धारित वजन को लेकर शुरुआत से ही शिकायतें सामने आती रही हैं, लेकिन समय रहते समाधान नहीं होने का खामियाजा अब सेवा सहकारी समिति के कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। यह विवाद अब उनके लिए गले की फाँस बन गया है। मामला धमधा ब्लॉक के ग्राम खिलोराकला में बीते दिनों हुए कथित अवैध धान भंडारण सहित अन्य मामलों से जुड़ा है। कलेक्टर के निर्देशन में एडीएम द्वारा की गई कार्रवाई के बाद समिति कर्मचारियों की परेशानियाँ और बढ़ गई हैं।

समिति कर्मचारियों का कहना है कि प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया गया नया बारदाना मानक के अनुसार 580 ग्राम वजन का होना चाहिए, जबकि पूर्व में भी और वर्तमान में भी बारदाना 460, 500 एवं 520 ग्राम वजन का ही प्राप्त हो रहा है। ऐसे कम वजन और कमजोर गुणवत्ता वाले बारदाने में 40 किलो धान तो किसी तरह भर दिया जाता है, लेकिन धान की पूर्ण भर्ती के बाद सिलाई नहीं हो पा रही है।कर्मचारियों का यह भी कहना है कि सिलाई न होने के कारण कुछ मात्रा में धान बच जाता है, जिसे समिति द्वारा मजबूरी में अलग एकत्रित करना पड़ता है। कभी कहा जाता है कि धान सुरक्षित रखा जाए, तो कभी उसी बचत धान को ÷अतिरिक्त धान÷ बताकर कार्रवाई की जाती है, जिससे कर्मचारी असमंजस और भय के माहौल में काम करने को मजबूर हैं।इस संबंध में जनप्रतिनिधियों का भी कहना है कि यदि बारदाना मानक वजन का नहीं है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी समिति कर्मचारियों पर डालना अनुचित है।

सरगतोरा क्रिकेट प्रतियोगिता का रोमांचक समापन: पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव ने किया खिलाड़ियों को सम्मानित

पिथौरा /नवप्रदेश। ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से ग्राम सरगतोरा में आयोजित भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता का बीती शाम रंगारंग समापन हुआ। इस समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामवासी मौजूद थे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यमः मुकेश यादव-?समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रहे पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए ऐसे आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, ÷हार और जीत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। महत्वपूर्ण यह है कि आप खेल को पूरी खेल भावना और अनुशासन के साथ खेलें।÷ उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। वरिष्ठ जनों की गरिमामयी उपस्थिति-?कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम के वरिष्ठ एवं प्रबुद्ध जनों द्वारा की गई।

कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की तीन दिवसीय हड़ताल को सफल रणनीति बैठक

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, ब्लॉक शाखा नगरी की एक महत्वपूर्ण बैठक दिनांक 17 दिसंबर 2025 को आयोजित की गई। बैठक में फेडरेशन के आह्वान पर आगामी 29, 30 एवं 31 दिसंबर को प्रस्तावित प्रांत व्यापी तीन दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने हेतु विस्तृत रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। जिसमे बैठक में जिला संयोजक चंदूलाल चंद्राकर ने आंदोलन की आवश्यकता, उद्देश्य एवं चरणबद्ध कार्ययोजना पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित कर्मचारियों एवं अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की जायज मांगों की अनदेखी के चलते यह आंदोलन आवश्यक हो गया है और इसे पूरी एकजुटता के साथ सफल बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव ने की। उन्होंने समस्त विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारियों से आह्वान किया कि वे अपनी मांगों के समर्थन में एकजुट होकर तीन दिवसीय हड़ताल में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें।बैठक में हड़ताल की रूपरेखा, विभागीय समन्वय, प्रचार-प्रसार, जनसंपर्क एवं अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सभी सदस्यों ने आंदोलन को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया।

जिसमे प्रमुख कर्मचारी-अधिकारी इस प्रकार रहे—जिला संयोजक चंदूलाल चंद्राकर, जिला सचिव राजकुमार सिन्हा, जिला सचिव तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ लोकेश कुमार साहू, जिला अध्यक्ष वन कर्मचारी संघ जितेंद्र नेताम, ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव, ब्लॉक सह संयोजक सुरेन्द्र कुमार साहू, अध्यक्ष शिक्षक संघ एम.के. बोर्झा, जिला अध्यक्ष पशु चिकित्सक संघ अमित नागेश, तहसील संयोजक सुरेन्द्र कुमार नेताम, महासचिव गिरीश जायसवाल, प्राचार्य पी.एल. ध्रुव, अर्चना साहू, एम. रामटेके, एस.के. ओबेरॉय, कीर्तिलता साहू, ए. अग्रवाल, शांति पटेल, पी.सी. झा, एस.के. प्रजापति, राजेश बैंस, राजकुमार ध्रुव, एल.के. मरकाम, सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित रहे।

महाबल बघेल पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने

मिली बधाईयां

भाटापारा /नवप्रदेश। भाजपा मंडल अध्यक्ष और जिला मंत्री के साथ पार्टी के कई तरह के दायित्वों का निर्वहन करने वाले व पार्टी द्वारा दिए गए विभिन्न कार्यो को पुरी जिम्मेदारी के साथ पुर्ण करने वाले महाबल बघेल को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव व प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की सहमती से पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहु ने बलौदाबाजार भाटापारा जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है जिसके लिए महाबल बघेल ने प्रदेश संगठन का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

अपनी इस नियुक्ति की घोषणा के पश्चात महाबल बघेल ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा से उनके निवास में मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लेते हुए उनको धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया ।वही उन्होंने जिलाध्यक्ष आनंद यादव व जिला संगठन का भी आभार जताया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने महाबल को मिठाई खिला कर उनका मुंह मीठा करते हुए नई जवाबदारी मिलने पर बधाई व शुभकामनाएं दी।

महाबल दास के जिला अध्यक्ष नियुक्ति पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुनील यदु, जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता डब्लु सिंह ठाकुर, डा मोहन बांधे, मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, पवन वर्मा, मथुरा यदु, नारायण साहु, चंद्रमणी तिवारी, नीरा साहु, शकुन ध्रुव, पार्षद गोविन्द पटेल, नंदकिशोर वैष्णव, उमाशंकर वर्मा, गोपाल देवांगन, आशीष टोडर , धनीराम साहु, लक्ष्मीनारायण शर्मा,चेतन वर्मा , सुरेश वर्मा, गोलु देवांगन, रवि आडिल आदि ने महाबल बघेल को बधाई दी है।

ग्राम सांकरा में मखाना उत्पादन कार्यशाला आयोजित

■ मखाना खेती के लिए इच्छुक कृषकों एवं महिला समूहों का चयन कर उन्हें फील्ड विजिट करवाने पर भी चर्चा हुई।

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी नगरी विकास खण्ड के ग्राम सांकरा में मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा जनपद सदस्य राजेशनाथ गोसाई, ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पंच, ग्रामीण प्रतिनिधि, उप संचालक उद्यान पूजा कश्यप साहू, केवीके से दीपिका चंद्रवंशी, कृषि विभाग के अधिकारी एवं 25 महिला स्व सहायता समूह की सदस्याएं उपस्थित रहीं।कार्यशाला में मखाना की खेती की विस्तृत जानकारी दी गई तथा विभागीय अनुदान राशि ?28,640 प्रति एकड़ की जानकारी साझा की गई। इसके पश्चात उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से फील्ड निरीक्षण भी किया गया।निरीक्षण के दौरान यह निष्कर्ष निकाले गए कि एक तालाब की लेवलिंग आवश्यक है, बड़े क्षेत्र में बंडिंग की जरूरत है, तालाबों में घास की साफ-सफाई करनी होगी, अधिक पानी वाले तालाबों से पानी निकासी की व्यवस्था करनी होगी। साथ ही मखाना खेती के लिए इच्छुक कृषकों एवं महिला समूहों का चयन कर उन्हें फील्ड विजिट करवाने पर भी चर्चा हुई।

श्वेत ध्वज के साथ उमड़ा आस्था का सैलाब: सतनाम संदेश बाइक रैली में गूंजा 'मनखे-मनखे एक समान' का उद्घोष

पिथौरा / नवप्रदेश।। संत शिरोमणि बाबा गुरु घांसीदास जी की 268वीं जयंती की पूर्व संध्या पर सतनामी समाज द्वारा भव्य 'सतनाम संदेश' बाइक रैली निकाली गई। हजारों की संख्या में श्वेत ध्वज लिए समाज के युवाओं और बुजुर्गों ने क्षेत्र को सतनाम मय कर दिया। इस गौरव यात्रा का नेतृत्व धर्मगुरु एवं सतनाम सेना के प्रदेशाध्यक्ष शोमेश बाबा ने किया।

सांकरा में भूमि पूजन से हुआ आगाज

रैली का शुभारंभ सांकरा स्थित गुरु घांसीदास चौक पर विधि-विधान से भूमि पूजन और संत-महंतों के सानिध्य में हुआ। यहाँ से हजारों बाइक सवारों का काफिला नेशनल हाईवे-53 से होते हुए पिथौरा की ओर रवाना हुआ। रैली के दौरान डीजे की धुनों और पंथी नृत्य की थाप पर समाज के लोग थिरकते नजर आए, जबकि अखाड़ा दलों के हैरतअंगेज प्रदर्शन ने दर्शकों का मन मोह लिया।

पिथौरा में ऐतिहासिक स्वागत, सर्व समाज ने दिखाई एकजुटता

पिथौरा पहुँचने पर नगर भ्रमण के दौरान भव्य आतिशबाजी के साथ रैली का स्वागत किया गया। समरसता की मिसाल पेश करते हुए। भाजपा कार्यालय के समक्षः बसना विधायक संपत अग्रवाल के सुपुत्र सुमित अग्रवाल एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने शोमेश बाबा का शाल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ से आत्मीय स्वागत कर आशीर्वाद लिया।
अन्य समाज की भागीदारीः कलार समाज, ब्राह्मण समाज और अग्रवाल समाज सहित विभिन्न समुदायों के प्रमुखों ने जगह-जगह स्टॉल लगाकर रैली में शामिल लोगों को चाय, बिस्किट, फल और जलपान कराया।

'अमृत वाणी' से शोमेश बाबा ने दिया शांति का संदेश

रैली का समापन थाना चौक स्थित एक विशाल सभा में हुआ। मंच को संबोधित करते हुए धर्मगुरु शोमेश बाबा ने बाबा गुरु घांसीदास जी के सिद्धांतों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, बाबा जी का 'मनखे-मनखे एक समान' का संदेश केवल सतनामी समाज के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए है। हमें सत्य, अहिंसा और भाईचारे के मार्ग पर चलकर समाज को उन्नत बनाना है।कार्यक्रम के अंत में समाज के प्रमुखों और आयोजन समिति ने सफल आयोजन के लिए क्षेत्रवासियों और प्रशासन का आभार व्यक्त किया। प्रमुख आकर्षण रहा -अखाड़ा दल युवाओं का पराक्रम और पारंपरिक शस्त्र कला। समरसता : पिथौरा के हर समाज ने फूल बरसाकर किया स्वागत । हजारों की भीड़ के बावजूद मर्यादित तरीके से निकली यात्रा।

दरचुरा जंगल में गौवंश को मारने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा / नवप्रदेश।। भाटापारा विधानसभा अंतर्गत सिमगा ब्लाक के ग्राम दरचुरा जंगल में गौवंश का कटा हुआ सिर एवं उसके शरीर का अन्य भाग कटा हुआ अवस्था में मिलने के मामले पर हुई रिपोर्ट पर सिमगा पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद किया है।

उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार मंगलवार की सुबह तकरीबन 10 बजे दरचुरा जंगल में गौवंश का कटा हुआ सिर एवं उसके शरीर का अन्य भाग मिलने की सूचना पर सिमगा पुलिस द्वारा सामान्य पूछताछ करने पर एक गौवंश का प्रार्थी परदेसी साहू निवासी ग्राम अकलतरा का होना पाया गया। प्रथम दृष्टया देखने पर अज्ञात आरोपी द्वारा धारदार हथियार से काटकर गौवंश को काटना प्रतीत हो रहा था। साथ ही गौवंश के शरीर का अन्य मूल भाग घटना स्थल से गायब था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सिमगा में धारा 325 बीएनएस एवं 04,10,11 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा थाना प्रभारी सिमगा एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम को प्रकरण में संलिप्त आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने हेतु आवश्यक दिशा* निर्देश दिया गया। उक्त निर्देशों के पालन में पुलिस टीम द्वारा आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ एवं घटनास्थल सुक्ष्म निरीक्षण में मिले महत्वपूर्ण साक्ष्य के आधार पर दो संदिग्ध प्रवीण मसीह,गणेशपुर और समीर डहरिया,दरचुरा को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा दरचुरा जंगल में गौवंश को मारना स्वीकार किया गया।

न्यूज गैलरी

आशीष जायसवाल बने प्रदेश मंत्री

प्रदेश भाजपा संगठन में मिला बड़ा दायित्व

भाटापारा/नवप्रदेश। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका भाटापारा आशीष जायसवाल को भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश मंत्री का दायित्व मिलने पर क्षेत्र मे हर्ष व्याप्त है श्री जायसवाल पूर्व में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी में कार्य कर रहे थे,लगातार भाजपा संगठन में सक्रियता के साथ काम करते हुए ना केवल आमजन के साथ बल्कि भाजपा कार्यकर्ताओं से सतत संपर्क में रहते आए हैं,विदित हों कि भाटापारा विधानसभा क्षेत्र से ,प्रदेश भाजपा संगठन में क्षेत्र के एक युवा को नई जवाबदारी मिली है ,जायसवाल महासती वार्ड और गांधी मंदिर वार्ड में नगर पालिका में पार्षद रह चुके हैं और 10 वर्षों तक पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के विधायक प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर चुके हैं।

बालोद जिले में धान की अवैध खरीदी बिक्री करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई निरंतर जारी

बालोद/नवप्रदेश। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिले में धान की अवैध खरीदी बिक्री करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई निरंतर जारी है। इसी कड़ी में आज कृषि उपज मंडी बालोद के अधिकारी.कर्मचारियों के द्वारा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम देवरी बंगला के फुटकर व्यापारी श्री पितांबर साहू के गोदाम की जाँच कर लगभग 108 कट्टा धान जब्त करने की कार्रवाई की गई है। कृषि उपज मंडी के उप निरीक्षक श्री श्यामलाल सिदार द्वारा उक्त धान को जप्ती की संपूर्ण प्रक्रिया को पूर्ण कर जब्त की गई धान को व्यापारी को सुपुर्द कर दिया गया है।

हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब जब्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जितेन्द्र यादव, कलेक्टर राजनांदगांव के निर्देशानुसार तथा अभिषेक तिवारी प्र. सहायक आयुक्त आबकारी जिला राजनांदगांव के निर्देशन में लगातार चलाये जा रहे अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान के तहत अनिल सिंह आबकारी उप निरीक्षक, राजकुमार कुर्रे आबकारी उप निरीक्षक, हमराह स्टाफ ओमप्रकाश सिन्हा, आर्यन ठाकुर, भोजराज बंजारे आबकारी आरक्षक एवं अनिल सिन्हा के दल ने घटना स्थल आबकारी जाँच चौकी बोरतलाब में आरोपी (1) सतीश बनोठे पिता प्रहलाद बनोठे उम्र 33 वर्ष, निवासी मोहाटोला, थाना साल्हेकसा जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) तथा (2) सरोज बनोठे पिता चंदेलाल बनोठे उम्र 34 वर्ष निवासी बोथली थाना बहिला जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश) द्वारा संयुक्त रूप से एक सफेद रंग की महिंद्रा स्कॉर्पियो चार पहिया वाहन क्रमांक MP 09 BC-3962 में 20 पेटी में भरकर रखे कुल 1000 पाव GOA WHISHKY केवल मध्य प्रदेश राज्य में विक्रय हेतु वैध का लेबल लगा कुल मात्रा 180.00 बल्क लीटर अवैध रूप से धारण कर परिवहन करते जप्त किया गया। इस पर आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 36 एवं 59 (क) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गई।

इसी प्रकार तुलेश्वरी देवांगन आबकारी उप निरीक्षक वृत्त राजनांदगांव ग्रामीण हमराह स्टाफ मिलाप मण्डावी आबकारी मुख्य आरक्षक, किशोरी कुमरे, दीपक सिन्हा के दल ने घटना स्थल ग्राम चिखलाकसा में आरोपी रूपलाल निषाद पिता धन सिंग निषाद ग्राम चिखलाकसा के कब्जे से 4.000 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया।

राष्ट्रीय जंबूरी- लखनऊ में छत्तीसगढ़ ने लहराया परचम

फाइलफोटो

महासमुंद/नवप्रदेश। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी लखनऊ (उप्र) में आयोजित किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के 363 प्रतिभागियों का दल स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा तथा राज्य सचिव जितेंद्र कुमार साहू, राज्य आयुक्त रोवर अशोक कुमार देशमुख के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य ने श्रेष्ठता का परचम लहराया। छत्तीसगढ़ जंबूरी दल ने राज्य प्रदर्शनी, एथनिक फैशन शो, पेजेंट शो (झांकी प्रदर्शन), कलर पार्टी, फिजिकल डिस्प्ले, मार्चपास्ट, कैंपफायर-रंगोली (गाइड विंग) में ए ग्रेड, तथा कैंप क्रॉफ्ट, स्टेट गेट(स्काउट-गाइड में अलग-अलग) फूड प्लाजा, फोक डांस, कैंपफायर में बी ग्रेड, तथा पायनियरिंग प्रोजेक्ट (स्काउट विंग में) में सी ग्रेड प्राप्त किया। इस तरह 8 इवेंट में ए, 7 में बी, 1 में सी कुल 16 ग्रेड का सर्टिफिकेट व फ्लेग प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य ने, अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। उद्घाटन सत्र में छत्तीसगढ़ की मड़ई, राऊत नाचा व घोड़े पर नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। लखनऊ की सड़कों पर यूनिटी मार्च/रूट मार्च अंतर्गत आकर्षक छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वेशभूषा में गीत, नृत्य व नारों से छत्तीसगढ़ की टीम ने लखनऊ वासियों को राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए दिल जीत लिया। इस कार्य को एनएचक्यू मेंबर्स ने भी सराहा। यूनिटी मार्च में छत्तीसगढ़ राज्य ने पूरे समय रूट मार्च का नेतृत्व किया। बस्तर संभाग के कला,संस्कृति को प्रदर्शित करता ऐथेनिक फैशन शो तथा मोरिया ददा रे की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सब का मन को मोह लिया।

जंबूरी के समापन पर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति के सम्मुख छत्तीसगढ़ राज्य की बैलगाड़ी प्रदर्शित हुई व कबीला नृत्य ने गौरवान्वित किया। वहीं पेजेण्ट शो (झांकी प्रदर्शन) में छत्तीसगढ़ महतारी, मिनीमाता, बिलासा देवी, गुरु घासीदास, गुण्डाधुर, तीजनबाई का वेष धारण कर प्रदर्शन से तथा आंगा देव, माई की पालकी, सरगुजा नृत्य, पंथी नृत्य, गौरा-गौरी नृत्य, सुवा नृत्य, जशपुर नृत्य, राऊत नाचा, कबीला नृत्य, की प्रस्तुति खूब सराही गई। एरीना में होरे-होरे लोकनृत्य ने सभी को झूमने मजबूर कर दिया। देशभक्ति से ओतप्रोत-जोशीले अंदाज में फिजीकल डिस्प्ले ने रोमांचित कर दिया। फुड प्लाजा अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के खान-पान, छत्तीसगढ़ प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ राज्य के अनाज, वस्त्र, खनिज, वेशभूषा, छत्तीसगढ़ नक्शे में धार्मिक स्थलों की प्रस्तुति आकर्षक रही। कलर पार्टी व मार्च पास्ट ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, सब कैंप में लोकनृत्य सुवा नृत्य, पंथी नृत्य कार्यक्रम ने रंग जमा दिया। स्काउट विंग के कंटीजेंट लीडर डॉ.पूनम सिंह साहू, सहायक कंटीजेंट लीडर अमित क्षत्रिय तथा गाइड विंग की कंटीजेंट लीडर सरिता पांडेय व सहायक कंटीजेंट लीडर जेरेमिना एक्का ने छत्तीसगढ़ की सर्वाधिक युवा लीडर टीम को प्रतियोगिता व जंबूरी के लिए कुशल प्रबंधन व नेतृत्व प्रदान किया तथा प्रातः जागरण से लेकर, टैंट पीचिंग, टैंट गेट बनाकर, एडवेंचर, ग्लोबल विलेज, स्कील-ओ-रामा, पेट्रोल इन कौंसिल में सशक्त भागीदारी की। छत्तीसगढ़ डे राष्ट्रीय मुख्य आयुक्त केके खंडेलवाल के मुख्य आतिथ्य में धूमधाम से मनाया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के 363 प्रतिभागियों में युवा नेतृत्वकताओं ने बेहतरीन मार्गदर्शन के बलबूते श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कला, संस्कृति, सांस्कृतिक धरोहर, परिधान से अपनी गौरवशाली पहचान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बनाने में कामयाब रहा।

धान खरीदी केन्द्र की व्यवस्थाओं की सराहना

ऑफलाइन टोकन व्यवस्था के माध्यम से आसानी से किसान की धान बिक्री

व्यवस्थाओं से प्रसन्नचित हुआ किसान रूमलाल

बालोद/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत बुजुर्ग, बीमार आदि जरूरतमंद लोगों के लिए 30 प्रतिशत तक ऑफलाईन टोकन जारी करने की व्यवस्था के तहत आसानी से अपने धान की बिक्री होने से ग्राम अरौद के किसान श्री रूमलाल यादव बहुत ही प्रसन्नचित होकर शासन की इस नई व्यवस्था की सराहना की है। किसान श्री रूमलाल यादव ने बताया कि पढ़े-लिखे नही होने के कारण उन्हें अपने धान की बिक्री करने हेतु तुंहर टोकन एप्प के माध्यम से ऑनलाईन टोकन कटाने में परेशानी हो रही थी। उन्होंने अपने इस परेशानियों की जानकारी धान खरीदी केन्द्र लाटाबोड़ के कर्मचारियों को दी। इसके उपरांत धान खरीदी केन्द्र लाटाबोड़ के प्रबंधक एवं कर्मचारियों ने किसान रूमलाल यादव की जरूरतों को समझते हुए उन्हें ऑफ्लाईन टोकन की सुविधा प्रदान की। किसान रूमलाल ने बताया कि धान खरीदी केन्द्र के माध्यम से उन्हें ऑफ्लाईन टोकन जारी होने के पश्चात उन्होंने आज धान खरीदी केन्द्र लाटाबोड़ में पहुँचकर कुल 152 क्विंटल मोटा धान की बिक्री की है। किसान रूमलाल ने बताया कि उनके पास कुल 07 एकड़ कृषि भूमि है। जिस पर उनका परिवार खेती किसान कर जीविकोपार्जन करते है।

किसान रूमलाल ने बताया कि पिछले वर्ष भी उन्होंने कुल 152 क्विंटल धान की बिक्री की थी। धान की बिक्री से उन्हें कुल 04 लाख 71 हजार 200 रूपये की राशि प्राप्त हुई थी। इस राशि का उपयोग उन्होंने खेती किसानी के लिए गए किसान ऋण को चुकाने एवं शेष राशि का उपयोग बच्चों की पढ़ाई-लिखाई तथा इलाज आदि तथा अन्य जरूरी कार्यों में किया है। किसान रूमलाल ने राज्य सरकार द्वारा 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की योजना को किसान हित में लिए गए अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना बताया। इस दौरान किसान रूमलाल ने धान खरीदी केन्द्र में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शौचालय, शुद्ध पेयजल, छांव इत्यादि सभी व्यवस्थाओं की भूरी-भूरी सराहना की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की इस व्यवस्था से हम सभी कृषक प्रसन्नचित होकर आसानी से अपनी धान की बिक्री कर रहे हैं।

कोहरे में वाहन चलाने एडवाइजरी जारी

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के समस्त यात्री बस संचालकों एवं व्यावसायिक वाहन चालकों से अपील की गई है कि घने कोहरे में वाहन चलाना अत्यंत जोखिम भरा होता है। कोहरे में वाहन चलाना मानो आंखों पर पट्टी बांधकर गाड़ी चलाने जैसा है, इसलिए विशेष सावधानी बरतना अनिवार्य है। परिवहन आयुक्त द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार कोहरे में वाहन चलाते समय गति कम रखें और हेडलाइट हमेशा चालू रखें। हेडलाइट को लो बीम मोड पर ही रखें, क्योंकि हाई बीम कोहरे में दृश्यता को और कम कर देती है। जिन वाहनों में फॉग लैंप उपलब्ध हैं, उन्हें अवश्य चालू करें। कोहरे में न केवल स्वयं को दिखाई देना जरूरी है, बल्कि दूसरों को दिखाई देना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। कोहरे के दौरान डिफॉस्टर एवं विंडस्क्रीन वाइपर का उपयोग करें, वाहनों के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखें तथा लेन अनुशासन का पालन करते हुए ओवरटेक करने से बचें। यदि परिस्थितियां अत्यधिक प्रतिकूल हों और वाहन चलाना संभव न हो, तो वाहन को सड़क के किनारे सुरक्षित स्थान पर खड़ा कर इंडिकेटर लाइट चालू रखें।

राजस्व वसूली में ध्यान न देकर वार्डों में शिविर लगाने का ढकोसला

■ सुशासन तिहार को लेकर नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले का बड़ा बयान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भाजपा शासित नगर निगम द्वारा सुशासन तिहार के तहत वार्डों में लगाए जा रहे समस्या निवारण शिविरों को लेकर नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने इन शिविरों को जनता की समस्याओं के समाधान की बजाय केवल ढकोसला करार देते हुए कहा कि निगम प्रशासन अपने मूल दायित्वों से भटक गया है और राजस्व वसूली जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की अनदेखी कर रहा है।

श्री पिल्ले ने आगे कहा कि निगम द्वारा वार्डों में शिविर लगाकर अनावश्यक खर्च बढ़ाया जा रहा है जबकि पूर्व में आयोजित शिविरों में जनता की समस्याओं का आज तक समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब पिछली बार लगाए गए शिविर ही निष्फल रहे तो एक बार फिर उसी प्रक्रिया को दोहराने का क्या औचित्य है। भाजपा सरकार के निर्देश पर आयुक्त द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं ।

और पिछली बार की तरह इस बार भी निगम कर्मचारियों को शिविरों में लगाया जा रहा है। वार्डवार कार्यक्रम भी तय कर लिया गया है। वर्तमान में निगम के कर्मचारी पहले से ही एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में लगे हुए हैं अब उन्हें शिविरों में तैनात कर दिया गया है जिससे निगम का नियमित कामकाज प्रभावित हो रहा है। बेहतर होता कि कर्मचारियों को उनके मूल कार्यों में लगाया जाता ताकि नगर निगम सुचारू रूप से संचालित हो सके और शहर के विकास कार्यों में गति आए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासित निगम केवल दिखावे की राजनीति कर रहा है जबकि जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं चरमराई हुई हैं। संतोष पिल्ले ने यह भी याद दिलाया कि हाल ही में उन्होंने नगर निगम में बीते 10 महीनों से सामान्य सभा नहीं बुलाए जाने को लेकर भी सत्ता पक्ष को घेरा था।

संयुक्त टीम ने किया 247 कट्टा अवैध धान जब्त

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी की संयुक्त टीम द्वारा कड़ी निगरानी एवं अवैध धान पर जब्ती की कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को संयुक्त टीम द्वारा 247 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम सलोनी के तुलसी राम बंजारे पिता हिरऊ राम बंजारे के प्रतिष्ठान से 32 कट्टा धान जप्ती प्रकरण बनाया गया सुपुर्दगी श्री बेदराम ग्राम कोटवार को दिया गया। रोहांसी के लोकनाथ सिन्हा पिता रामजी सिन्हा के प्रतिष्ठान से 120 कट्टा धान का जप्ती प्रकरण बनाया गया। रोहांसी के ही भोजराम साहू पिता कलानाथ साहू से 85 कट्टा धान का जप्ती प्रकरण बनाया गया। कार्यवाही के

दौरान एसडीएम पलारी दीपक निकुंज सहित तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे। इसी तरह सिमगा में दिनेश साहू के दुकान का निरीक्षण करने के दौरान 10 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया जिसे पटवारी कोटवार के माध्यम से भाटापारा मंडी में सुपुर्द किया गया।

सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को वितरित की गई साइकिलें

कवर्धा/नवप्रदेश। आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, रानी दुर्गावती चौक में सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत सायकल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सभापति जिला पंचायत कबीरधाम श्री रामकुमार भट्ट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने शाला में अध्ययनरत छात्राओं को सायकल वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री भूपेन्द्र सिंह, श्री लक्ष्मण यादव, श्री बद्री जायसवाल, श्री दीपक सिन्हा, श्री सचिन अग्रवाल, श्री संतोषी जायसवाल, श्री सुरेन्द्र

गुप्ता, श्री रूपराम देवांगन, श्री गणेश देवांगन, संस्था के प्राचार्य श्री अशोक गुप्ता, श्रीमती नीलम यदु, श्री रंगलाल धुर्वे सहित शाला के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि श्री रामकुमार भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2004-05 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरस्वती सायकल योजना की शुरुआत की थी। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की भावना को साकार करने वाली यह योजना आज भी निरंतर छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रही है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़, विशेषकर कबीरधाम जिला, शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। एक समय कवर्धा में केवल एक महाविद्यालय हुआ करता था, जबकि आज जिले में मेडिकल कॉलेज, मत्स्यकीय कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, लाइवलीहुड कॉलेज, कृषि महाविद्यालय सहित सभी ब्लॉक मुख्यालयों एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में महाविद्यालय संचालित हो रहे हैं, जिससे छात्र-छात्राओं को सीधा लाभ मिल रहा है।

गुणात्म सुधार ... कचरा पृथककरण के लिये जन जागरूकता लाने एवं सत्प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली के दिये निर्देश

आयुक्त ने ली एस.एल.आर.एम. सेंटर प्रभारियों की बैठक

राजनांदगांव/नवप्रदेश। स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने एवं कचरा पृथककरण के लिये जन जागरूकता लाने आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने एसएलआरएम सेन्टर प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने प्रभारियों से चर्चा कर प्रतिदिन घर घर कचरा एकत्रित करने सतप्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करने तथा अगामी स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए स्वच्छता से जुडने नागरिको को समझाईस देने के निर्देश दिये।

निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने एसएलआरएम सेन्टर प्रभारियो से कहा कि स्वच्छता दीदीया प्रतिदिन डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कर एस.एल.आर.एम. सेन्टर में कचरा पृथककरण करती है। कुछ लोगों के द्वारा गीला एवं सुखा कचरा अलग अलग न देकर एक साथ देते है, जिससे कचरा पृथककरण में असुविधा होती है। उन्होंने कहा कि कचरा पृथककरण एवं स्वच्छता के लिए जनजागरूकता अभियान चलाना है और अभियान से नागरिकों को स्वच्छता से जोडना है। इस अभियान का मूल उद्देश्य स्त्रोत पर कचरे का पृथककरण करना है। इसका मतलब घर में ही कचरे को हरा डब्बा में गिला कचरा एवं नीला डब्बा में सुखा कचरा पृथककरण किया जाए, इसके लिये लोगों को जानकारी देवे।

कचरा संग्रहण एवं पृथककरण के संबंध में सेन्टर प्रभारियों से आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने जानकारी ली। प्रभारियों ने अपना अनुभव साझा कर जानकारी देते हुये बताया कि कुछ लोगों के द्वारा कचरा पृथक कर नही दिया जाता इसके लिये उन्हें समझाईस दी जाती है और उनके घर के सामने कचरा पृथककरण कर दिखाया जाता है। जिसका प्रभाव भी पड रहा है और लोग अलग अलग कर कचरा दे रहे है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के द्वारा यूजर चार्ज भी नहीं दिया जाता और डस्टबिन की मांग की जाती है। इस पर आयुक्त ने कहा कि सभी सेन्टर सुपरवाईजर प्रतिदिन अपने अपने क्षेत्र के मकानों का सर्वे करे और जिन मकानों से यूचर चार्ज नहीं मिल रहा है, उनकी सूची बनावे, रजिस्टर में इंद्राज करे व उन्हें समझावे कि यूजर चार्ज से ही स्वच्छता दीदीयों का वेतन दिया जाता है। साथ ही अलग अलग डस्टबिन स्वयं खरीदकर अलग अलग कचरा रखने घर में ही कचरा पृथककरण करने समझाईस देवे।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि एसएलआरएम सेन्टर में प्रतिदिन आये हुये कचरे की उसी दिन पृथककरण करे तथा खाद बनाने की प्रक्रिया करे, बने हुये खाद का विक्रय करे। उन्होंने मोटर प्रभारी श्री सुरेन्द्र साव से कहा कि सभी खराब गाड़िया जल्द सुधार किया जाये, इसके अलावा जिन गाड़ियों की स्पीकर खराब है, उसे भी सुधारा जाये और प्रत्येक गाड़ी में घर से कचरा निकालने संबंधी गाना बजाया जाये तथा गीला कचरा सुखा कचरा अलग अलग डब्बे में रखने एवं घर में ही कचरा पृथककरण करने संदेश भी बजाया जाये।

बैठक में कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे, स्वस्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा, मिशन क्लीन सिटी सहायक प्रभारी श्री पवन कुर्रे, जिला समन्वयक एस.बी.एम. श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू सहित एस.एल.आर.एम. सेन्टर प्रभारी उपस्थित थे।

बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 का किया गया भव्य समापन

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आमापारा बालोद में 16 से 17 दिसंबर तक आयोजित 02 दिवसीय बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 आज भव्य समापन किया गया। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के दिशा-निर्देशन में आयोजित बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 का यह आयोजन बालोद जिले में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं सृजनात्मकता को नया आयाम स्थापित करने वाला साबित हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री राकेश यादव सहित कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री योगेश पटेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर श्री चंद्रकांत कौशिक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर, यूनिसेफ के प्रभारी अधिकारी श्रीमती छाया कुंवर, शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक श्री आरएल ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्राची ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधुलिका तिवारी सहित यूनिसेफ, सीएसआईटी, सीएसवीटीयू, आईआईटी, पीआईजैम फांउडेशन, आरंभ एजुटेक टेक्निकल के अधिकारियों तथा शिक्षकों के अलावा बड़ी संख्या में प्रतिभागी छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकागण उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, शिक्षाविदों तथा प्रतिभागी छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार तथा तकनीकी कौशल को बढ़ावा देने हेतु आयोजित इस दो दिवसीय बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 के बेहतरीन आयोजन की भूरी-भूरी सराहना की।

भाजपा विधायक सरकार द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की पोल खोल रहे हैं विनोद

■ भाजपा ने 2 साल के कार्यकाल में स्थापित किए भ्रष्टाचार के अनेक कीर्तिमान

महासमुंद / नवप्रदेश। पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की साय सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल में ही सरकार ने भ्रष्टाचार के अनेक कीर्तिमान स्थापित कर दिए हैं। विधानसभा शीतकालीन सत्र में भाजपा के विधायक अपने ही सरकार द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की परतें उधेड़ रहे हैं। विधानसभा सत्र में विधायक अजय चंद्राकर, विधायक धरमलाल कौशिक सहित अनेक भाजपा विधायक सरकार द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की पोल खोल रहे हैं। प्रदेश में विकास कार्य धरातल पर कहीं नजर नहीं आ रहा है, और सरकार के मंत्रियों ने चहेते ठेकेदारों को बिना कार्य पूर्ण हुए ही समस्त भुगतान कर दिए हैं। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की साय सरकार ने 2 साल के कार्यकाल में प्रदेश में एक भी ऐसा विकास कार्य नहीं कराया है, जिसका उल्लेख किया जा सके। उल्टे, पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में स्वीकृत विकास कार्यों में रोड़ा डालकर विकास बाधित किया है। चंद्राकर ने कहा कि सुशासन की ढोल पीटने वाली कथित डबल इंजन की सरकार में ना ही किसानों की सुध ली जा रही है और ना ही बेरोजगार युवाओं की। यहां तक महिला सशक्तिकरण के प्रयास भी शून्य हैं। 2023 की चुनाव में भाजपा ने सरकार बनने से पूर्व संकल्प लेकर जो वादे किए थे, वे केवल वादे ही बनकर रह गए हैं। इनमें से अधिकांश वादों पर अब तक अमल शुरू भी नहीं किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से 2 साल के भीतर 1 लाख भर्ती करने का वादा था। बेरोजगार युवा भर्ती के इंतजार में आस लगाए बैठे हैं, लेकिन, सरकार के नेता, मंत्री, अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। इसके अलावा दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को हर साल 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता, छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना के तहत युवाओं को 50 फीसदी सब्सिडी के साथ ब्याज मुक्त ऋण, छात्रों को कॉलेज आने-जाने के लिए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से मासिक ट्रेवल अलाउंस, 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा मोदी की गारंटी के तहत भाजपा ने की थी।

छः छात्रों का आरक्षक में चयन होने पर फाउंडेशन ने जताया हर्ष

आरंग / नवप्रदेश। आरक्षक भर्ती 2025 में नगर सहित अंचल के ग्रामों से संतोष पैकरा, दीपक साहू, हरिशंकर साहू, भूपेश बांधे, यामिनी साहू, टिकेश्वरी साहू का आरक्षक पद पर चयन हुआ है। जिसपर नगर के समाजसेवी संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन ने हर्ष जताया है। गुरुवार को फाऊंडेशन के अध्यक्ष दूजेराम धीवर और संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल ने सृजन कोचिंग संस्थान पहुंचकर सभी चयनित छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए कहा यह संस्था अपने नाम के अनुरूप अब तक 100 से अधिक छात्र छात्राओं का भविष्य सृजन कर चुकें है।ओर आज भी सैकड़ों छात्र-छात्राएं इस संस्थान से कोचिंग लेकर अपना भविष्य गढ़ रहे है।

निश्चित रूप से यह संस्था नगर सहित अंचल के शैक्षिक विकास के लिए मिल का पत्थर साबित हो रहा है।वहीं सभी छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने अनुभव साझा करते हुए इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, माता-पिता और सृजन कोचिंग संस्थान एवं सृजन फिजिकल एकेडमी को दिए।इस मौके पर संस्थान के प्रमुख छत्रधारी सोनकर ने इस सफलता का श्रेय अपने पूरे स्टाफ के शिक्षकों और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत को दिया। उन्होंने कहा आरंग को शैक्षिक हब के रूप में बनाने हमारा प्रयास निरंतर जारी है। जिससे कि छात्र छात्राओं को रोजगार उन्मुख शिक्षा मिलते रहे।इस अवसर पर संस्था के शिक्षक कल्याणी देवांगन, तेजेश्वरी बघेल, शंभु बंछोर, शेख साबिर, खिलेश चंद्राकर, मनोज, रवि चंद्राकर, योगेश चंद्राकर, जय प्रकाश पटेल, रूपा देवांगन सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

जिला पंचायत में सामान्य सभा की बैठक 26 को

महासमुंद/ नवप्रदेश। जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 26 दिसंबर को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित है। जिसमें शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधन, समाज कल्याण विभाग, आदिवासी विकास विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से संबंधित एवं अन्य विषय पर चर्चा की जाएगी।

मारपीट कर नुकीले वस्तु हमला

महासमुंद/ नवप्रदेश। जान से मारने की धमकी और मारपीट के मामले में आरोपियों के खिलाफसिटी कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि जगत पान ठेला के पास सागर पट्टी नयापारा महासमुंद निवासी फिरोज ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए नुकीली वस्तु से कमर के नीचे बांयी ओर मारकर चोट पहुंचाया। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन रविवार को

नगरी/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार की संस्थापिका परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जी की जन्म शताब्दी एवं शांतिकुंज में प्रज्वलित दिव्य अखण्ड ज्योति के 100वें वर्ष के उपलक्ष्य में वर्ष 2026 को विशेष रूप से मनाया जा रहा है। यह अखण्ड ज्योति विगत 99 वर्षों से निरंतर प्रज्वलित है, जो आगामी वसंत पंचमी 2026 को अपने 100 वर्ष पूर्ण करेगी। ऐसी दिव्य अखण्ड ज्योति विश्व में अन्यत्र कहीं देखने या सुनने को नहीं मिलती।जिसमे पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी के साधना शताब्दी वर्ष के अवसर पर विचार क्रांति अभियान के अंतर्गत गांव-गांव, वार्ड-वार्ड एवं घर-घर गायत्री यज्ञों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 15 शहीद सेनानी वार्ड, शनिवार बाजार पारा (कंजार पारा) में स्थित शीतला मंदिर प्रांगण में एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।जिसमे रविवार, 11 दिसंबर 2025 को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा।

21 से क्रिकेट टूर्नामेंट 32 टीमें लेंगी हिस्सा

महासमुंद/ नवप्रदेश। ग्राम लाफिन खुर्द में खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 21 दिसंबर से होगा। इस टूर्नामेंट में केवल 32 टीमों को ही भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिससे मुकाबले और भी रोमांचक होने की उम्मीद है। आयोजन को लेकर क्षेत्र के युवाओं और खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। स्पर्धा में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय नकद पुरस्कार के साथ मैन ऑफद सीरीज, हैट्रिक लगाने, हैट्रिक विकेट लेने, छक्का, चौका, अर्धशतक, शतक, मेडल ओवर सहित कई व्यक्तिगत उपलब्धियों पर भी पुरस्कार रखा गया है।

गाली देने से मना किया, दो लोगों ने मिलकर पीटा

महासमुंद/ नवप्रदेश। गाली -गलौज करने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। मामला नगर के वार्ड- 11 दलदली रोड का है। रिपोर्ट पर दो आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार वार्ड-11 नयापारा दलदली रोड मटन मार्केट के पीछे महासमुंद निवासी संतोष साहू 16 दिसंबर को 11.30 बजे घर में था, तभी घर के बाहर गाली-गलौज करने की आवाज सुनकर बाहर निकला और देखा कि उसके मोहल्ले के मनी धोबी और भेखलाल धोबी आपस में गाली-गलौज कर रहे थे, जब प्रार्थी ने उन्होंने गाली देने से मना किया, तब आरोपियों ने गुस्से में मारपीट की।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना

क्रम सं. (1): ई-निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-166-25-26, दिनांक 12/12/2025

कार्य: फॉर्मेशन ट्रीटमेंट एवं रिहैबिलिटेशन (टीएफटीआर): बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता/चाम्पा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सिवनी-नारायणी रोड सिंगल लाइन सेक्शन में रोड वर्क, ब्लैंकेटिंग मटेरियल एवं जियोटेक्सटाइल के साथ रिहैबिलिटेशन।

निविदा मूल्य (रु): 5,90,26,720/- अमानत राशि (रु) : 4,45,100/- कार्य पूर्णता की अवधि : 12 माह निविदा जमा करने की आरंभ तिथि :- दिनांक 22-12-2025 से। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : दिनांक 05-01-2026 के 11:00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)

सीपीआर/10/AM/549 द.पू.म.रेलवे बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

नगरी ब्लॉक की 18 भवनविहीन शालाओं का मुद्दा विधानसभा में गूंजा

■ सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने सरकार को घेरा

नगरी/नवप्रदेश। आदिवासी बहुल नगरी विकासखंड में संचालित 18 प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं के भवनविहीन और जर्जर हालात का गंभीर मुद्दा बुधवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा में गूंजा। सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने नियम 138(1) के तहत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री का ध्यान इस अत्यंत संवेदनशील और मानवीय विषय की ओर आकृष्ट किया। विधायक मरकाम ने सदन में कहा कि नगरी विकासखंड की 18 शालाएं अपने स्वयं के भवन के अभाव में आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, मंदिर, निजी मकान एवं अन्य शासकीय भवनों में संचालित हो रही हैं। इन अस्थायी व्यवस्थाओं में न तो कक्षाओं के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध है और न ही शौचालय, पेयजल, खेल मैदान, प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय जैसी मूलभूत सुविधाएं, जिससे बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और सर्वांगीण विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।उन्होंने बताया कि कई विद्यालयों में संकरे कमरों और बरामदों में कक्षाएं लग रही हैं, जहां प्रकाश और वेंटिलेशन की समुचित व्यवस्था नहीं है। इससे विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। बरसात और गर्मी के मौसम में जर्जर भवनों में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, वहीं कई बार नियमित रूप से कक्षाएं संचालित कर पाना भी संभव नहीं हो पाता। विधायक मरकाम ने सरकार से मांग की कि नगरी विकासखंड की सभी 18 भवनविहीन शालाओं के लिए प्राथमिकता के आधार पर नए शाला भवनों की स्वीकृति दी जाए और भवन निर्माण हेतु आवश्यक बजट शीघ्र जारी किया जाए। साथ ही, जब तक नए भवनों का निर्माण पूर्ण नहीं हो जाता, तब तक सुरक्षित एवं उपयुक्त वैकल्पिक भवनों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो।

उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में स्कूल शिक्षा विभाग को कई बार पत्राचार कर मरम्मत एवं नए भवन की स्वीकृति की मांग की जा चुकी है, लेकिन आज तक न तो मरम्मत कार्य हो पाया है और न ही सभी विद्यालयों को नए भवनों की स्वीकृति मिली है। इससे ग्रामीण स्तर पर आक्रोश की स्थिति बन रही है और भविष्य में तालाबंदी जैसे आंदोलन की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।इस पर जवाब देते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि नगरी विकासखंड में कुल 18 शालाएं–16 प्राथमिक और 2 पूर्व माध्यमिक–जर्जर स्थिति में हैं। इनमें 14 प्राथमिक एवं 2 पूर्व माध्यमिक शालाएं मरम्मत योग्य हैं, इसलिए इनमें तालाबंदी नहीं की गई है। इन भवनों को डिस्मेंटल करने की प्रक्रिया कलेक्टर, धमतरी द्वारा की जा रही है।

सेवानिवृत्त प्रधान पाठक भानु राम देव की ससम्मान विदाई

नवपदोन्नत प्रधान पाठकों का सम्मान

नगरी/नवप्रदेश। संकुल केंद्र सिहावा एवं चर्रा के संयुक्त तत्वावधान में माध्यमिक शाला चर्रा में सेवानिवृत्त प्रधान पाठक श्री भानु राम देव के सम्मान में विदाई समारोह तथा नवपदोन्नत प्रधान पाठकों के सम्मान का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समस्त शिक्षकों ने श्री देव को ससम्मान विदाई दी। वही भानु राम देव ने माध्यमिक शाला चर्रा में 20 वर्षों से अधिक समय तक संस्था प्रमुख के रूप में सेवाएँ दीं। उनके कार्यकाल में विद्यालय एवं संकुल स्तर पर अनेक शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियाँ प्रभावी ढंग से संपन्न हुईं। विगत वर्ष दोनों संकुलों की संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का चर्रा में सफल आयोजन भी उनके नेतृत्व में हुआ, जो शिक्षकों के लिए यादगार रहा। अपने विदाई संबोधन में श्री देव ने भावुक शब्दों में अपने शिक्षकीय जीवन के अनुभव साझा किए तथा समस्त शिक्षकों को समर्पण और उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रेरित किया। इसी अवसर पर संकुल से स्थानांतरित व पदोन्नत शिक्षकों का स्वागत-सम्मान किया गया।

अधिक ठंड से स्वास्थ्य पर असर, जिला अस्पताल में जुटने लगी मरीजों की भीड़

महासमुंद/ नवप्रदेश। साल के आखरी महीने में तेज ठंड का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। दिनभर ठंड का अहसास और देर शाम से सुबह तक कंपा देने वाली ठंड जनजीवन पर असर डाल रहा है। लगातार गिरते न्यूनतम तापमान का असर लोगों के स्वास्थ्य पड़ रहा है। मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल से जिले स्वास्थ्य व उप स्वास्थ्य केन्द्रों के अलावा निजी चिकित्सालय व क्लीनिकों में सर्दी- जुकाम, दमा से पीड़ित मरीज व मौसमी बीमारी से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़ रही है।

बता दें कि इस बार नवंबर माह के पहले सप्ताह से ही जिले में ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। इस बीच तापमान में लगातार उतार चढ़ाव देखने को मिला। नवंबर के आखिरी पखवाड़े से अब तक न्यूनतम तापमान में लगातार कमी आ रही है। जिससे जनस्वास्थ्य पर इसका असर दिख रहा है। जिला अस्पताल में इन दिनों वायरल फीवर ,सर्दी- जुकाम और खांसी सहित दमा से पीड़ित मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। मरीज सुबह 10 बजे से ही जिला अस्पताल पहुँचकर कतार लगाकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।

समस्याओं पर चोपड़ा ने उठाई आवाज

श्वेत पत्र जारी करने की मांग

महासमुंद/ नवप्रदेश। पूर्व विधायक एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विमल चोपड़ा ने क्षेत्र में बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण और उससे उत्पन्न जन-समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होने क्षेत्र की जनता, विशेषकर किसानों की चिंताओं को प्रमुखता से उठाते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। डॉ. चोपड़ा ने बताया कि क्षेत्र के ग्रामीण और किसान लगातार यह आरोप लगा रहे हैं कि उद्योगों के प्रदूषण से उनकी फसलें बड़े पैमाने पर खराब हो रही हैं। साथ ही उनकी जमीन और सरकारी जमीनों पर उद्योगों द्वारा अवैध कब्जे की शिकायतों ने क्षेत्र में अशांति का वातावरण निर्मित कर दिया है। डॉ. चोपड़ा ने प्रशासन से आग्रह किया है कि इन गंभीर विषयों पर एक उच्च-स्तरीय जांच सुनिश्चित की जाए और यह जांच की जाए कि क्या वास्तव में औद्योगिक प्रदूषण से फसलें बर्बाद हो रही हैं? और यदि हां, तो प्रभावित किसानों के लिए उचित मुआवजा किस तरह से तय किया जाए। जिन किसानों की फसलें प्रदूषण से प्रभावित हुई है, उनकी धान खरीदी सोसाइटियों में सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान न झेलना पड़े। क्षेत्र में उद्योगों की वर्तमान स्थिति, प्रदूषण के मानक और स्थानीय लोगों पर इसके प्रभाव को लेकर प्रशासन एक विस्तृत 'श्वेत पत्र' जारी करें। बिरकोनी और आसपास के क्षेत्रों में संचालित उद्योग जैसे करणी कृपा, अनुपम, और सभी उद्योगों की कार्यप्रणाली की निगरानी हो ताकि स्थानीय लोगों को परेशानी न हो। डॉ. चोपड़ा ने स्पष्ट किया कि वे उद्योगों के विरोधी नहीं हैं। उन्होंने कहा, उद्योग लगने चाहिए। क्योंकि इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता है और क्षेत्र का विकास होता है। लेकिन, विकास की कीमत आम जनता की तकलीफ नहीं होनी चाहिए। प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि उद्योगों के कारण किसी भी व्यक्ति के संवैधानिक अधिकारों और स्वास्थ्य का हनन न हो। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि आम जनता के बीच खेती के पानी को लेकर भारी चिंता व्याप्त है।

दो बूंद जिंदगी की : पल्स पोलियो अभियान 21 को जिले के 1.15 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी दवा

महासमुंद। जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो से सुरक्षित करने के लिए पल्स पोलियो अभियान का आयोजन रविवार 21 दिसंबर को किया गया है। इस दिन जिलेभर में निर्धारित पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। वहीं 22 एवं 23 दिसंबर को पहले दिन छूटे हुए बच्चों को घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने बताया कि इस वर्ष जिले में 1262 पोलियो बूथों के माध्यम से 0 से 5 वर्ष के 1,15,495 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

अभियान की तैयारी को लेकर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के सफल आयोजन पर विस्तृत चर्चा हुई। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्कूल शिक्षा विभाग को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के निर्देश दिए।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र. -3)

- शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर -

Email ID - rmczone3@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **26718** दिनांक 17.12.2025

वार्ड का नाम- **47 - मदर टेरेसा वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 47 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR443E00183** जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती **AMRIT CHAUHAN** पिता / पति श्री/श्रीमती **RAM BHAROSA CHAUHAN** के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती **FOOLPATI LONIYA** पिता / पति श्री श्रीमती **SINHASAN LONIYA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

"सूचना जारी करे "

श्रीमती प्रीति सिंह
जोन कमिश्नर
जोन (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पंचायत पिपरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

Email ID: cmopipariya@gmail.com

ई-प्रोक्योरमेन्ट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 1573/लो.नि.वि./ तक./न.पं./ 2025-26 पिपरिया, दिनांक 17.12.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई-निविदा (Online) छ.ग. लोक निर्माण भवन एसओआर (दि. 01.01.15 से प्रभावशील) एवं इलेक्ट्रिक एस.ओ.आर. सामान / कम/अधिक % दर पर दिनांक 08.01.2026 समय शाम 17:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है :-

System Ten. No.	Description	Cost (In Lacks)
182023	CONSTRUCTION OF SAMUDAYIK BHAVAN AT WARD NO. 04	10.12

टीपः- उपरोक्त कार्य की निविदा से संबंधित अन्य समस्त जानकारियाँ कार्यालय न.पं. पिपरिया के सूचना पटल एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की वेबसाईट **www.uad.cg.gov.in** एवं ई-प्रोक्योमेन्ट बैंक पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** पर में देखा जा सकता है।

- नगर पंचायत के करों का भुगतान समय पर करें
- स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत निर्माण में योगदान दें।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत पिपरिया

** पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें.. **

कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता / सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वछता मिशन - बीजापुर, जिला- बीजापुर (छ.ग.)

निविदा सूचना क्रमांक 26 / जि.ल.स्व.मि./2025 बीजापुर, दिनांक 15/12/2025

निविदा आमंत्रण सूचना

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से मुहरबंद निविदाएं **"प्रपत्र-सी"** में आयटम दर पर नीचे उल्लेखित कार्य के लिये **कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वछता मिशन बीजापुर** के कार्यालय में, वाहन किराये से लेने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम :- जल जीवन मिशन के कार्यों के निरीक्षण हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कार्यालय बीजापुर में 01 वर्ष के लिये मासिक किराया दर पर महिन्द्रा स्कॉरपियों / बुलेरो /पिकअप वाहन की आवश्यकता।

आवेदन की अंतिम तिथि-31.12.2025,

निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 02.01.2026

समूह क्रमांक	विवरण	अनुमानित लागत (वार्षिक) (रू. लाख में)	धरोहर राशि
1	लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कार्यालय बीजापुर में 01 नग मासिक किराया दर पर महिन्द्रा स्कॉरपियों। (सफेद कलर)	Rs. 7.80	20000.00
2	लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उप खण्ड कार्यालय बीजापुर में 01 नग मासिक किराया दर पर महिन्द्रा बुलेरो। (सफेद कलर)	Rs. 7.20	20000.00
3	लोक स्वास्थ्य यांत्रिक खण्ड अन्तर्गत जिला जल एवं प्रयोगशाला में 01 नग मासिक किराया दर पर पिकअप।	Rs. 6.48	20000.00
4	लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कार्यालय बीजापुर में 01 नग मासिक किराया दर पर महिन्द्रा स्कॉरपियों। (सफेद कलर)	Rs. 7.80	20000.00

नोट :-
निविदा से संबंधित शर्ते एवं नियम कार्यालीन अवधि में अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड / DWSM
बीजापुर, जिला - बीजापुर

जी-252605524/3

संक्षिप्त खबरें

राज्यपाल ने संत बाबा गुरु घासीदास जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने संत बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती के अवसर पर लोकभवन में गुरु घासीदास जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यपाल डेका ने कहा कि गुरु घासीदास जी ने मानव समाज को प्रेम और सद्भावना का संदेश दिया और समाज में व्याप्त भेदभाव एवं असमानता को दूर कर समतामूलक समाज स्थापित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को एकता और सद्भावना का मार्ग दिखाते हैं।इस अवसर पर लोकभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी संत बाबा गुरु घासीदास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

मनेंद्रगढ़ के सरसताल-फुनगा मार्ग पर 120 मीटर पुल निर्माण को मिली स्वीकृति

रायपुर/नवप्रदेश। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनेंद्रगढ़ विकासखंड के अंतर्गत खड़गवां ब्लॉक के सरसताल से फुनगा तक 120 मीटर लंबे पुल निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह पुल लगभग 5 करोड़ 23 लाख रुपए की लागत से निर्मित किया जाएगा। पुल एवं सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद देवाडाड, सलका, सुंदरपुर, कटकोना, नेवारी, बहरा, बेलकामार, जरौंधा और सकड़ा सहित आसपास के गांवों के हजारों ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। बरसात के मौसम में होने वाली परेशानी से भी लोगों को राहत मिलेगी और क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा। मनेंद्रगढ़ के स्थानीय विधायक एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए मनेंद्रगढ़ की समस्त जनता की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और यह पुल क्षेत्र के विकास को नई गति देगा।

भाजपा सरकार में जंगल कटाई और खनिज संसाधनों की लूट का खुला खेल- कांग्रेस

रायपुर/ नवप्रदेश। भाजपा की सरकार को पूंजीपतियों की गुलाम के तौर पर काम करने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनते ही हसदेव के जंगलों में कटाई शुरू हो गई, रायगढ़ जिले के तमनार में जंगल काटे गए, वन अधिकार अधिनियम के तहत आबंटित पट्टे की भूमि पर खनन कार्य शुरू किया जा रहा है। जन विरोध के बावजूद मैनपाट में बॉक्साइट खदान के लिए पहाड़ खोदे जा रहे हैं। खैरागढ़ में भारी विरोध के बावजूद खेती की भूमि पर सीमेंट प्लांट और लाइमस्टोन खदान जबरिया खोला जा रहा है। बीजापुर जिले में खनन के लिए जंगलों की कटाई बिना पर्यावरण अनुमति के की जा रही है। इस सरकार की बुरी नज़र केवल छत्तीसगढ़ के संसाधनों पर है।प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि पिछली कांग्रेस सरकार में छत्तीसगढ़ विधानसभा में एक बड़ा फैसला हुआ था, हसदेव जंगल को बचाने के लिए 26 जुलाई 2022 को अशासकीय संकल्प विधानसभा में पारित किया गया है। अशासकीय संकल्प में केंद्र सरकार को हसदेव क्षेत्र के कोयला खदानों के आवंटन को रद्द करने की मांग की गई है।

धान खरीदी केंद्रों पर राज्य शासन की व्यवस्थाओं से किसानों के चेहरे खिले

■ टोकन तुंहर हाथ ऐप से समय और मेहनत की हो रही बड़ी बचत

रायपुर/नवप्रदेश। जशपुर जिले के मनोरा विकासखंड में धान खरीदी केंद्रों पर राज्य शासन की व्यवस्थाएं किसानों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर रही हैं। ग्राम दड़गांव के किसान गांधी भगत ने 182 क्विंटल धान बेचकर केंद्र की सुव्यवस्थित प्रक्रिया की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। विष्णुदेव साय सरकार की डिजिटल पहल 'टोकन तुंहर हाथ ऐप' से अब किसान घर बैठे टोकन कटा रहे हैं और सीधे केंद्र पहुंचकर धान की बिक्री कर रहे हैं।किसान गांधी भगत ने बताया कि टोकन कटाने की प्रक्रिया बेहद सरल रही। खरीदी केंद्र पर साफ-सुथरे बारदाने, समयबद्ध तौल और कर्मचारियों का सहयोग मिला। पहले लंबी लाइनों और बार-बार चक्कर लगाने की मजबूरी थी, लेकिन अब सब कुछ तय समय पर हो रहा है। इससे किसानों का समय और मेहनत दोनों बच रही है। किसान गांधी भगत ने कहा कि शासन की इस व्यवस्था से धान बेचना आसान हो गया है और सही मूल्य समय पर मिल रहा है।

भगत ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की किसान-केंद्रित नीतियां धरातल पर उतर रही हैं। धान खरीदी केंद्रों में हर व्यवस्था किसानों के हित में की गई है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है।

किसान क्रेडिट कार्ड: साहूकारों से आजादी, खेती में बिना रुकावट पूंजी

किसान भगत गांधी अपने पिता लहरू राम भगत के नाम से बने किसान क्रेडिट कार्ड से खाद, बीज और अन्य कृषि सामग्री आसानी से खरीद लेते हैं, जिससे खेती की तैयारी में कोई कमी नहीं रहती। राज्य शासन द्वारा लागू यह योजना सस्ती ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराती है, जिससे किसान साहूकारों की मार से मुक्त हो रहे हैं। केसीसी से खेती मजबूत हो रही है और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार आ रहा है। विष्णुदेव साय सरकार की इन पहलों से छत्तीसगढ़ के लाखों किसान सशक्त हो रहे हैं। धान खरीदी सत्र में ऐसी व्यवस्थाओं से राज्य का खरीफउत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है।

मनरेगा की सौगात: कूप निर्माण से महाबीर की किस्मत चमकी

■ 2.80 एकड़ में धान और बाड़ी में सब्जी की खेती कर बने आत्मनिर्भर

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार की मनरेगा योजना ने एक बार फिर ग्रामीण जीवन को नई दिशा दी है। जीपीएम जिले के मरवाही जनपद के ग्राम पंचायत रटगा निवासी महाबीर के परिवार की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। पहले मजदूरी पर निर्भर यह परिवार अब अपनी 2.80 एकड़ जमीन पर धान और सब्जी-भाजी की खेती कर आत्मनिर्भर बन गया है। 2 लाख 99 हजार रुपये की स्वीकृति से बने कुएं ने न केवल सिंचाई की समस्या हल की, बल्कि आसपास के परिवारों को भी पीने के पानी की सुविधा प्रदान की है।

महाबीर ने बताया कि ग्राम सभा में मनरेगा योजना की जानकारी मिलने पर उन्होंने अपनी जमीन में कुएं के निर्माण के लिए आवेदन किया। वर्ष 2025-26 में उन्हें 2 लाख 99 हजार रुपये की मंजूरी मिली। कुआं बनने के बाद वे 2.80 एकड़ क्षेत्र में धान की फसल उगा रहे हैं, जबकि बाड़ी में सब्जी-भाजी की खेती से नियमित आय हो रही है। राज्य सरकार की इस योजना ने उनकी कृषि संबंधी सभी समस्याओं को दूर कर दिया है।

पहले सिंचाई की कमी से महाबीर कृषि कार्य नहीं कर पाते थे और मनरेगा मजदूरी से ही घर चलाते थे। अब उसी योजना ने उनकी स्थिति उलट दी है। कुएं से न केवल उनका परिवार लाभान्वित हो रहा है, बल्कि आसपास के लोग भी पीने के पानी के लिए इसका उपयोग कर रहे हैं। महाबीर का कहना है कि मनरेगा ने हमें आत्मनिर्भर बनाया, अब मजदूरी की मजबूरी नहीं रही।छत्तीसगढ़ सरकार की मनरेगा जैसी योजनाएं ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाओं से जोड़ रही हैं, जिससे आजीविका के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। महाबीर की कहानी राज्य भर में हो रहे विकासगाथा की जीवंत मिसाल है। यह पहल न केवल गरीबी उन्मूलन में सहायक है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। राज्य सरकार की ऐसी योजनाओं से छत्तीसगढ़ के लाखों परिवार आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर हैं।

पीएम आवास योजना अंतर्गत 5.03 करोड़ का भुगतान

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत SNA स्पर्श प्रक्रिया के माध्यम से नगर निगम द्वारा ?5 करोड़ 3 लाख 27 हजार की राशि पात्र हितग्राहियों के बैंक खातों में सफलतापूर्वक अंतरित की गई है। इस भुगतान से बड़ी संख्या में हितग्राहियों को अपने आवास निर्माण कार्य में तत्काल राहत मिली है। किश्त की राशि परिवारों के खातों में राशि पहुँचते ही उनके चेहरों पर खुशी और संतोष स्पष्ट रूप से देखने को मिला। कई हितग्राहियों के अधूरे मकानों का कार्य अब पुनः प्रारंभ हो सका है।SNA स्पर्श प्रणाली के माध्यम से भुगतान की यह प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, सुरक्षित एवं समयबद्ध रही, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि योजना का लाभ बिना किसी बाधा के सीधे हितग्राही तक पहुँचे। इस अवसर पर नगर निगम मीनल चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब और मध्यम वर्ग के लिए सम्मानजनक आवास का आधार है। स्पर्श पारदर्शी प्रणाली हैं, नगर निगम की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र परिवार को समय पर योजना का लाभ मिले।

21 दिसंबर को पोलियो पर वार 3 दिन चलेगा पोलियो अभियान

■ राज्य स्तरीय टास्क फोर्स बैठक में तैयारियों की समीक्षा, व्यापक प्रचार पर जोर

रायपुर/नवप्रदेश। पोलियो दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ में पोलियो अभियान का आयोजन 21 से 23 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। अभियान के पहले दिन 21 दिसंबर को प्रदेशभर में 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। 22 व 23 दिसम्बर को पोलियो की खुराक से छूटे हुए बच्चों को घर घर जाकर खुराक दी जायेगी। अभियान के सुचारु संचालन को लेकर बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर में राज्य स्तरीय टीकाकरण टास्क फोर्स समिति की अहम बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव अमित कटारिया ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पल्स पोलियो अभियान में कोई भी बच्चा छूटने न पाए। इसके लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार, घर-घर पहुंच और संवेदनशील इलाकों पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि 21 दिसंबर को अभियान की सफलता पूरे कार्यक्रम की दिशा तय करेगी।

बैठक में डॉ. संजीव कुमार झा (संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं), डॉ. निर्मला यादव (संयुक्त संचालक, आरसीएच), डी. एस. मरावी (महिला एवं बाल विकास विभाग), बी. एल. देवांगन (लोक शिक्षण विभाग), निशा सिंह (यूएनडीपी), नितिन पाटिल विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

सभी ने विभागीय समन्वय के साथ 21 दिसंबर को अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में उप संचालक एवं राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ वी. आर. भगत ने समिति को अभियान की संपूर्ण रूपरेखा, माइक्रो प्लानिंग, बूथ व्यवस्था, मोबाइल टीमों, ट्रांजिट टीमों और निगरानी तंत्र की विस्तृत जानकारी दी।

नि :शुल्क राष्ट्रीय दिव्यांगजन स्किल डेवलपमेंट शिविर आज से

■ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे

रायपुर/नवप्रदेश। महावीर इन्टरकान्टीनेंटल सर्विस आर्गेनाईजेशन (मीसो) एवं छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम, छ.ग. शासन के संयुक्त तत्त्वावधान में आगामी दिनांक 19 दिसम्बर से 23 दिसम्बर 2025 तक मूक बधिर व दृष्टिबाधित (दिव्यांग) बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्थानीय जैनम मानस भवन, एयरपोर्ट के सामने, रायपुर में राष्ट्रीय स्तर का विशाल स्किल डेवलपमेंट शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पूरे देश के लगभग 1200 दिव्यांग आ रहे है और यह पूर्णतः निःशुल्क शिविर है। उक्त शिविर का शुभारंभ 19 तारीख को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे।

प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया एवं मीसों के कार्यक्रम संयोजक मोतीचंद बरड़िया (सी.ए.). सह-संयोजक के.के. नायक, अश्विन दोषी, मनोज कोठारी ने बताया कि इस अनूठे आयोजन में पूरे देश से लगभग 1100 मूक-बधिर व 100 दृष्टिबाधित (दिव्यांग) बच्चों को विभिन्न ट्रेनर्स के द्वारा तकरीबन योग्यतानुरूप 72 प्रकार के कार्य व कलाए सिखाई जायेगी जिसे सीखकर वे स्वावलम्बी बन सके व उस कला को बतौर रोजगार अपना सके। इस प्रकार के आयोजन पिछले अनेक वर्षों से संस्था द्वारा किया जा रहा है और यह उसका 25 वाँ आयोजन है। इस कार्यक्रम के माध्यम से इन बच्चों को मार्केटिंग के लिए भी मार्गदर्शन दिया जाता है व संस्था द्वारा मार्केटिंग में मदद भी की जाती है।

पत्रकारवार्ता में लोकेश कावड़िया ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से इन बच्चों को आर्गेनिक साबुन, फेसवॉश, फि नाईल, हैण्डवॉश, बाटल आर्ट, माला, दिया बाती, माटी कला, नेल आर्ट. झाड़ू, वायपर, लिप्पन आर्ट, मोप मेकिंग, प्रिंटर रीफीलींग जैसी लगभग 72 से ज्यादा रोजगारोंमुखी कलॉए (आर्ट) सिखाई जायेगी।

राजकुमार कॉलेज का 130वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

■ अनेगुंडी संस्थान के राजा श्रीकृष्ण देवराय होंगे मुख्य अतिथि

रायपुर/नवप्रदेश। राजकुमार कॉलेज 22 दिसंबर 2025 को अपना 130वाँ वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित करेगा, जो उत्कृष्टता और उपलब्धि की अपनी समृद्ध विरासत में एक और उल्लेखनीय मील का पत्थर साबित होगा। इस वर्ष के प्रतिष्ठित कार्यक्रम की शोभा मुख्य अतिथि के रूप में अनेगुंडी संस्थान के राजा श्री कृष्ण देवराय बढ़ाएंगे। उनका वंश विजयनगर साम्राज्य की शानदार राजधानी और यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, हम्पी की गौरवशाली विरासत से गहराई से जुड़ा हुआ है।

विरासत के संरक्षक और प्रतिष्ठित शाही गणमान्य व्यक्ति, राजा श्री कृष्ण देवराय, सभा को संबोधित करेंगे और शिक्षा, खेल एवं सह-पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित करेंगे। यह समारोह विभिन्न क्षेत्रों में छात्रों की दृढ़ता, समर्पण और उनकी असाधारण उपलब्धियों का उत्सव होगा।वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह संस्थान की सबसे प्रिय परंपराओं में से एक है, जो समग्र शिक्षा और जिम्मेदार, आत्मविश्वासी भावी नेताओं को तैयार करने के प्रति राजकुमार कॉलेज की स्थायी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अभिभावकों, पूर्व छात्रों और शुभचिंतकों को प्रतिभा, परंपरा और सफलता के इस भव्य उत्सव में शामिल होने के लिए सादर आमंत्रित किया जाता है। हम इस ऐतिहासिक पड़ाव को एक साथ मनाने के लिए आप सभी की उत्साहपूर्ण उपस्थिति की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

लौह अयस्क एवं चूना खदान की नीलामी 19 जनवरी को होगी जनसुनवाई

रायपुर/नवप्रदेश। छग में विभिन्न सीमेंट एवं अन्य संयंत्रों के लिए चूना तथा लौह अयस्क की खदानों के लिए जनसुनवाई का विरोध आम जनता द्वारा किया जा रहा है लेकिन इसके बावजूद पूंजीपति एवं उद्योगपति जनसुनवाई का विरोध करते हुए विभिन्न खदानों पर कब्जा करने का अनवरत प्रयास कर रहे हैं। रायपुर जिले के तिल्दा तहसील के कोनारी में आगामी 19 जनवरी को एक लोक सुनवाई का आयोजन किया गया है।

कटकोना-सुंदरपुर नर्सरी पहुंच मार्ग को मिली प्रशासकीय स्वीकृति

रायपुर/नवप्रदेश। जिले के कटकोना मेन रोड से सुंदरपुर नर्सरी पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। 3.18 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण पर 3 करोड़ 84 लाख 48 हजार रुपए की लागत आएगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना को स्वीकृति दी गई है। सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद देवाडांड, सलका, सुंदरपुर, कटकोना, नेवारी, बहरा, बेलकामार, जरौंधा और सकड़ा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

निगम 10 स्थानों पर बनाएगी रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट

■ 50 लाख रुपए की योजना के लिए केंद्रीय जल आपदा प्रबंधन को भेजा गया है प्रस्ताव

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में लगातार गिरते भू-जल स्तर को देखते हुए नगर निगम ने जल संरक्षण की दिशा में ठोस पहल शुरू की है। शहर में भू-जल स्तर बढ़ाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा 10 स्थानों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट बनाए जाने की योजना तैयार की गई है। इस योजना के लिए लगभग 50 लाख रुपये का प्रस्ताव केंद्रीय जल आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को भेजा गया है।

नगर निगम के जल विभाग के अनुसार, प्रत्येक रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट पर करीब 5 लाख रुपये की लागत आएगी।

जल स्तर काफी नीचे जा चुका है

नगर निगम के आंकड़ों के अनुसार रायपुर में भू-जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। कचना, सड्डू और सेजबहार जैसे इलाकों में जल स्तर 800 से 1000 फीट तक पहुंच चुका है, जिससे बोरवेल की गहराई बढ़ रही है और जल आपूर्ति व्यवस्था पर दबाव बढ़ा है।

62 एकड़ में हो चुकी है रेन वाटर हार्वेस्टिंग

इससे पहले भी नगर निगम द्वारा दलदल सिवनी क्षेत्र में लगभग 62 एकड़ में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली विकसित की जा चुकी है। इंदिरा स्मृति वन के समीप बने परकोलेशन टैंकों में मानसून के दौरान वर्षा जल को एकत्र कर जमीन में समाहित किया जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार इस व्यवस्था से लगभग 21 करोड़ लीटर पानी का भंडारण संभव है।

नगर निगम का मानना है कि वर्षा जल संरक्षण से भविष्य के जल संकट को काफी हद तक रोका जा सकता है।

फीस लेकर क्लास बंद करना सेवा में कमी, फिटजी लौटाएगा 1.27 लाख

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने कोचिंग संस्थान फिटजी के खिलाफ फैसला सुनाया है। आयोग ने स्पष्ट किया कि फीस लेने के बाद तय अवधि तक कक्षाएं संचालित न करना न केवल सेवा में कमी है, बल्कि यह अनुचित व्यापार व्यवहार की श्रेणी में भी आता है।आयोग ने फिटजी को आदेश दिया है कि वह परिवादी को एक लाख 27 हजार 800 रुपये छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ लौटाए। इसके अलावा मानसिक पीड़ा के लिए 10 हजार रुपये और वाद व्यय के रूप में पांच हजार रुपये अलग से अदा करने होंगे। यह पूरी राशि 45 दिनों के भीतर चुकाने के निर्देश दिए गए हैं।

सीएम का ओएसडी बनकर असिस्टेंट प्रोफेसर को धमकी

मुंहबोला भाई गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री के ओएसडी बनकर कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर को फोन पर धमकाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर तेलबांधा निवासी अखिलेश सिंह के खिलाफ कार्रवाई की है।

मामला सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक आंजनेय यूनिवर्सिटी नरदहा के असिस्टेंट प्रोफेसर चिंतामणी पंडा (40) को 15 दिसंबर 2025 को दोपहर करीब 3:20 बजे उन्हें एक अज्ञात मोबाइल नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को मुख्यमंत्री के ओएसडी (विशेष कार्य अधिकारी) बताते हुए उनकी पत्नी से चल रहे पारिवारिक विवाद को लेकर सुलझाने को लेकर धमकी दी।

आरोपी ने कथित तौर पर कहा कि यदि प्रार्थी ने आपसी सुलह नहीं किया तो उनकी पत्नी द्वारा दिए गए आवेदन को बड़े अधिकारियों और कॉलेज प्रबंधन तक भेज दिया जाएगा, जिससे उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। बताया जा रहा है कि, पीड़ित और उनकी पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा है। इस बात को लेकर फरियादी की पत्नी का मुंहबोले भाई ने यह कदम उठाया है।

आरोपी गिरफ्तार-फोन आने के बाद प्रार्थी डर गया, हालांकि बाद में उसे यह अहसास हुआ कि कॉल करने वाला व्यक्ति फर्जी पहचान के जरिए धमकी दे रहा है और मुख्यमंत्री कार्यालय से जुड़े पद की छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहा है। इसकी शिकायत सिविल लाइन थाना में दर्ज की गई. जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

मोबाइल नंबर से हुई आरोपी की पहचान-पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बीएनएस की धारा 319(2), 336(3), 340(2), 351(3) के तहत मामला दर्ज किया। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की साइबर विंग द्वारा मोबाइल नंबर का तकनीकी विश्लेषण किया गया।

भारत की राजधानी दिल्ली में प्रदूषित हवा से बचने के लिए लोग नए तरीके तलाश रहे हैं। अब वे सिर्फ खाने या कॉफी पीने के लिए बाहर नहीं निकलते। बल्कि ऐसी जगह ढूंढ रहे हैं जहां वो सुकून से सांस भी ले सकें। ऐसे में शहर के व्यस्त इलाकों में एक नया ट्रेंड उभर रहा है। दिल्ली और आसपास के इलाकों में 'ग्रीन कैफे' की लोकप्रियता बढ़ रही है. ग्रेटर कैलाश, कनॉट प्लेस और गुरुग्राम तक, लोग अब खुले में बैठने के बजाय पौधों से घिरे नेचर-फ्रेंडली माहौल वाली जगहों को चुन रहे हैं। प्लांटरी जैसे ग्रीन कैफे पर्यावरण के अनुकूल तरीकों को अपनाते हैं। दिल्ली में वायु प्रदूषण के कारण इन कैफे में भीड़ बढ़ रही है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार नवंबर और दिसंबर में ग्राहकों की संख्या 40 प्रतिशत ज्यादा हुई है। उम्मीद है कि यह फरवरी तक और बढ़ जाएगी। एक अध्ययन से पता चलता है कि इस तरह के ग्रीन कैफे ग्राहक के अनुभव को बेहतर बनाते हैं. उनकी भावनात्मक और मनोस्थिति भी बेहतर होती है. ऐसे वातावरण में समय बिताने से तनाव कम होता है।

प्रदूषित दिल्ली में साफ हवा देने की कोशिश करते 'ग्रीन' कैफे

मैं ओमान में 'मिनी इंडिया' देख रहा हूं, हम एक परिवार की तरह इकट्ठा हुए : पीएम मोदी

मस्कट(आईएएनएस)। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने विदेश दौरे के अंतिम पड़ाव पर ओमान में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान ओमान कन्वेंशन सेंटर में 'मैत्री पर्व' प्रोग्राम का आयोजन किया गया। पीएम मोदी को सुनने के लिए ओमान में अलग-अलग भारतीय स्कूलों के 700 से ज्यादा छात्र शामिल हुए। यह साल ओमान में भारतीय स्कूलों के लिए खास महत्व रखता है।

दरअसल, ओमान में भारतीय स्कूल अपनी स्थापना के 50 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम', और 'मोदी, मोदी' के नारों के बीच अपना भाषण शुरू किया।

पीएम मोदी ने बताया कि दीपावली को यूनेस्को ने अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर की लिस्ट में शामिल किया है। 'मैत्री पर्व' भारत और ओमान की दोस्ती, साझा इतिहास और अच्छे भविष्य का जश्न मनाता है। उन्होंने प्रवासी भारतीयों को साथ रहने और सहयोग का जीता-जागता उदाहरण बताया। प्रधानमंत्री ने कहा, ÷हम अपने नए माहौल की संस्कृति और रीति-रिवाजों को आसानी से अपना लेते हैं। यहां ओमान में, मैं यह अपने सामने होते हुए देख रहा हूं। प्रवासी भारतीय मिलकर रहने और सहयोग करने का जीता-जागता उदाहरण हैं। हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को हाल ही में सम्मान मिला क्योंकि यूनेस्को ने दीपावली को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत में शामिल किया। अब, दीपावली का 'दीया' सिर्फहमारे घर को ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया को रोशन करेगा। यह दुनियाभर में भारतीयों के लिए गर्व की बात है। दीपावली की यह वैश्विक पहचान हमारी उस रोशनी की पहचान है, जो उम्मीद, मेल-जोल और इंसानियत का संदेश फैलाती है।÷

मैत्री पर्व को लेकर पीएम मोदी ने कहा, ÷आज, हम सब भारत-ओमान मैत्री पर्व मना रहे हैं। मैत्री का मतलब है, एम- समुद्री विरासत, ए- आकांक्षाएं, आई- इनोवेशन, टी- ट्रस्ट और टेक्नोलॉजी, आर- रिस्पेस्ट, आई- इंक्लूसिव ग्रोथ, जिसका मतलब है कि यह मैत्री पर्व हमारे दोनों देशों के बीच दोस्ती, हमारे साझा इतिहास और एक समृद्ध भविष्य का जश्न मनाता है।÷

पीएम मोदी ने कहा कि ओमान में भारतीय स्कूलों की सफलता पूर्व दिवंगत सुल्तान काबूस बिन सईद के समर्थन के बिना मुमकिन नहीं होती। उन्होंने ओमान में रहने वाले भारतीयों की मदद करने और उनकी रक्षा करने के लिए सुल्तान हैथम बिन तारिक को भी धन्यवाद दिया।

भारत और ओमान के बीच हमेशा गहरे और जीवंत रिश्ते रहे हैं

उन्होंने कहा, "भारत और ओमान के बीच हमेशा गहरे और जीवंत रिश्ते रहे हैं। हिंद महासागर की मानसूनी हवाओं ने दोनों देशों के बीच व्यापार को दिशा दी है। हमारे पूर्वज लोथल, मांडवी और ताम्रलिप्ति जैसे बंदरगाहों से लकड़ी की नावें लेकर मस्कट, सुर और सलालाह पहुंचते थे। मुझे खुशी है कि मांडवी से मस्कट तक के इन ऐतिहासिक रिश्तों को हमारी एम्बेसी ने एक किताब में इकट्ठा किया है। मैं चाहूंगा कि आप सभी यह किताब हर व्यक्ति, हर युवा को दें, किताब पढ़ें और अपने ओमानी दोस्तों को भी गिफ्ट करें।"

हर दिन एक नया रंग, हर मौसम एक नया जश्न

उन्होंने कहा, मैं अपने सामने मिनी इंडिया देख रहा हूं। आज, हम यहां एक परिवार की तरह इकट्ठा हुए हैं। आज, हम अपने देश, अपनी टीम इंडिया का जश्न मना रहे हैं। भारत में बहुत अलग-अलग तरह के लोग हैं, और हमारी संस्कृति इसकी ताकत में गहराई से जुड़ी हुई है। हर दिन एक नया रंग, हर मौसम एक नया जश्न, हर परंपरा एक नई सोच लेकर आती है और इसीलिए हम भारतीय चाहे कहीं भी जाएं या रहें, हम हमेशा अलग-अलग तरह की चीजों का सम्मान करते हैं।

लोकसभा में भारी हंगामे के बीच जी राम जी बिल, विपक्ष में फाड़ दी कॉपी

विपक्ष ने फाड़ दी बिल की प्रतियां, स्पीकर नाराज

विपक्ष पीछे नहीं हटा और कई सांसद सदन के मध्य में प्रवेश कर विधेयक के खिलाफविरोध प्रदर्शन करने लगे। उनमें से कुछ ने विधेयक की प्रतियां फाड़ दीं। स्पीकर ओम बिरला ने कहा, "जनता ने आपको यहां कागज फाड़ने के लिए नहीं भेजा है। पूरा देश आपको देख रहा है।"

नई दिल्ली। मनरेगा की जगह लेने वाला जी राम जी विधेयक लोकसभा में भारी हंगामे के बीच आज पारित हो गया। विपक्ष के सदस्य, जो विधेयक को स्थायी समिति के पास भेजना चाहते थे, अध्यक्ष के यह कहने के बाद कि विधेयक पर विस्तार से चर्चा हो चुकी है, सदन के बीच में विरोध प्रदर्शन करने लगे और बिल की प्रतियां फाड़ दिए। अब यह विधेयक राज्यसभा में पेश किया जाएगा।

मनरेगा खत्म होने जा रहा है', प्रदेश की सरकारें बोझ सह नहीं पाएंगी : प्रियंका

'वीबी-जी राम जी' विधेयक लोकसभा से पास हो गया है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने संसद में इसका विरोध किया। गुरुवार को संसद परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए कांग्रेस पार्टी की नेता प्रियंका गांधी ने कहा कि 'वीबी-जी राम जी' विधेयक मनरेगा को खत्म कर देगा। प्रियंका गांधी ने कहा, 卐इसका हम पूरी तरह से विरोध करेंगे, ठोस विरोध करेंगे। इस विषय पर सभी पार्टियां सहमत हैं। इस बिल से मनरेगा खत्म होने जा रहा है, आप किसी भी तरह से इसे देखिए, जो समझदार आदमी है वो जानता है कि 100 दिन से 125 दिन वाली बात चालाकी है। अगर इस बिल को कोई भी पढ़ेगा तो यह साफ़साफसमझ आएगा कि इस बिल से आने वाले महीनों में ये पूरी स्कीम खत्म हो जाएगी।

इसे लेकर स्पीकर ओम बिड़ला नाराज हो गए और उन्होंने कहा, जनता ने आपको कागज फाड़ने और फेंकने के लिए संसद में नहीं भेजा है।

लावारिस कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई टली

नई दिल्ली (आईएएनएस)। लावारिस कुत्तों की देखभाल और उनसे जुड़ी सुरक्षा चिंताओं पर सुप्रीम कोर्ट में चल रही अहम सुनवाई फिलहाल टाल दी गई है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 7 जनवरी 2026 को होगी। अदालत ने स्पष्ट किया है कि सभी आपत्तियों और दलीलों पर उसी दिन विस्तार से विचार किया जाएगा। यह मामला गुरुवार को न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ के समक्ष आया। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अदालत को बताया कि जिस तीन-न्यायाधीशों की विशेष पीठ को इस मामले की सुनवाई करनी थी, वह अब नहीं बैठ रही है, इसलिए सुनवाई को आगे के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

सुनवाई के दौरान कपिल सिब्बल ने आरोप लगाया कि दिल्ली नगर निगम ने लावारिस कुत्तों के प्रबंधन को लेकर ऐसे नियम बना दिए हैं, जो मौजूदा कानूनों और वैधानिक प्रावधानों के खिलाफ हैं। उन्होंने आशंका जताई कि दिसंबर में ही इन नियमों को लागू कर दिया जाएगा और कुत्तों को हटाया जाएगा, जबकि उनके लिए पर्याप्त शेल्टर होम की व्यवस्था नहीं है।

श्रद्धालुओं की स्कॉर्पियो खाई में गिरी, तीन की मौत,पांच घायल

भवाली। पीलीभीत से कैंची धाम दर्शन के लिए जा रही सैलानियों से भरी स्कॉर्पियो भवाली-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग में निगलाट के करीब अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में तीन सैलानियों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। घायलों को पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू कर खाई से निकालकर भवाली सीएचसी ले जाया गया। कोतवाल प्रकाश सिंह मेहरा ने बताया कि हादसे में ऋषि पटेल (7) पुत्र राहुल पटेल निवासी बरेली एयरपोर्ट एयरफोर्स पीलीभीत रोड, इज्जतनगर, स्वाति (20) पुत्री भूपराम, अक्षय (20) पुत्र चंदन सिंह पटेल, ज्योति (25) पत्नी करन निवासी, करन (25) पुत्र जितेंद्र, राहुल पटेल (35) पुत्र भूपराम, गंगा देवी (56) पत्नी भूपराम, बृजेश कुमारी (26) पुत्री राहुल पटेल और नैंसी गंगवार (24) पुत्री जयपाल सिंह को अस्पताल पहुंचाया गया।

भारत की सीमा में घुसीं बांग्लादेशी नौकाएं, तटरक्षक बल ने 35 मछुआरों को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। भारतीय तटरक्षक बल ने बीते दिन भारतीय समुद्री सीमा में अवैध रूप से घुसने के आरोप में 35 बांग्लादेशी मछुआरों को उनकी दो नावों के साथ हिरासत में ले लिया। कल सुबह भारतीय कोस्ट गार्ड ने बंगाल की खाड़ी में दो संदिग्ध नावों को देखा और तुरंत उन्हें पकड़कर फ्रेजरगंज फिशिंग हार्बर ले जाया गया।

कोस्ट गार्ड ने उन्हें फ्रेजरगंज कोस्टल पुलिस स्टेशन में पुलिस को सौंप दिया, जहां उन्हें अवैध रूप से घुसने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। मछुआरों से अभी पूछताछ की जा रही है और उन्हें आज दोपहर काकद्वीप कोर्ट में पेश किया जाएगा। पिछले दो महीनों में, भारतीय कोस्ट गार्ड ने बंगाल की खाड़ी में भारतीय समुद्री सीमा में घुसने के आरोप में कई बांग्लादेशी ट्रॉलरों को पकड़ा है। इस बीच, दोनों ट्रॉलर के नाम 'सबिना-1' और 'रूपोशी सुल्ताना' हैं।

खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

सबसे बुरा दौर बीता, इंडिगो ने 2,200 उड़ानें फिर से शुरू कीं : सीईओ पीटर एल्बर्स

नई दिल्ली(आईएएनएस)। बीते कुछ सप्ताह पहले इंडिगो एयरलाइन में आए भारी संकट के बाद, जिसमें हजारों फ्लाइट्स कैंसिल हो गई थीं और यात्रियों को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था, इंडिगो एयरलाइन के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कर्मचारियों को एक संदेश दिया है। इसमें उन्होंने कर्मचारियों की इस मुश्किल दौर में साथ खड़े रहने के लिए सराहना की है। वीडियो संदेश में उन्होंने कहा, सबसे बुरा दौर बीत चुका है। इंडिगो के कर्मचारियों के रूप में, हम सब एकजुट होकर मजबूती से खड़े रहे, एक-दूसरे के प्रति अटूट समर्थन के साथ मिलकर इस कठिन समय का सामना किया। इसके लिए हमारे सभी पायलटों, केबिन क्रू, एयरपोर्ट स्टाफ ग्राहक सेवा और सहयोग करने वाले सभी विभागों को धन्यवाद। एल्बर्स ने कहा कि एयरलाइन ने गुरुवार को 2,200 उड़ानों को फिर से शुरू कर दिया है। उन्होंने स्वीकार किया कि पिछले दो हफ्ते काफी चुनौतीपूर्ण रहे। उन्होंने कहा कि हमें अब तीन महत्वपूर्ण बातों पर ध्यान देना चाहिए: लचीलापन, समस्या का कारण और पुनर्निर्माण। उन्होंने कहा कि एयरलाइन का मुख्य उद्देश्य अब अपनी संचालन प्रक्रिया को मजबूत बनाना है, ताकि बुरी मौसम की स्थिति और आगामी संकटों के दौरान संचालन स्थिर बना रहे। उन्होंने आगे बताया कि जो समस्याएं सामने आईं, उनका कारण कई कारकों का मिलाजुला प्रभाव लगता है। इसके लिए एक बाहरी विमानन विशेषज्ञ को नियुक्त किया गया है, जो पूरे मामले की जांच करेगा और इसकी जड़ तक पहुंचेगा।

सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट

मुंबई(आईएएनएस)। घरेलू वायदा बाजार में गुरुवार सुबह सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखी गई। यह गिरावट हाल में आई रैली के बाद आई है, जिसमें इन कीमती धातुओं की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाइयों तक पहुंच गई थीं। निवेशकों ने अब प्रॉफिट बुकिंग शुरू कर दी, जिससे इनकी कीमतों में गिरावट देखने को मिली। गोल्ड और सिल्वर की कीमतों पर अमेरिकी डॉलर की हल्की बढ़ोतरी और अमेरिका के महंगाई डाटा के पहले की सतर्कता का असर पड़ा। आज के शुरुआती कारोबार में एमसीएक्स पर फरवरी कॉन्ट्रैक्ट वाला गोल्ड 0.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,34,619 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करते नजर आया।

मेसी मामला: कलकत्ता हाईकोर्ट ने बंगाल सरकार को सोमवार तक रिपोर्ट जमा करने का दिया निर्देश

कोलकाता (आईएएनएस)। कलकत्ता हाईकोर्ट ने लियोनल मेसी के इवेंट के दौरान गुरुवार को साल्ट लेक स्टेडियम में हुई अफरा-तफरी और तोड़फोड़ पर पश्चिम बंगाल सरकार से 22 दिसंबर तक रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। इस मामले में तीन अलग-अलग जनहित याचिकाएं फाइल की गई थीं, जिस पर गुरुवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल और जज पार्थ सारथी सेन की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई शुरू होने के साथ ही राज्य सरकार के वकील ने सुनवाई टालने का अनुरोध किया। डिवीजन बेंच ने अनुरोध मानते हुए राज्य सरकार को 22 दिसंबर तक कोर्ट में मामले पर विस्तृत रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। मामले की सुनवाई भी अब 22 तारीख को होगी। इस मामले में फाइल की गई तीन जनहित याचिकाओं में से एक में, पिटीशनर और सीनियर एडवोकेट बिलवादल भट्टाचार्य ने इवेंट के टिकटों की बिक्री में कथित वित्तीय गड़बड़ियों की पूरी जांच की मांग की, जहां अलग-अलग टिकटों की कीमतें अलग-अलग थीं, जो 3,000 रुपये से लेकर 12,000 रुपये तक थीं। सीनियर वकील सब्यसाची चट्टोपाध्याय की फाइल की गई एक और पीआईएल में, इस मामले की भारत के कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल से जांच की मांग की गई है। चट्टोपाध्याय की पीआईएल में मेसी शो में कुप्रबंधन की जांच के लिए कलकत्ता हाईकोर्ट के एक सेवानिवृत्त जज की अगुवाई में एक कमेटी बनाने को भी चुनौती दी गई है।

'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई(आईएएनएस)। कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज किया गया। इसको लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यह फिल्म क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म में कॉमेडी, रोमांस और इमोशन का पूरा मिश्रण है। ट्रेलर की शुरुआत ही फैंस को अपनी ओर खींच रही है। ट्रेलर की शुरुआत कार्तिक आर्यन के वॉयसओवर से होती है, जिसमें वह कहते हैं, ''कोई कहता है फ्यूचर के बारे में सोचो, तो कोई कहता है पास्ट को देखकर चलो, मैं मानता हूं आज में जियो। यहां, इस पल। सिर्फहम दोनों।'' फिल्म में कार्तिक का किरदार रेहान नामक लड़के का है, जिसे प्यार से 'रे' बुलाते हैं। वह मौज-मस्ती करने वाला और बिंदास लड़का है। कार्तिक अपने कूल अंदाज और सिक्स पैक बॉडी के साथ स्क्रीन पर छा गए। वहीं, अनन्या पांडे भूमि वर्धन के किरदार में हैं, जिनकी एंट्री ट्रेलर में एक ताजगी लेकर आई। दोनों की पहली मुलाकात एयरपोर्ट पर होती है और यहीं से उनके बीच की नोक-झोंक, दोस्ती और रोमांस की शुरुआत होती है। ट्रेलर में कार्तिक और अनन्या की केमिस्ट्री काफी क्यूट है। उनकी बातचीत, छोटी-छोटी नोक-झोंक और हल्की-फुल्की शरारतें दर्शकों को उनके किरदारों से बांधकर रखती हैं।

अमिताभ बच्चन मजेदार अंदाज में बताई फिल्म रिलीज की तारीख

मुंबई (आईएएनएस)। अगस्त्य नंदा, जयदीप अहलावत और दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की अपकमिंग फिल्म 'इक्कीस' की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। अमिताभ बच्चन ने अपने नाती अगस्त्य नंदा की फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान अनोखे अंदाज में किया है। पहले फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब 1 जनवरी 2026 को रिलीज की जाएगी। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'इक्कीस' पहले पच्चीस (25) को थी, अब होगी छब्बीस ('26), पहली (1) को। कुछ ज्योतिष विद्या वाले कहें, 'भाई, शगुन है अच्छा, चले चलो, बस चले चलो।' फोटो में अभिनेता हाथ में 'इक्कीस' की टी-शर्ट लिए अपने फैंस के सामने खड़े हैं और फिल्म का जमकर प्रमोशन भी कर रहे हैं। फिल्म 1 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में आएगी।

साय सरकार के दो साल

जल संसाधन विभाग ने सिंचाई क्षमता में की 25 हजार हेक्टेयर की वृद्धि

रायपुर /नवप्रदेश। विष्णु देव साय सरकार का बीते दो साल का कार्यकाल जल संसाधन विभाग के लिए उपलब्धियों से भरा रहा. इस अवधि में जहां सिंचाई क्षमता में 25,000 हेक्टेयर की वृद्धि के साथ कुल सिंचाई क्षमता 21.76 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गई है. यही नहीं 14 नई बड़ी सिंचाई परियोजनाओं को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे 1 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त क्षमता में वृद्धि होगी। इस तरह से 2047 तक जल भंडारण क्षमता 7,900 एमसीएम से बढ़ाकर 16,000 एमसीएम करने का लक्ष्य रखा गया है।

जल संसाधन विभाग के दो साल की उपलब्धियों की सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभाग का मूल दायित्व केवल प्रदेश में सिंचाई क्षमता का विकास करना ही नहीं, बल्कि बहुमूल्य जल संसाधनों का संरक्षण, संवर्धन एवं नवीन योजनाओं का सर्वेक्षण, निर्माण एवं निर्मित संसाधनों का रख-रखाव करना भी है. इसके साथ बाढ़ नियंत्रण की योजनाएं बनाना एवं जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न परिस्थितियों का आकलन कर जल संवर्धन योजनाएं प्रस्तावित करना भी शामिल है।

पिछले दो वर्षों में जल संसाधन विभाग की उपलब्धियों में सिंचाई क्षमता में 25,000 हेक्टेयर की वृद्धि और राष्ट्रीय स्तर पर जल संरक्षण के लिए विभिन्न अभियान और पुरस्कार शामिल हैं. ये उपलब्धियां जल संरक्षण, संचयन और बेहतर जल प्रबंधन के प्रति सरकार के प्रयासों को दर्शाती हैं।

दो साल की बड़ी उपलब्धियां

सिंचाई क्षमता में वृद्धि:

छत्तीसगढ़ जल संसाधन विभाग ने पिछले दो वर्षों में सिंचाई क्षमता में 25,000 हेक्टेयर की वृद्धि हासिल की है, जिससे कुल विकसित सिंचाई क्षमता 21,76,000 हेक्टेयर हो गई है।

जल संचयन और संरक्षण:

जल शक्ति अभियान कैच द रेन के तहत केंद्र शासन द्वारा जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार शुरू किए गए हैं, जो समुदाय संचालित जल संरक्षण प्रयासों को सम्मानित करते हैं। जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर छठे राष्ट्रीय जल संचय जन भागीदारी श्रेणी में छत्तीसगढ़ को उत्कृष्ट राज्य शासन द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है. वहीं नगरीय निकाय श्रेणी में रायपुर नगर निगम को प्रथम स्थान मिला. इसके अलावा पूर्व जोन के जिलों में विभिन्न श्रेणियों में बालोद, राजनांदगांव, रायपुर, महासमुंद, बलौदाबाजार, गरियाबंद, बिलासपुर एवं रायगढ़ को भी जल संचय जन भागीदारी अवार्ड से सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिताएं: जल संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए जल संरक्षण 2.0 पर सफलता की महाती जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियां

राज्य में 73,601 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार/पुनर्स्थापन हेतु 477 योजनाओं के लिए ?1874.87 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई. विशेष केंद्रीय सहायता के तहत राज्य गठन (2000) के बाद प्रथम बार विगत वर्ष ?896 करोड़ की केंद्रीय सहायता प्राप्त कर कार्य कराया गया. आवर्धन जल प्रदाय योजना/जल जीवन मिशन/अमृत मिशन के अंतर्गत 18 औद्योगिक संस्थानों को 12.80 मिलियन घन मीटर एवं पेयजल हेतु 43.30 मिलियन घन मीटर वार्षिक जल आवंटित किया गया।

यही नहीं वर्ष 2024-25 में खरीफ एवं रबी सिंचाई हेतु 16,53,933 हेक्टेयर लक्ष्य के विरुद्ध 14,52,477 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की गई, जो लक्ष्य का 87.82त्न है. वित्तीय वर्ष 2024-25 में सिंचाई योजनाओं हेतु अधिग्रहित भूमि के वर्षों से लंबित मुआवजा भुगतान के लिए ?400 करोड़ से अधिक तथा वन भूमि मुआवजा भुगतान हेतु 100 करोड़ से अधिक राशि का भुगतान किया गया, जिससे वन प्रभावित सिंचाई योजनाओं के निर्माण में गति आई है।

बस्तर अंचल में सिंचाई संसाधनों के विकास हेतु जगदलपुर में मुख्य अभियंता कार्यालय के लिए 36 पदों की स्वीकृति प्राप्त कर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा 15.04.2025 को कार्यालय का शुभारंभ किया गया. विभाग में 83 सहायक अभियंताओं की नियुक्ति की गई. इसके अलावा बांध सुरक्षा पुनर्वास परियोजना के अंतर्गत 3 वर्षों से लंबित 9 बांधों के सुदृढ़ीकरण हेतु ?536 करोड़ के कार्यों की सहमति प्रदान की गई।

14 नई बड़ी सिंचाई परियोजनाओं को मिली स्वीकृति

आगामी 3 वर्षों की संभावित कार्य योजना

आने वाले समय में राज्य की बढ़ती पेयजल एवं सिंचाई आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नई परियोजनाओं का सर्वेक्षण, रूपांकन एवं क्रियान्वयन किया जा रहा है. व्यर्थ बह जाने वाले वर्षा जल का उपयोग जल-अभाव वाले क्षेत्रों में करने तथा नदियों को जोड़ने की योजनाएं प्रस्तावित हैं। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में परियोजना मंडल की 33वीं बैठक में 14 नई बड़ी सिंचाई परियोजनाओं को सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई है, जिनसे प्रदेश में लगभग 1,00,000 हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचाई क्षमता विकसित होगी।

प्रस्तावित 14 परियोजनाएं

- बस्तर -देऊरगांव बैराज सह उठाव सिंचाई परियोजना
- दुर्ग - सहगांव उठाव सिंचाई परियोजना
- बस्तर -मटनार बैराज सह उठाव सिंचाई परियोजना
- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई - लमती फीडर जलाशय
- रायपुर - महानदी पर मोहमला-सिरपुर बैराज
- राजनांदगांव -चौकी एनीकट से मोहारा एनीकट पाइपलाइन
- रायपुर -समोदा बैराज से कुंभारिया जलाशय तक पाइपलाइन जशपुर - मनी नदी पर बगिया बैराज
- बिलासपुर - अहरन से गाजरी नाला जल संवर्धन कार्य
- जांजगीर-चांपा - परसाही उठाव सिंचाई परियोजना
- बिलासपुर -छपराटोला फीडर जलाशय
- कोरबा -मड़वारानी बैराज
- बिलासपुर -खारंग जलाशय दायां तट नहर आवर्धन
- गरियाबंद - सिकासार से कोडार जलाशय लिंक नहर

इसके अतिरिक्त बोधघाट बहुद्देशीय परियोजना एवं कोवई-हसदेव नदी लिंक परियोजना का सर्वेक्षण कार्य प्रगति पर है।

कुनकुरी में जल संसाधन विभाग के नए अनुविभागीय कार्यालय (विद्युत/यांत्रिकी) की स्थापना की गई, जिससे लघु सिंचाई योजनाओं के संचालन एवं संधारण में सुविधा होगी। जशपुर जिले में आदिवासी बहुल क्षेत्र में सिंचाई संसाधनों को गति देने हेतु 22.10.2024 को कुनकुरी में पृथक कार्यपालन अभियंता कार्यालय प्रारंभ किया गया. विभाग के अंतर्गत वर्षों से लंबित 115 सिंचाई योजनाओं (76,094 हेक्टेयर क्षमता) को अटल सिंचाई योजना के अंतर्गत चरणबद्ध रूप से पूर्ण किया जा रहा है।

मयाली बांध (जशपुर) में 22.10.2024 को पर्यटन एवं नौकायन सुविधाओं का लोकार्पण किया गया. गंगरेल बांध (धमतरी) में 05ङ्क06 अक्टूबर 2024 को जल जागर महोत्सव÷ का आयोजन किया गया. जिला बेमेतरा को जल निकायों के पुनरोद्धार श्रेणी में जल परिवर्तनशीलता वैश्विक पुरस्कार 2024 प्राप्त हुआ. उदयपुर (राजस्थान) में आयोजित द्वितीय अखिल भारतीय राज्य जल मंत्री सम्मेलन 2025 में छत्तीसगढ़ के जनभागीदारी आधारित जल संचयन प्रयासों की सराहना हुई।

विधानसभा में वंदे मातरम पर चर्चा

सार्वजनिक रूप से जोड़ता है वंदे मातरम : मुख्यमंत्री साय

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में वंदे मातरम पर चर्चा हो रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, जो समाज इतिहास से समझ नहीं लेता उसका भविष्य बर्बाद हो जाता है। इस अवसर पर सभी महापुरुष को याद करता हूं। वंदे मातरम चेतना से जोड़ता है, सार्वजनिक रूप से जोड़ता है। राष्ट्रगीत की 150वीं जयंती पर विशेष चर्चा के लिए धन्यवाद देते हुए सीएम ने कहा, गौरवगाथा का वर्णन करने हर देशवासी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने संसद में इस विषय पर चर्चा कराने के लिए पीएम मोदी का आभार जताया।

सीएम साय ने कहा, शहीद इस गीत के साथ फांसी को स्वीकार कर लेते थे। कांग्रेस को तुष्टिकरण करना था। तत्कालीन सरकार ने इस गीत का तुष्टिकरण कर तोड़ मरोड़ कर इस्तेमाल किया। जन्मभूमि की प्रशंसा के लिए राष्ट्रगीत के कुछ अंश ही लिए गए, क्योंकि कुछ मुस्लिम लोग को इस बात से दिक्कत थी।

ठिठुरन भरी ठंड से बचने लोग अलाव का ले रहे सहारा

कोरबा/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने सभी जोन के प्रमुख चौक-चैराहों, अधिक आवाजाही वाले स्थानों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड आदि सहित अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाए जा रहे हैं, लगातार बढ़ रही ठिठुरन भरी ठंड के इस मौसम में निगम के अलाव लोगों को ठंड से बचने हेतु सहारा बन रहे हैं।

बढ़ती ठंड को देखते हुए महापौर संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय द्वारा राहगीरों, नागरिकों को अलाव सुविधा उपलब्ध कराने के मद्देनजर निगम क्षेत्र के विभिन्न चौक-चैराहों, सार्वजनिक स्थानों तथा ज्यादा आवाजाही वाले स्थलों में रात्रि के समय अलाव जलाए जाने के निर्देश निगम के जोन अधिकारियों को दिए गए थे, जिसके तहत निगम द्वारा कोरबा शहर तथा उसके उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न चौक-चैराहों व सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैण्ड रेलवे स्टेशन आदि में विगत 15 दिनों से शाम होते ही प्रतिदिन अलाव जलाए जा रहे हैं, ठंड से बचने के लिए लोग इन अलावों का सहारा ले रहे हैं। इन स्थानों पर जलाए जा रहे अलाव- नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा रेलवे स्टेशन कोरबा, पुराना बस स्टैण्ड, चिमनीभटठा, टी.पी.नगर चैक, नया बस स्टैण्ड, स्टेडियम गेट चौक सहित अन्य स्थानों में अलाव जलाए जा रहे हैं।

पिछले 24 घंटे में 2 युवकों की हत्या

खरोरा में ढाबे के बाहर चाकू से हमला, तिल्दा में मिली लाश

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में 24 घंटे में दो युवकों की हत्या हुई है। खरोरा थाना इलाके में बाइक पर सवार 3 युवकों ने मोबाइल लूट करने की नीयत से एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। जबकि तिल्दा थाना इलाके में एक युवक की खून से सनी लाश मलबे के ढेर में मिली है।

पहली घटना: खरोरा-रायपुर मेन रोड पर ग्राम बरौंडा स्थित किंग ढाबा एंड रेस्टोरेंट के सामने बुधवार रात करीब 11:30 बजे तीन अज्ञात युवक ऑरेंज रंग की चङ्मरू बाइक से पहुंचे। लूट की नीयत से हमला कर दिया। बदमाशों ने पहले बलौदाबाजार का रास्ता पूछने के बहाने बात की, फिर अचानक चाकू निकालकर लूटपाट शुरू कर दी। इस दौरान ढाबे के बाहर बैठे शिवकुमार साहू का मोबाइल छीन लिया।

एसएसपी समेत क्राइम ब्रांच मौके पर पहुंची

घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह, एएसपी ग्रामीण, एएसपी क्राइम, एसीसीयू प्रभारी सचिन सिंह समेत क्राइम ब्रांच और एफएसएल की टीमें मौके पर पहुंची। पुलिस ने लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और फरार आरोपियों की तलाश में रायपुर सहित आसपास के इलाकों में नाकेबंदी कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर बदमाशों की पहचान की जा रही है।

हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा

दूसरी घटना: तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक युवक की खून से सनी लाश मिली है। मृतक की पहचान नेवरा निवासी ललित यादव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुबह जब लोग अपने घरों से बाहर निकले तो रेत के ढेर पर खून से लथपथ शव देखकर दंग रह गए। मौके पर देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई और तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस, क्राइम ब्रांच और फोरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची। मृतक के शरीर पर गहरे चोट और चाकू के निशान पाए गए हैं। जिससे आशंका है कि उसकी हत्या की गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आसपास के इलाकों में पूछताछ और जांच शुरू कर दी है। फिलहाल हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

जगदलपुर के तारागांव में सड़क हादसा

दर्शनार्थियों से भरी बस पेड़ से टकराई, एक की मौत

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। भानपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम तारागांव के पास दर्शनार्थियों को ले जा रही एक बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। इस दुर्घटना में राजनांदगांव निवासी तामेश्वर साहू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बस में सवार कई अन्य यात्री घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार, बस दुर्ग से करीब 30 से अधिक दर्शनार्थियों को लेकर तिरुपति की ओर जा रही थी। सुबह लगभग 5 से 6 बजे के बीच जैसे ही बस तारागांव के पास पहुंची, चालक को झपकी आ गई, जिससे बस का संतुलन बिगड़ गया और यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही भानपुरी थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है।

ई-मार्केटप्लस डिजिटलखरीद को नई गति देगा

- **आज सर्किट हाउस में किया जाएगा समिट का आयोजन**

रायपुर/नवप्रदेश। डिजिटल सार्वजनिक खरीद व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, प्रतिस्पर्धी और समावेशी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस द्वारा छत्तीसगढ़ के खरीदारों एवं विक्रेताओं के लिए जेम एक्सीलेंस समिट 2025 का आयोजन शुक्रवार 19 दिसंबर को लोक निर्माण विभाग न्यू सर्किट हाउस, सिविल लाईन्स, रायपुर में किया जाएगा। यह समिट राज्य में डिजिटल गवर्नेंस को सुदृढ़ करने और सार्वजनिक खरीद प्रणाली की दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक अहम मील का पत्थर सिद्ध होगा।

इस समिट का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय विभागों में डिजिटल सार्वजनिक खरीद की क्षमताओं को सशक्त करना तथा खरीदार संगठनों को जेम के ईकोसिस्टम, प्रमुख सुविधाओं और कार्यप्रणाली (वर्कफ़्लो) के प्रभावी उपयोग के लिए सक्षम बनाना है। कार्यक्रम के दौरान जेम प्लेटफ ॉर्म पर उपलब्ध नवीन सुविधाओं, प्रक्रियागत सुधारों और पारदर्शी खरीद तंत्र की विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी।

समिट में राज्य के विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं के लिए उपलब्ध व्यापक अवसरों पर विशेष प्रकाश डाला जाएगा। इसके माध्यम से स्थानीय इकाइयाँ, सूक्ष्म एवं लघु उद्यम, स्टार्टअप्स, कारीगर, महिला उद्यमी तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति उद्यमी एक ही डिजिटल प्लेटफ ॉर्म के जरिए राज्य और राष्ट्रीय स्तर के खरीदार संगठनों तक सरल, पारदर्शी और निर्बाध पहुँच बना सकेंगे। हाल ही में गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस द्वारा काशन मनी की समाप्ति और वेंडर असेसमेंट शुल्क में कमी जैसे सुधारों से छोटे उद्यमियों की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इन पहलों ने सार्वजनिक खरीद प्रक्रिया को पहले की तुलना में अधिक सुलभ, पारदर्शी और अवसर सृजन करने वाला बनाया है, जो विकसित भारत 2047 और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है।

3° तक गिरेगा तापमान; हाइपोथर्मिया के मरीज बढ़े

अमरकंटक में ओस की बूंदें जमीं, अगले 4 दिन ठंड और बढ़ेगी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के उत्तरी हिस्से में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। छत्तीसगढ़ से सटे अमरकंटक में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री तक पहुंच गया है। यहां ओस की बूंदें जमकर बर्फ बन गई और हर तरफ बर्फ की चादर बिछी नजर आई। रामघाट, माई की बगिया, श्रीयंत्र मंदिर के पास भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला।

मौसम विभाग की माने तो आज से अगले चार दिनों में ठंड और बढ़ेगी। 2 से 3 डिग्री तक तापमान गिर सकता है। तापमान की बात करें तो पिछले 24 घंटों में प्रदेश में सबसे अधिक तापमान 31.0 डिग्री सेल्सियस राजनांदगांव में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 6.3 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में रिकॉर्ड किया गया।

कड़ाके की ठंड का असर बच्चों की सेहत पर भी पड़ रहा है। बीते एक महीने में अंबेडकर समेत निजी अस्पतालों में हाइपोथर्मिया के 400 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं।

क्यों ज्यादा बीमार पड़ रहे बच्चे?- बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञों के मुताबिक, बच्चों का शरीर वयस्कों की तुलना में जल्दी ठंडा होता है। नवजातों की मांसपेशियां कम विकसित होती हैं, जिससे वे ठंड सहन नहीं कर पाते। वहीं, सीजेरियन डिलीवरी से जन्मे शिशुओं में हाइपोथर्मिया का खतरा और बढ़ जाता है।

NICU और SNCU तक पहुंच रहे मामले- डॉक्टरों के अनुसार, पर्याप्त सावधानी नहीं बरतने पर बच्चों को एनआईसीयू और एसएनसीयू में भर्ती कर इलाज करना पड़ रहा है। नवजात का शरीर अचानक ठंडा पड़ जाना या तापमान सामान्य से कम हो जाना हाइपोथर्मिया का प्रमुख लक्षण है।

दिन-रात के तापमान में अंतर, लोग बीमार

रायपुर में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 12.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.8 डिग्री कम है। वहीं अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री रहा। दिन और रात के तापमान में करीब 17 डिग्री का अंतर लोगों को बीमार कर रहा है। इसका असर सिर्फ बच्चों पर ही नहीं, बल्कि युवा और बुजुर्गों पर भी दिखने लगा है।

ओपीडी में मरीजों की भीड़

ठंड के चलते अस्पतालों की ओपीडी में वायरल फीवर, सर्दी-खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। अंबेडकर अस्पताल में मेडिसिन, पीडियाट्रिक और चेस्ट विभाग में 600 से ज्यादा मरीज सामने आए हैं। रोजाना 2000 से अधिक मरीजों का इलाज ओपीडी में किया जा रहा है।

क्या है हाइपोथर्मिया?

हाइपोथर्मिया एक लाइफ थ्रेटनिंग इमरजेंसी स्थिति है। इसमें शरीर का सामान्य तापमान 98.6 फॉरेनहाइट (37 डिग्री सेल्सियस) से नीचे चला जाता है। तापमान गिरने पर शरीर सामान्य रूप से काम नहीं कर पाता और धीरे-धीरे उसके अहम अंगों की कार्यक्षमता प्रभावित होने लगती है। पीडियाट्रिशियन डॉ. आकाश लालवानी के अनुसार, ठंड के मौसम में शरीर हवा या पानी के संपर्क में आकर तेजी से अपनी गर्मी खो देता है। शरीर की लगभग 90 फीसदी गर्मी त्वचा और सांस के जरिए बाहर निकलती है। ठंडी हवा या नमी के संपर्क में आने पर यह प्रक्रिया और तेज हो जाती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com